इंटरनेट पर देखें
www.dainikdawa.com

संस्कारधानी से प्रकाशित मध्यभारत व छत्तीसगढ़ अंचल का सर्वप्रसारित लोकप्रिय हिंदी समाचार पत्र

भारत सरकार व छत्तीसगढ़ शासन से विज्ञापन के लिए अधिकृत

दैनिक प्रातः संस्करण

" यो आत्मानं वेत्ति, सर्वं स वेत्ति "।।

आर.एन.आई.नं. 58841/93
डाक पंजीयन छ.ग./दुर्ग/14/2024-26

# दावा

सम्पादक - दीपक भाई बुद्धदेव

वर्ष- 45 | अंक - 281 | राजनांदगांव, रविवार 30 अगस्त 2026 | पृष्ठ - 8 | मूल्य - 4.00 रुपए




## ताशकंद में पीएम मोदीः प्रधानमंत्री ने यांगी उज्बेकिस्तान पार्क में अर्पित की पुष्पांजलि, राष्ट्रपति शौकत भी रहे साथ

ताशकंद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद पहुंच गए हैं। ताशकंद पहुंचने पर पीएम मोदी का उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव ने एयरपोर्ट पर गर्मजोशी से स्वागत किया। दोनों नेताओं की मुलाकात के दौरान भारत और उज्बेकिस्तान के बीच मजबूत होते संबंधों की झलक भी देखने को मिली। अपनी यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव के साथ प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता करेंगे। दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत करने के उद्देश्य से यह बैठक अहम मानी जा रही है।

### प्रधानमंत्री मोदी ने यांगी उज्बेकिस्तान पार्क में अर्पित की पुष्पांजलि

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को उज्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में यांगी उज्बेकिस्तान पार्क पहुंचकर पुष्पांजलि अर्पित की। इस दौरान उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति शौकत मिर्जियोयेव भी उनके साथ मौजूद रहे। यांगी उज्बेकिस्तान पार्क देश के प्रमुख और बड़े सार्वजनिक पार्कों में शामिल है। इसका उद्घाटन 31 अगस्त 2021 को उज्बेकिस्तान की स्वतंत्रता की 30वीं वर्षगांठ के मौके पर किया गया था।



### किन मुद्दों पर होगी दोनों नेताओं के बीच चर्चा?

प्रधानमंत्री मोदी और राष्ट्रपति मिर्जियोयेव व्यापार एवं निवेश, रक्षा, डिजिटल कनेक्टिविटी, ऊर्जा, शिक्षा और दोनों देशों के लोगों के बीच संपर्क समेत कई क्षेत्रों में सहयोग की समीक्षा करेंगे। दोनों नेता इन क्षेत्रों में अब तक हुई प्रगति पर चर्चा करने के साथ-साथ आगे की दिशा और प्राथमिकताएं भी तय करेंगे। बैठक का मुख्य उद्देश्य भारत और उज्बेकिस्तान के बीच रणनीतिक साझेदारी को और व्यापक एवं मजबूत बनाना है। दोनों पक्ष विभिन्न क्षेत्रों में सहयोग को आगे बढ़ाने और भविष्य के लिए साझा एजेंडा तय करने पर विचार करेंगे।

### ताशकंद जाने से पहले पीएम मोदी ने उज्बेक छात्रों की तारीफ की

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी शनिवार को उज्बेकिस्तान की राजकीय यात्रा के लिए रवाना होने से पहले उज्बेकिस्तान के कुछ युवा छात्रों का एक वीडियो साझा किया, जिसमें छात्रों ने हिंदी में उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पीएम मोदी ने छात्रों के उत्साह और हिंदी बोलने के अंदाज की सराहना करते हुए कहा कि यह देखकर उन्हें बेहद खुशी हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर वीडियो साझा करते हुए लिखा कि उज्बेकिस्तान के उनके युवा मित्रों ने जिस उत्साह के साथ उनका स्वागत किया, वह खास है। उन्होंने कहा कि सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि छात्रों ने हिंदी में यह संदेश दिया और उसे बहुत अच्छी तरह से पेश किया। वीडियो में ताशकंद के कई छात्र बारी-बारी से प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते नजर आए। छात्रों ने भारत की संस्कृति के प्रति अपनी रुचि और दोनों देशों के बीच लंबे समय से चले आ रहे संबंधों का भी जिक्र किया। एक छात्र ने हिंदी में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करते हुए कहा, आदरणीय (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राहुल गांधी ने प्रोजेक्टर पर खड़गे का भाषण दिखायाः कहा- हल्द्वानी में उनकी सभा के बाद मंच का शुद्धीकरण हुआ

नई दिल्ली। राहुल गांधी दिल्ली स्थित कांग्रेस मुख्यालय में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रोजेक्टर पर कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे का भाषण दिखाया। राहुल ने कहा कि उत्तराखंड के हल्द्वानी में उनके भाषण के बाद मंच का शुद्धीकरण किया गया। प्रधानमंत्री दोषियों पर एक्शन लें। दलितों पर सदियों से अत्याचार हो रहा है। देश में दो विचारधाराओं के बीच लड़ाई है।



**प्रधानमंत्री दोषियों पर एक्शन लें**

### हर जगह दलितों का अपमान

हजारों साल से इस देश में दलितों पर अत्याचार, हिंसा की गई है। संविधान में यह गैरकानूनी है। लेकिन आज भी स्कूल में दलित बच्चों से टॉयलेट साफ कराया जाता है। झाड़ू-पोछा लगवाया जाता है। यह हिंदुस्तान की रियलिटी है। कई गांवों में उन्हें सार्वजनिक कुएं से पानी नहीं लेने दिया जाता, इसलिए अलग कुआं खोदना पड़ता है। चाय की दुकानों पर अलग-अलग कप रखे जाते हैं- दलितों के लिए अलग, बाकी लोगों के लिए अलग। शादी जैसे खुशी के मौके पर भी दलित दूल्हों को घोड़ी पर बैठने से रोका जाता है। कई बार पत्थरबाजी और मारपीट तक होती है। कुछ लोग सुरक्षा के लिए हेलमेट पहनकर बारात निकालते हैं। यह सिर्फ गांवों की नहीं, उत्तर प्रदेश और उत्तर भारत के कई हिस्सों की हकीकत है।

### जितनी बुलंद आवाज, उतना तेज हमला

राहुल गांधी ने कहा कि जब राजस्थान में कांग्रेस के CLP टीकाराम जूली मंदिर जाते हैं, तो बीजेपी और आरएसएस के लोग उस मंदिर का शुद्धीकरण करवाते हैं। कांग्रेस अध्यक्ष खड़गे हल्द्वानी के रामलीला मैदान में भाषण देने गए, तो वहां भी शुद्धीकरण किया गया। उनकी ही पार्टी के नेता और बिहार के मुख्यमंत्री रहे जीतन राम मांझी जी जब एक मंदिर में गए, तो मंदिर का शुद्धीकरण किया गया। 8 अगस्त को खड़गे की हल्द्वानी के रामलीला मैदान में रैली हुई दो दिन बाद 10 अगस्त को बीजेपी और आरएसएस के कार्यकर्ताओं ने हवन कर मंच का शुद्धीकरण किया। खड़गे ने 13 अगस्त को संसद में इस घटना का जिक्र करते हुए इसे (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## डोनाल्ड ट्रंप का ऐलानः वेनेजुएला के साथ दुनिया की सबसे बड़ी ऑयल डील; 65 अरब बैरल क्रूड रिजर्व पर होगा नियंत्रण

नई दिल्ली। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शुक्रवार (स्थानीय समयानुसार) को एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए वेनेजुएला के साथ दुनिया की अब तक की सबसे बड़ी ऑयल डील होने का दावा किया है। इस समझौते के तहत अमेरिका वेनेजुएला के 65 अरब बैरल कच्चे तेल के भंडार का नियंत्रण अपने हाथ में लेगा। यह घटनाक्रम वेनेजुएला की तत्कालीन निकोलस मादुरो सरकार के अमेरिकी बलों द्वारा तख्तापलट किए जाने के कुछ महीनों बाद सामने आया है।



80 वर्षीय रिपब्लिकन नेता ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म ट्रूथ सोशल पर जानकारी दी कि देश के विदेश मंत्री मार्को रुबियो और युद्ध मंत्री पीट हेगसेथ, वेनेजुएला की राष्ट्रपति डेल्सी रोड्रिग्ज के साथ इस समझौते को अमलीजामा पहनाने के लिए बेहद करीब से काम कर रहे हैं। ट्रंप का मानना है कि यह सौदा दोनों देशों के बीच पहले से मजबूत हो रहे संबंधों को और अधिक ऊंचाई पर ले जाएगा।

### अमेरिकी तेल रिजर्व हुआ दोगुना, घरेलू गैस कीमतों में आएगी भारी गिरावट

अपने सोशल मीडिया पोस्ट में ट्रंप ने इस समझौते के फायदों को गिनाते हुए लिखा, यह ऐतिहासिक सौदा अमेरिकी तेल भंडार को दोगुने से ज्यादा कर देता है, हमारी तेल आपूर्ति को काफी हद तक बढ़ाता है और भविष्य में सभी अमेरिकियों के लिए गैस की कीमतों में भारी कमी लाएगा। इसके साथ ही यह वेनेजुएला को जबरदस्त सफलता औरार बड़ी समृद्धि की राह पर आगे बढ़ाने में मदद करेगा। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने जोर देकर कहा कि वेनेजुएला के साथ हुआ यह करार इतिहास का सबसे बड़ा तेल समझौता है। वेनेजुएला के पास दुनिया के सबसे बड़े तेल भंडारों में से एक मौजूद है। अमेरिकी ऊर्जा सूचना प्रशासन के अनुमान के मुताबिक, इस दक्षिण अमेरिकी देश के पास लगभग 303 अरब बैरल कच्चा तेल है, जो दुनिया की कुल आपूर्ति का लगभग 17 प्रतिशत (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## 141 लाख टन धान खरीदा, 68 हजार टन का हिसाब गायब! दीपक बैज ने सरकार पर लगाए गंभीर आरोप

रायपुर। छत्तीसगढ़ में खरीफ सीजन 2025-26 में न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदे गए धान के हिसाब में बड़ी कमी सामने आई है। प्रदेश की धान उपार्जन सोसाइटियों में कुल 68,491 टन धान शॉर्टेज पाया गया है। धान की इस कमी को लेकर कांग्रेस ने राज्य सरकार पर गंभीर सवाल उठाए हैं। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने इसे बड़े भ्रष्टाचार का मामला बताते हुए व्यापक जांच की मांग की है।

### 141 लाख मीट्रिक टन धान खरीदा गया था

पिछले खरीफ सीजन में प्रदेश में करीब 141 लाख मीट्रिक टन धान की खरीदी की गई थी। राज्य में कुल 2740 धान खरीदी केंद्र हैं। इनमें से 2634 केंद्रों में धान का लेखा मिलान पूरा हो चुका है। इसी मिलान के दौरान बड़ी मात्रा में धान कम पाया गया। विभाग के मुताबिक धान में कमी सूखत या किसी अन्य वजह से धान की बर्बादी के कारण हो सकती है। जिन सोसाइटियों में शॉर्टेज सामने आया है, वहां के धान खरीदी प्रभारी या प्रबंधक को कम हुए धान की मात्रा जमा करनी होगी या उसकी कीमत चुकानी होगी। ऐसा नहीं करने पर संबंधित लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जा सकती है।



### कांकेर में सबसे ज्यादा 13,436 टन शॉर्टेज

33 जिलों के आंकड़ों में कांकेर में सबसे अधिक 13,436 टन धान शेष पाया गया है। इसके बाद राजनांदगांव में 4,825 टन, बस्तर में 4,739 टन, गरियाबंद में 4,424 टन और बालोद में 4,248 टन धान की कमी दर्ज की गई है। वहीं मोहला-मानपुर-अंबागढ़ चौकी में 3,906 टन, कवर्धा में 3,838 टन और खैरागढ़-छुईखदान-गंडई में 3,467 टन शॉर्टेज सामने आया है।

### कई जिलों में शॉर्टेज कुछ सौ टन तक

सबसे कम शॉर्टेज वाले जिलों में सक्ती में 483 टन, सूरजपुर में 486 टन, जांजगीर-चांपा में 471 टन, गौरेला-पेंड्रा-मरवाही में 566 टन और सारंगढ़-बिलाईगढ़ में 314 टन कमी दर्ज की गई है। बलौदाबाजार में 292 टन, बिलासपुर में 214 टन, रायपुर में 210 टन और एमसीबी में 231 टन शॉर्टेज पाया गया है। सरगुजा में यह आंकड़ा 1,151 टन है।

### 7 जिलों में शॉर्टेज शून्य

प्रदेश के 33 जिलों में से 7 जिलों में धान का शॉर्टेज शून्य बताया गया है। वहीं 26 जिलों में किसी न किसी स्तर पर धान की कमी दर्ज की गई है। विभाग के आंकड़ों के मुताबिक कुछ जिलों में यह कमी ज्यादा है, जबकि अधिकांश जिलों में शॉर्टेज कुछ सौ से लेकर कुछ हजार टन तक सीमित है। (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## राज्य खेल अलंकरण समारोहः ज्ञानेश्वरी को मिला 30 लाख और डीएसपी का पद, सीएम साय बोले- ओलंपिक के लिए तैयार होंगे खिलाड़ी







रायपुर। राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर आयोजित राज्य खेल अलंकरण समारोह-2026 में छत्तीसगढ़ के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। इस दौरान खिलाड़ियों को कुल 1 करोड़ 74 लाख 19 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। राष्ट्रीय खेल दिवस हॉकी के महान खिलाड़ी मेजर ध्यानचंद की जयंती के अवसर पर मनाया जाता है। अंतर्राष्ट्रीय वॉलीबॉल खिलाड़ी महेंद्र धुर्वे को खेल क्षेत्र में राजकीय सम्मान शहीद कौशल यादव पुरस्कार राज्य शासन का विशिष्ट पुरस्कार मिला। समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने मेजर ध्यानचंद को नमन करते हुए प्रदेश के सभी खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दीं।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि पिछले कुछ वर्षों में राज्य खेल अलंकरण समारोह बंद हो गए थे, लेकिन उनकी सरकार ने इसे फिर से शुरू किया है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में खेलों को बढ़ावा देने और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर देने के लिए लगातार काम कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार पिछले दो वर्षों से बस्तर ओलंपिक का आयोजन कर रही है। इसके अलावा खेलो इंडिया राष्ट्रीय ट्राइबल गेम्स का भी सफल आयोजन प्रदेश में हुआ है। सरकार का प्रयास है कि प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को लगातार तराशा जाए और उन्हें राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर आगे बढ़ने का अवसर मिले।

मुख्यमंत्री ने हाल ही में एशियन गेम्स में प्रदेश का नाम रोशन करने वाली खिलाड़ी ज्ञानेश्वरी यादव की उपलब्धि का भी उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि ज्ञानेश्वरी यादव को 30 लाख रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जा रही है। साथ ही उन्हें DSP पद पर पदोन्नति देने की प्रक्रिया भी की जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों की उपलब्धियां राज्य के लिए गौरव का विषय हैं और सरकार ऐसे खिलाड़ियों को हरसंभव सहयोग देने के लिए प्रतिबद्ध है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर प्रदेश के सभी खिलाड़ियों (शेष पृष्ठ 6 पर...)

गुणवत्ताहीन की समस्या हल करने सरकार का राष्ट्रव्यापी अभियान

## पेट्रोल में मिलावटः 2,573 पेट्रोल पंपों में बेचने पर प्रतिबंध लगाया

नई दिल्ली। देश में 20 प्रतिशत इथेनॉल मिश्रित पेट्रोल की बिक्री के मुद्दे पर भारी रोष है। वहीं अब ऑटोमोबाइल सेक्टर और सरकार के बीच विवाद उग्र हुआ है। सोसाइटी ऑफ ऑटोमोबाइल्स मैन्युफेक्चर्स एसोसिएशन के लीक हुए आंकड़े की जांच के उपरांत जानकारी मिली है कि देश के अनेक राज्यों में ई-20 पेट्रोल में खतरनाक स्तर पर क्लोराइड और पानी का मिश्रण देखा गया है। जिसके कारण वाहनों के इंजन और फ्यूल इंजेक्टर जल्दी खराब हो जाने से शिकायतों का अंबार लगा है। शिकायतों की बढ़त के कारण उपभोक्ता न्यायालय के द्वारा सख्त रवैया अख्तियार किया गया है।

**पेट्रोल सेम्पल में सर्वाधिक क्लोराइड, कन्टेमिनेशन की रिपोर्ट**

देश के पेट्रोलियम मंत्रालय ने इसके बाद सख्त कदम उठाकर गुणवत्ता के साथ छेड़खानी करने वाले देश के 2573 पेट्रोल पंपों पर ईंधन की बिक्री पर रोक लगा दी है। सरकार इस देशव्यापी अभियान को हाथ में लेकर क्वालिटी कंट्रोल द्वारा मुहिम चलाते हुए पंपों की टंकियों की जांच कर रही है। साथ ही, लोगों को ग्रीन एनर्जी प्रदान करने का प्रयास कर रही है। देश के 18 राज्यों में पेट्रोल में पानी और क्लोराइड की मिलावट जांच में पाई गई है।

ओएमसी की कार्रवाई के बाद पेट्रोल पंपों में ताले लग गए हैं। ऑयल वितरण कंपनियों के द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। 'इंडियन ऑयल' के द्वारा सर्वाधिक 1257 पेट्रोल पंपों पर बिक्री की गई है। इसके बाद 'एच.पी.सी.एल' के द्वारा 915 और बीपीसीएल के द्वारा 401 पंपों की बिक्री पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। सप्लाई चेन के द्वारा पानी और अन्य अशुद्धियों को हटाने जमीन में रहे पेट्रोल की टंकियों में वाटर इंग्रेश टेस्टिंग दिन में 8 से 12 मर्तबे करना अनिवार्य किया गया है, जो देश के समस्त 88,985 डीलर्स पर पड़ता होता है।

## IRCTC घोटाले में लालू, राबड़ी और तेजस्वी की मुश्किलें बरकरार; मनी लॉन्ड्रिंग में 7 सितंबर को तय होंगे आरोप

नई दिल्ली। IRCTC होटल घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव और उनके परिवार की मुश्किलें फिलहाल बरकरार हैं। राउज एवेन्यू स्थित विशेष न्यायाधीश की अदालत ने लालू यादव, राबड़ी देवी, तेजस्वी यादव, तेज प्रताप यादव, मीसा भारती, हेमा यादव समेत 16 आरोपितों के खिलाफ आरोप तय करने के मामले में फैसला सुरक्षित रखते हुए अब सात सितंबर को निर्णय सुनाने की तारीख तय की है।



### होटल ठेके में नियमों की अनदेखी

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मामले में दाखिल अभियोजन शिकायत में आरोप लगाया है कि वर्ष 2004 से 2009 के बीच लालू प्रसाद यादव के रेल मंत्री रहते IRCTC के होटलों के संचालन और रखरखाव के ठेके देने में नियमों की अनदेखी की गई। जांच एजेंसी का आरोप है कि टेंडर प्रक्रिया में हेरफेर कर एक निजी कंपनी को ठेका दिलाया गया। ईडी के मुताबिक, ठेका दिए जाने के बदले करीब तीन एकड़ की जमीन पर एक बेनामी कंपनी के माध्यम से हासिल की गई। एजेंसी का दावा है कि इस कंपनी के तार लालू यादव के परिवार और उनके करीबी सहयोगियों से जुड़े थे। IRCTC होटल परियोजना में अनियमितताओं की जांच सबसे पहले CBI ने शुरू की थी। बाद में ईडी ने अपराध से अर्जित संपत्ति और धन के लेनदेन की जांच के आधार पर मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया। मामले में ईडी ने कुल 16 आरोपितों के खिलाफ अभियोजन शिकायत दाखिल की है। इनमें लालू प्रसाद यादव के अलावा उनकी पत्नी राबड़ी देवी, बेटे तेजस्वी यादव और तेज प्रताप यादव, बेटी मीसा भारती व हेमा यादव सहित अन्य लोग शामिल हैं। उल्लेखनीय है कि इसी घोटाले से जुड़े भ्रष्टाचार मामले में कोर्ट पिछले वर्ष अक्टूबर में आरोपितों के खिलाफ धोखाधड़ी, आपराधिक साजिश और भ्रष्टाचार से संबंधित धाराओं में आरोप तय कर चुका है। आरोपितों ने अदालत में खुद को निर्दोष बताया था।

## एफएसएसएआई की कार्रवाईः एवरेस्ट की हींग बिक्री पर रोक, चिकन-गरम मसाले में भी गड़बड़ी

नई दिल्ली। मसालों की गुणवत्ता को लेकर बड़ी खबर सामने आई है। भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (FSSAI) ने दो बड़े मसाला ब्रांड्स एवरेस्ट और लालजी गोधू के कम्पाउंडेड हींग की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश दिया है। जांच में दोनों कंपनियों के हींग के सैंपल तय खाद्य मानकों पर खरे नहीं उतरे। हालांकि, एफएसएसएआई ने साफ किया है कि यह कार्रवाई सिर्फ हींग उत्पादों तक सीमित है। इन कंपनियों के अंडा करी मसाला, चिकन करी मसाला और गरम मसाला जैसे दूसरे उत्पादों की बिक्री पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। हालांकि इन मसालों में भी नियमों का पालन नहीं करते पाए गए। मामले की शुरुआत एक उपभोक्ता की शिकायत से हुई थी। शिकायत में एक ब्रांड की हींग की गुणवत्ता पर सवाल उठाया गया था। इसके बाद एफएसएसएआई ने बाजार में बिक रहे प्रमुख हींग ब्रांड्स की जांच शुरू की। जांच के दौरान एवरेस्ट और लालजी गोधू के उत्पादों में निर्धारित मानकों से जुड़ी गंभीर खामियां सामने आईं।




### एवरेस्ट और लालजी गोधू के हींग के सैंपल फेल

शुरुआती लैब जांच में दोनों कंपनियों के कम्पाउंडेड हींग तय मानकों पर खरे नहीं उतरे। इसके बाद मुंबई स्थित दोनों कंपनियों की सेंट्रल लाइसेंस वाली यूनिट्स से सैंपल लेकर जांच के लिए भेजे गए। एफएसएसएआई ने गुजरात के उम्बरगांव में एवरेस्ट की एक अन्य यूनिट पर भी गुजरात राज्य के खाद्य विभाग के साथ मिलकर सैंपलिंग की। जांच में लिए गए सैंपल भी निर्धारित गुणवत्ता मानकों पर खरे नहीं उतरे।

### क्या है कम्पाउंडेड हींग और इसमें कितनी होनी चाहिए असली हींग?

कम्पाउंडेड हींग बनाने के लिए असली हींग को गोंद, स्टार्च और आटे जैसे दूसरे पदार्थों के साथ मिलाया जाता है। खाद्य मानकों के मुताबिक इसमें कम से कम 5 प्रतिशत अल्कोहल-सॉल्युबल एक्सट्रैक्ट होना जरूरी है। जांच में सामने आया कि संबंधित उत्पादों में यह मात्रा 0 से 3 प्रतिशत के बीच थी। यानी तय मानक के मुकाबले असली हींग से मिलने वाले इस एक्सट्रैक्ट की मात्रा काफी कम पाई गई।

### लालजी गोधू की असली हींग में भी मिली गड़बड़ी

जांच के दौरान लालजी गोधू की यूनिट से ली गई असली हींग की छह अलग-अलग किस्मों के सैंपल की भी जांच की गई। नियमों के मुताबिक असली हींग में स्टार्च की मात्रा एक प्रतिशत से ज्यादा (शेष पृष्ठ 6 पर...)

## नेपाल बाढ़ त्रासदीः मृतकों का आंकड़ा 676 के पार, रेस्क्यू ऑपरेशन में 2500 लोग सुरक्षित बाहर निकाले गए

नई दिल्ली। नेपाल और तिब्बत सीमा से लगे पर्वतीय क्षेत्रों में आए विनाशकारी फ्लैश फ्लड (अचानक आई बाढ़) ने भारी तबाही मचाई है। नेपाली पुलिस ने शनिवार (29 अगस्त 2026) को जानकारी दी कि इस आपदा में मरने वालों की संख्या बढ़कर कम से कम 669 हो गई है, जबकि चीनी सरकारी मीडिया द्वारा पहले 7 लोगों की मौत की पुष्टि किए जाने के बाद इस आपदा में कुल मरने वालों का आधिकारिक आंकड़ा कम से कम 676 तक पहुंच गया है। लापता हुए हजारों लोगों की तलाश के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन अभी भी युद्धस्तर पर जारी है। आपदा के चौथे दिन भी खोज और राहत कार्य पूरी मुस्तैदी से जारी रहे। नेपाल में बचाव दलों ने लगभग 2,500 फंसे हुए लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला है, जिनमें 163 विदेशी नागरिक भी शामिल हैं। नेपाल सेना के जनसंपर्क निदेशालय के अनुसार, अब तक कुल 2,465 लोगों को रेस्क्यू किया जा चुका है। इनमें 113 भारतीय, 26 चीनी, 15 दक्षिण कोरियाई, 4 जर्मन, इटली और अमेरिका के दो-दो तथा 1 ओमान का नागरिक (शेष पृष्ठ 6 पर...)



## पहला कॉलम...

### राधा मंडली में उल्लासपूर्ण माहौल में मना सावन महोत्सव



राजनांदगांव (दावा)। वार्ड क्रमांक 7, श्री राम कॉलोनी, में राधा मंडली की महिला समूह अध्यक्ष पार्वती चौहान के नेतृत्व में सावन महोत्सव धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में क्षेत्र की महिलाओं और बच्चों ने बड़ी संख्या में शिरकत की। इस अवसर पर पारंपरिक झूला झूलने, सावन के लोकगीत गाने और सामूहिक भजन-कीर्तन का आयोजन किया गया, जिसने पूरे कॉलोनी में उत्सव जैसा माहौल बना दिया। महिलाओं ने पारंपरिक परिधानों में सज-धजकर कार्यक्रम में भाग लिया और एक-दूसरे को सावन की शुभकामनाएं दीं।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहीं पार्वती चौहान ने अपने संबोधन में कहा कि इस तरह के सामुदायिक आयोजन आपसी भाईचारे और महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देते हैं। उन्होंने राधा मंडली की सभी सदस्य महिलाओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आने वाले समय में भी इसी तरह के सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते रहेंगे। कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण किया गया और उपस्थित सभी लोगों ने इस आयोजन की भूरि-भूरि प्रशंसा की।

### अधिवक्ता गोपाल लाल अग्रवाल का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ के वरिष्ठ अधिवक्ता, प्रतिष्ठित व्यवसायी एवं सामाजिक मार्गदर्शक गोपाल लाल अग्रवाल का आज आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से पूरे शहर सहित क्षेत्र के सामाजिक, व्यापारिक व विधिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई है। उनका अंतिम संस्कार आज शाम 4 बजे स्थानीय छीरपानी मुक्तिधाम में किया गया। स्व. गोपाल लाल अग्रवाल नगर की अनेक प्रमुख धार्मिक, सामाजिक व शैक्षणिक संस्थाओं से सक्रिय रूप से जुड़े रहे।

वे मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति के पूर्व कोषाध्यक्ष, बार एसोसिएशन (अधिवक्ता संघ) डोंगरगढ़ के पूर्व अध्यक्ष, सरस्वती शिशु मंदिर के संस्थापक सदस्य तथा डोंगरगढ़ नगर पालिका के सरकारी अधिवक्ता के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके थे। अपने सरल स्वभाव, निष्ठा और समाज सेवा के प्रति समर्पण के कारण वे सभी वर्गों में अत्यंत लोकप्रिय व सम्मानित थे। उनके आकस्मिक निधन पर मां बम्लेश्वरी ट्रस्ट समिति, अधिवक्ता संघ, अग्रवाल समाज, नगर पालिका परिवार, सरस्वती शिशु मंदिर परिवार सहित विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व गणमान्य नागरिकों ने गहरा दुःख व्यक्त करते हुए उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की है। सभी ने शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदनाएं प्रकट की हैं।

### रेलवे कर्मचारी अनिल पोद्दार का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। रेलवे एईएन कार्यालय में कार्यरत एवं आदर्शनगर निवासी अनिल पोद्दार का 56 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ थे और रायपुर के अस्पताल में उनका उपचार चल रहा था।

विगत अनेक वर्षों से रेलवे यूनियन के माध्यम से रेल कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान व उनके अधिकारों के लिए निरंतर संघर्षरत रहने वाले श्री पोद्दार के असामयिक निधन पर रेलवे यूनियन के पदाधिकारियों, सदस्यों, रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने गहरा शोक व्यक्त कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की है।

### राजकुमार अग्रवाल का निधन



डोंगरगढ़ (दावा)। कालकापारा निवासी राजकुमार अग्रवाल का 75 वर्ष की आयु में निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार उनके पैतृक निवास कोरबा में किया गया। उनके निधन पर परिजनों, परिचितों एवं सामाजिक बंधुओं ने गहरा शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की है।

SILVER SCREEN MULTIPLEX
28th Aug to 03rd Sep 2026




Awarapan 2 - 12:00 pm
Hanuman Ansh - 06:20 pm
Toxic A Fairy Tale For Grown UPS (Hindi 2D) - 10:30am, 11:00am, 02:05, 02:45, 02:35, 06:10, 06:40, 09:15, 09:30 and 09:45 pm
Sumeet Mandi Mall, Rajnandgaon (C.G) Only For Enquiry 8085600200

dts श्री कृष्णा (एयरकूल) में
रोजाना 3 खेल, समय पहला शो 11.45 बजे, दूसरा शो 3.15, तीसरा शो रात 8.45 बजे
टॉक्सी
रॉकी यश कुमार, नयन तारा, कियारा
टिकट दर बालकनी 150/- रिजर्व - 120/-




ऑनलाईन बुकिंग paytm & bookmyshow.com

# पहले बाबा महाकाल को बांधी राखी, फिर भाईयों की कलाई पर सजाया रक्षासूत्र

राजनांदगांव (दावा)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर संस्कारधानी राजनांदगांव में बाबा महाकाल के प्रति श्रद्धालुओं की अगाध आस्था और अनन्य भक्ति का अनूठा दृश्य देखने को मिला। जहां बहनों ने पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर दीर्घायु की कामना की, वहीं बड़ी संख्या में ऐसे भक्त भी रहे जिन्होंने सबसे पहले अपने आराध्य देव भगवान महाकाल को राखी अर्पित की और उसके पश्चात ही अपने भाइयों को राखी बांधकर पर्व मनाया।





बाबा के प्रति भक्तों की अनूठी आस्था

### पालकी के पीछे-पीछे पारी पहुंचे भक्त

रक्षाबंधन के दिन आस्था का अत्यंत भावुक व प्रेरणादायी दृश्य उस समय सामने आया, जब श्रद्धालु अपने आराध्य को राखी बांधने पहुंचे। वहां उन्हें जानकारी मिली कि बाबा महाकाल की पालकी और विग्रह को ग्राम पारी ले जाया गया है, जहां से भव्य पालकी यात्रा निकाली जा रही है। यह सुनते ही बिना किसी संकोच के भक्त भी सीधे ग्राम पारी पहुंच गए। वहां पहुंचकर श्रद्धालुओं ने बाबा महाकाल के दर्शन-पूजन किए, विधि-विधान से आरती उतारी और अत्यंत श्रद्धा व प्रेमभाव के साथ बाबा को रक्षासूत्र बांधा।

### 'पहले बाबा, फिर परिवार' का दिखा भाव

शहर में मनाए जाने वाले प्रमुख पर्वों और मांगलिक प्रसंगों में अब श्रद्धालु सर्वप्रथम अपने ईष्ट देव बाबा महाकाल के साथ त्योहार मनाने को प्राथमिकता दे रहे हैं। भक्तों के लिए महाकाल केवल आराध्य ही नहीं, बल्कि परिवार के मुखिया, रक्षक और अत्यंत आत्मीय सदस्य के रूप में प्रतिष्ठित हैं। रक्षाबंधन, सावन सोमवार, श्रीकृष्ण जन्माष्टमी सहित अन्य धार्मिक अवसरों पर भी भक्त सबसे पहले महाकाल दरबार पहुंचकर पूजन-अर्चन करते हैं। ग्राम पारी में बाबा को राखी बांधने पहुंचे श्रद्धालुओं की इस भक्ति ने स्पष्ट संदेश दिया कि आस्था के आगे दूरी और परिस्थितियां कोई मायने नहीं रखतीं।

# मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री के ठोस आश्वासन पर शिक्षकों की अनिश्चितकालीन हड़ताल स्थगित



राजनांदगांव (दावा)। शिक्षक साझा मंच के बैनर तले दुर्ग में आयोजित 'सेवा सुरक्षा रक्षा सूत्र पदयात्रा' में प्रदेशभर से बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। पदयात्रा के दौरान महिला शिक्षक बहनों ने सर्किट हाउस दुर्ग पहुंचकर शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव को रक्षा सूत्र के रूप में राखी बांधी और प्रदेश के सेवारत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा सुनिश्चित करने का आग्रह किया। इसके बदले शिक्षा मंत्री ने शिक्षकों के हितों की रक्षा और उनकी सेवा सुरक्षा को लेकर सकारात्मक आश्वासन दिया। शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय संयोजक रविन्द्र राठौर, विकास सिंह राजपूत, प्रदीप पांडेय एवं मनीष मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में शिक्षकों ने शांतिपूर्ण एवं लोकतांत्रिक तरीके से अपनी मांगों को शासन के समक्ष रखा। कार्यक्रम को शिक्षकों की एकजुटता, संवेदनशील संवाद और सेवा सुरक्षा के संकल्प के रूप में देखा गया। शिक्षक साझा मंच के जिला संयोजक छन्नूलाल ने बताया कि 26 अगस्त को मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने बगिया में तथा शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने दुर्ग में शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय पदाधिकारियों को वार्ता के लिए आमंत्रित किया था । दोनों स्तरों पर हुई वार्ता को शिक्षक साझा मंच ने सार्थक और सकारात्मक बताया। वार्ता में सेवारत शिक्षकों की सेवा सुरक्षा, विभागीय स्तर पर टीईटी आयोजित करने, वेतन विसंगति दूर करने, प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा की गणना करते हुए समस्त आर्थिक लाभ प्रदान करने तथा वरिष्ठता के आधार पर पदोन्नति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री एवं शिक्षा मंत्री की ओर से शिक्षकों को आश्वस्त किया गया कि किसी भी शिक्षक की नौकरी नहीं जाएगी तथा विभागीय टीईटी के माध्यम से शिक्षकों की सेवा सुरक्षा किया जाएगा। इसमें एक वर्ष मे तीन बार टीईटी की परीक्षा स्थानीय स्तर पर लिया जायेगा। दुर्ग में आयोजित सेवा सुरक्षा रक्षा सूत्र पदयात्रा में राजनांदगांव जिले से बड़ी संख्या में शिक्षक-शिक्षिकाओं ने भाग लिया। शिक्षक साझा मंच के प्रांतीय सलाहकार मनीष मिश्रा, जिला संयोजक रमेश कुमार साहू, जिला संयोजक छन्नू लाल साहू, जिला सह संयोजक, अजय कड़व एवं ओमप्रकाश साहू, मीडिया प्रभारी अमिताभ दुफारे एवं अजय कड़व सहित सैकड़ों शिक्षक पहुंचे।

# उमेश रगड़े के राष्ट्रीय संयोजक बनने पर रायपुर एयरपोर्ट में जोरदार स्वागत



राजनांदगांव (दावा)। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अनुसूचित जाति विभाग में उमेश रगड़े को राष्ट्रीय संयोजक जैसे महत्वपूर्ण दायित्व पर नियुक्त किए जाने के बाद उनके रायपुर आगमन पर जोरदार स्वागत किया गया। रायपुर एयरपोर्ट पर राजनांदगांव नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष गोलू नायक के नेतृत्व में सैकड़ों पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं के साथ उनका आत्मीय अभिनंदन किया। इस दौरान समर्थकों ने आतिशबाजी कर खुशी का इजहार भी किया। गोलू नायक ने कहा कि उमेश रगड़े की राष्ट्रीय स्तर पर नियुक्ति पूरे समाज और विशेष रूप से सफाई कर्मचारी परिवारों के लिए गर्व और गौरव का ऐतिहासिक क्षण है।

उन्होंने कहा कि यह केवल उमेश रगड़े की व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि पूरे समाज की उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि सफाई कर्मचारी परिवार के बेटे का राष्ट्रीय स्तर के महत्वपूर्ण पद तक पहुंचना सभी के लिए प्रेरणा और सम्मान का विषय है। यह साबित करता है कि मेहनत, संघर्ष और समाज के प्रति समर्पण के बल पर कोई भी व्यक्ति बड़ी ऊंचाइयों तक पहुंच सकता है।

गोलू नायक ने कहा कि उमेश रगड़े को मिली जिम्मेदारी समाज के हर उस परिवार का सम्मान है, जिसने वर्षों से अपनी मेहनत और सेवा के माध्यम से देश और समाज को आगे बढ़ाने में योगदान दिया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि उमेश रगड़े आगे भी राष्ट्रीय स्तर पर समाज की आवाज को मजबूती से उठाएंगे और वंचित एवं मेहनतकश परिवारों के अधिकारों के लिए संघर्ष करते रहेंगे। उन्होंने कहा कि उमेश रगड़े की यह नियुक्ति पूरे समाज का गौरव और प्रत्येक सफाई कर्मचारी परिवार के सम्मान से जुड़ी उपलब्धि है।

इस अवसर पर गोलू नायक के साथ इंटक के जिला अध्यक्ष अनुराग चौहान, डोंगरगांव विधानसभा अध्यक्ष दिलीप चंद्रवंशी, डोंगरगांव विधानसभा सचिव मुकेश सिन्हा, डोंगरगढ़ ब्लॉक अध्यक्ष सलेन्द्र कोसा, भंडारपुर अध्यक्ष अश्वनी पारधी, भूपेन्द्र सिन्हा, रूपलाल सिन्हा, बलराम चंद्रवंशी, कुलेश सिन्हा, राजेन्द्र चंद्रवंशी, देवा, मोहित सिन्हा, सत्तू कवर, कोदूराम निषाद, खलेश निषाद, सुनिल निषाद, रामभरोसा पटेल, सालिक राम पटेल, नारायण सिन्हा, शशि यादव, गोपी यादव, कीर्तन चंद्रवंशी, दरबार कंवर सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता शामिल थे।

# नाबालिग पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाला निगरानी बदमाश चंद घंटे में गिरफ्तार



राजनांदगांव (दावा)। तुमड़ीबोड़ चौकी पुलिस ने 17 वर्षीय नाबालिग युवक पर चाकू से हमला कर जान से मारने की धमकी देने वाले शातिर बदमाश को त्वरित कार्रवाई करते हुए चंद घंटों के भीतर धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से हमले में प्रयुक्त चाकू बरामद कर उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। पकड़ा गया आरोपी क्षेत्र का निगरानी बदमाश (गुंडा सूची में दर्ज) बताया जा रहा है।

साथ जाने से मना करने पर 17 वर्षीय युवक पर किया था हमला, पुलिस ने भेजा जेल

### साथ चलने से मना करने पर चलाई चाकू

चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक धनीराम नारंगे ने बताया कि 27 अगस्त गुरुवार को ग्राम तुमड़ीबोड़ के रामनगर निवासी प्रार्थी गोविंद बांधे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका 17 वर्षीय पुत्र रामनगर गौठान के पास बैठा हुआ था। इसी दौरान क्षेत्र का निगरानी बदमाश जिनेंद्र पाल कोरे (22 वर्ष, निवासी वार्ड नं. 6 तुमड़ीबोड़) वहां पहुंचा और नाबालिग को जबरन अपने साथ चलने को कहने लगा। जब नाबालिग ने जाने की जगह पूछी और साथ जाने से इनकार किया, तो आरोपी गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी देने लगा और अपने पास रखे चाकू से उस पर ताबड़तोड़ हमला कर दिया। इस हमले में नाबालिग के हाथ में गंभीर चोट आई। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया।

### त्वरित घेराबंदी कर पुलिस ने दबोचा

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं सीएसपी श्रीमती वैशाली जैन के दिशा-निर्देशन में तुमड़ीबोड़ पुलिस ने त्वरित घेराबंदी कर आरोपी जिनेंद्र पाल कोरे को कुछ ही घंटों में गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के पास से घटना में इस्तेमाल किया गया चाकू भी जब्त कर लिया है।

पुलिस चौकी तुमड़ीबोड़ में आरोपी के विरुद्ध धारा 296, 118(1), 351(3) बीएनएस (भारतीय न्याय संहिता) तथा 25, 27 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। आवश्यक वैधानिक कार्रवाई के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल दाखिल कर दिया गया है।

# बोरतलाव पुलिस की सख्त कार्रवाई : ढाबे में अशांति फैलाने वाले 3 बदमाश गिरफ्तार

आगामी त्योहारों के मद्देनजर असामाजिक तत्वों के खिलाफ अभियान, प्रतिबंधात्मक धाराओं में भेजा गया न्यायालय




डोंगरगढ़/ बोरतलाव (दावा)। आगामी श्री गणेशोत्सव एवं श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने तथा जिले में अशांति फैलाने वाले असामाजिक तत्वों की धरपकड़ हेतु पुलिस प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ़ केसरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में बोरतलाव पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ढाबे में विवाद कर शांति व्यवस्था बिगाड़ने वाले तीन बदमाशों को दबोच लिया है।

### पेट्रोलिंग के दौरान मौके पर पहुंची पुलिस

मिली जानकारी के अनुसार, 28 अगस्त की रात्रि बोरतलाव पुलिस की टीम क्षेत्र में गश्त पर थी। इसी दौरान सूचना मिली कि 'अपना ढाबा' बोरतलाव के पास तीन युवक ढाबा संचालक के साथ जबरन विवाद व गाली-गलौज कर अशांति फैला रहे हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची और किसी संज्ञेय अपराध के घटित होने की आशंका को देखते हुए विवाद कर रहे तीनों युवकों को मौके पर ही हिरासत में ले लिया।

### एसडीएम न्यायालय में किया गया पेश

पुलिस ने शांति व्यवस्था भंग करने के आरोप में आरोपी करण डोंगरे (21 वर्ष, निवासी बीड़ी कालोनी, डोंगरगढ़), शेख आदिल (22 वर्ष, निवासी कश्मीरीपारा वार्ड नं. 24, डोंगरगढ़) तथा एसवी इम्यून फिलीप (22 वर्ष, निवासी स्वागत पार्क अपार्टमेंट, थाना गिट्टी खदान, नागपुर) के विरुद्ध भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) की धारा 170, 126 एवं 135(3) के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई कर एसडीएम न्यायालय में पेश किया।

### दो आरोपियों का रहा है आपराधिक रिकॉर्ड

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार किए गए आरोपियों में से करण डोंगरे और आदिल खान का पूर्व से आपराधिक रिकॉर्ड रहा है। दोनों आरोपी पहले भी डोंगरगढ़ थाने के कई आपराधिक मामलों में जेल की सजा काट चुके हैं। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आगामी त्योहारों के दौरान हुड़दंग व शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ सख्ती से कार्रवाई जारी रहेगी।

# महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा 4 सितंबर से मनेगा चार दिवसीय भव्य श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव



राजनांदगांव (दावा)। महाराष्ट्रीयन तेली समाज द्वारा इस वर्ष 4 सितंबर से 7 सितंबर तक चार दिवसीय श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का भव्य उत्सव धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। समाज द्वारा आयोजित किए जा रहे इस भव्य जन्माष्टमी उत्सव का यह 54वां वर्ष है। समाज के युवा मंडल अध्यक्ष प्रकाश समरीत (पिंटू) व सचिव अभिषेक गिरेपुंजे ने बताया कि चार दिवसीय उत्सव के अंतर्गत विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 4 सितंबर को शाम 7 बजे प्रतिमा स्थापना व आरती तथा रात 12 बजे श्रीकृष्ण जन्मोत्सव मनाया जाएगा। 5 सितंबर को सुबह 9:30 बजे और शाम 7:30 बजे विशेष पूजा व आरती होगी। 6 सितंबर को सुबह 10:30 बजे श्री हनुमानजी मंदिर (हमालपारा, शनि मंदिर रोड) में हवन व आरती का आयोजन होगा। उत्सव के अंतिम दिन 7 सितंबर को दोपहर 3:00 बजे भव्य प्रतिमा विसर्जन शोभायात्रा निकाली जाएगी।

- जन्माष्टमी उत्सव का 54वां वर्ष, समाज के प्रायः सभी घरों में विराजते हैं श्री कृष्ण-राधा
- 7 सितंबर को हमालपारा से निकलेगी भव्य विसर्जन शोभायात्रा, इंदिरा सरोवर में होगा विसर्जन

यह शोभायात्रा हमालपारा स्थित श्री हनुमान मंदिर से शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए इंदिरा सरोवर पहुंचेगी, जहां प्रतिमाओं का विसर्जन किया जाएगा। इसके उपरांत भोजली मिलन कार्यक्रम श्री पंचमुखी हनुमान जी मंदिर (स्वर्ग धाम, लोहारपारा) में संपन्न होगा।

घरों में विराजते हैं नंदलाला

कृष्ण जन्माष्टमी का पावन त्यौहार महाराष्ट्रीयन तेली समाज के प्रायः सभी घरों में परंपरागत उत्साह से मनाया जाता है। नगर के मूर्तिकारों द्वारा मिट्टी से निर्मित नंदलाला की मनमोहक प्रतिमाएं बाजे-गाजे के साथ आगमन यात्रा निकालकर घरों में स्थापित की जाती हैं और रात्रि में विधि-विधान से जन्मोत्सव मनाया जाता है। आयोजन को सफल बनाने के लिए समाज के अध्यक्ष राजेश (बंडू) समरीत, उपाध्यक्ष संतोष समरीत, सचिव चंद्रशेखर बावनकर, कोषाध्यक्ष चंद्रभूषण गायधनी, सह सचिव गजेंद्र लांबट, कार्यकारिणी सदस्य अरुण आंबिलकर, रमा देशमुख, महिला मंडल अध्यक्ष प्रियंका कुरंजेकर, सचिव अंकिता आंबिलकर सहित सभी पदाधिकारियों ने समस्त सामाजिक बंधुओं एवं श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने की अपील की है।

# किसी को बदलने के लिए नहीं बल्कि बेहतर बनने के लिए कहो - मुनि श्रेयांशप्रभ जी



राजनांदगांव (दावा)। खरतर गच्छाधिपति मणिप्रभ सागर जी के सुशिष्य श्रेयांशप्रभ सागर जी ने आज यहां कहा कि मन में भावनाएं हैं तो गुस्सा भी होगा और दोष भी होगा। आपको बदलना है तो धीरे-धीरे बदलें । उन्होंने कहा कि आज का वर्तमान ही हमारी नींव है। जैन बगीचा स्थित ज्ञानवल्लभ उपाश्रय भवन में अपने नियमित चातुर्मासिक प्रवचन की श्रृंखला में श्रेयांशप्रभ मुनि ने कहा कि हम परिवर्तन चाहते हैं तो हमें अपना दोष देखना होगा, दोष को जानना होगा और दोष को समझना होगा तब कहीं जाकर आगे बढ़ना होगा। आप अपने गुस्से की भावना को शांति में परिवर्तित कर दो। किसी का गुस्सा 2 मिनट का होता है और किसी का लंबा रहता है किंतु हम अपने में परिवर्तन चाहते हैं तो गुस्से को शांति में बदलना होगा। मुनि श्री ने कहा कि जो आपके पास है वह परिपूर्ण है। उन्होंने कहा कि ज्ञान कहीं बाहर से नहीं आता बल्कि वह आपके अंदर ही होता है बस उसे प्रकट करना होता है या वह स्वयं प्रकट होता है। भावनाएं बदलती है। जो भी दोष हो उसे आप माने और धीरे-धीरे बदलने का प्रयास करें। आप सबके सामने अपना दोष नहीं मान सकते तो स्वयं के सामने में माने फिर आहिस्ते-आहिस्ते परिवर्तन लाइए। उन्होंने कहा कि जोश में हम कोई भी फैसला ले लेते हैं और फिर बाद में पछताते हैं। जोश में लिया गया फैसला गुब्बारे की तरह होता है जो फूट जाने पर पछतावा देता है। हमें जो करना है वह शांतिपूर्ण ढंग से करना है ताकि वह कार्य हमें आनंद दे सके। आप जिसे बदलना है उसका त्याग मत कीजिए बल्कि उसे अपग्रेड कीजिए तो परिवर्तन स्वयं ही आ जाएगा। हमारे मन में भावना बेहतर बनने की होनी चाहिए। मुनिश्री ने कहा कि आप दूसरे को भी बदलने के लिए मत कहो बल्कि उसे बेहतर बनने के लिए कहो। यदि सामने वाला मन से परिवर्तन नहीं चाहेगा तो फिर यह परिवर्तन दिखावा ही होगा। इसलिए आप उसे महसूस कराओ कि आप अच्छे हैं बस आपको और बेहतर बनना होगा। यह जानकारी मीडिया प्रभारी विमल हाजरा ने दी।

**न्यायालय नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी घुमका, जिला-राजनांदगांव, (छ.ग.)**

रा.प.क्र...... ब 121 वर्ष 2026-27

### ईश्तहार

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि आवेदक दीपराम पिता रतिराम जाति लोधी निवासी ग्राम बहेराभाठा प.ह.नं. 02 तहसील घुमका, जिला-राजनांदगांव द्वारा इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया गया है कि आवेदक की माता अनुसोइया का मृत्यु दिनांक **05/05/2007** को ग्राम बहेराभाठा, तहसील - घुमका, जिला-राजनांदगांव (छ.ग.) में हुआ है। जिसका मृत्यु का पंजीयन आवेदक के द्वारा नहीं करा पाये है। जिसके कारण आवेदक द्वारा माता का मृत्यु दिनांक **05/05/2007** को दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ शपथ पत्र, पंचनामा, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र एवं आवेदनमय दस्तावेज चालान सहित प्रस्तुत किया। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

इस प्रकरण की सुनवाई तिथि दिनांक **31/8/2026** को न्यायालय नायब तहसीलदार घुमका पर की जावेगी। उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक **18/08/2026** को जारी किया जाता है।

**तहसीलदार घुमका, जिला-राजनांदगांव**

### शुभांक

अनुमानित

बी. के.

168-5 145-0

चेतावनी:-इस पत्र में प्रकाशित सर्वत्र शुभ राशियां ज्योतिष एवं ग्रह नक्षत्र के आधार पर धारणा मात्र है। इसका सट्टे आदि से कोई संबंध नहीं है, दुरूपयोग न करें। दुरूपयोग करने पर प्रकाशक की कोई जवाबदारी नहीं होगी। -सम्पादक

# रक्षाबंधन पर बहनों को भाईयों का अनोखा उपहार: किसी ने दिया 3 किलोवाट सोलर का गिफ्ट तो किसी ने बहन की प्रेरणा से छत पर लगवाया सोलर

**छुरिया की 'सोलर दीदी' धनेश्वरी मंडावी को भाई चंद्रशेखर ने दिया सोलर का उपहार, खैरागढ़ के केशला में बहनों की प्रेरणा से भाइयों ने अपने घरों में लगवाया सोलर प्लांट, हरियाली बहिनी व मां बम्लेश्वरी समूह की जागरूकता से गांवों में बढ़ रहा रुझान**

**राजनांदगांव (दावा)।** रक्षाबंधन का पावन पर्व इस बार भाई-बहन के असीम स्नेह के साथ-साथ स्वच्छ ऊर्जा, पर्यावरण संरक्षण और आत्मनिर्भरता का अनूठा संदेश लेकर आया। हरियाली बहिनी एवं मां बम्लेश्वरी समूह की सोलर जागरूकता पहल से प्रेरित होकर अंचल में भाई-बहनों ने एक-दूसरे को छत पर सोलर लगाने का उपयोगी व दूरगामी उपहार दिया। छुरिया ब्लॉक के ग्राम कल्लुबंजारी निवासी 'सोलर दीदी' श्रीमती धनेश्वरी मंडावी गांव-गांव जाकर लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर संयंत्र स्थापित करने के लिए प्रेरित कर रही हैं। उनके इस जनहितैषी कार्य व समर्पण से प्रभावित होकर उनके बड़े भाई चंद्रशेखर उइके ने रक्षाबंधन पर अपनी बहन को 3 किलोवाट सोलर प्लांट का उपहार देने का निर्णय लिया और इसके लिए विधिवत पंजीयन कराया। भाई के इस अनोखे व अनमोल उपहार से भावुक होकर श्रीमती धनेश्वरी मंडावी ने कहा कि वे लगातार ग्रामीणों को सोलर अपनाने के लिए जागरूक कर रही हैं। उनके समर्पण को देखते हुए बड़े भाई द्वारा घर में 3 किलोवाट सोलर लगवाने का पंजीयन कराना उनके लिए दुनिया की सबसे बड़ी खुशी है। यह उपहार उनके लिए गर्व और ऊर्जा के साथ काम करने की नई प्रेरणा है।

### बहन की सलाह पर भाइयों ने भी लगवाया सोलर

इसी तरह खैरागढ़ क्षेत्र के ग्राम केशला निवासी खिलेश वर्मा सहित दो अन्य भाइयों के परिवारों ने भी अपनी बहन की प्रेरणा



से अपने घरों की छतों पर सोलर प्लांट लगाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। रक्षाबंधन के अवसर पर बहनों की बात मानकर भाइयों द्वारा उठाया गया यह कदम बिजली बिल में बचत, भविष्य की ऊर्जा सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दिशा में मिसाल बना है।

मां बम्लेश्वरी समूह द्वारा ग्रामीण अंचलों में परिवारों को सोलर ऊर्जा के लाभ और पीएम सूर्य घर योजना की जानकारी निरंतर दी जा रही है। समूह का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को 'सोलर दीदी' के रूप में सशक्त बनाकर अंतिम छोर तक स्वच्छ ऊर्जा का विस्तार करना है। रक्षाबंधन पर सामने आई ये प्रेरक पहलें दर्शाती हैं कि भाई-बहन का अटूट रिश्ता समाज और पर्यावरण के उज्ज्वल भविष्य की नई राह भी गढ़ सकता है।

## जिला जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित: जज अमित जिन्दल ने बंदियों को दी भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 और उनके कानूनी अधिकारों की जानकारी

**राजनांदगांव (दावा)।** स्थानीय जिला जेल में बंदियों के विधिक अधिकारों को लेकर जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में द्वितीय जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश (श्रम न्यायालय) राजनांदगांव श्री अमित जिन्दल ने बंदियों को संबोधित करते हुए नए कानून 'भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (बीएनएसएस) 2023' के तहत मिलने वाले विभिन्न कानूनी अधिकारों व प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी। न्यायाधीश अमित जिन्दल ने बंदियों को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करते हुए बताया कि नए कानून में किसी भी गिरफ्तार व्यक्ति के अधिकारों की रक्षा के लिए कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल किए गए हैं। उन्होंने प्रमुख धाराओं की जानकारी देते हुए बताया कि– धारा 35(1)(ख): 7 वर्ष तक के दंड वाले सामान्य मामलों में केवल विशेष व ठोस कारण होने पर ही किसी व्यक्ति को गिरफ्तार किया जा सकता है। धारा 36(ग) व धारा 48- गिरफ्तारी और जिस स्थान पर व्यक्ति को रखा गया है, उसकी पूरी जानकारी गिरफ्तार व्यक्ति द्वारा बताए गए उसके परिजनों, नातेदारों या मित्रों को देना अनिवार्य है।



धारा 38: पूछताछ के दौरान गिरफ्तार व्यक्ति को अपनी पसंद के अधिवक्ता (वकील) से समय-समय पर मिलने का पूरा अधिकार होगा। धारा 47(1) व 47(2)- गिरफ्तारी के समय व्यक्ति को उस अपराध का पूरा विवरण बताया जाएगा। यदि मामला जमानतीय है, तो उसे सूचित किया जाएगा कि वह जमानत का प्रबंध कर सकता है और धारा 478 के तहत उसे अधिकार पूर्वक जमानत पर छोड़े जाने का हक प्राप्त है। धारा 56: गिरफ्तार व्यक्ति के स्वास्थ्य और सुरक्षा की उचित देखभाल व चिकित्सा सुविधा की जिम्मेदारी उसे अभिरक्षा में रखने वाले प्राधिकारी की होगी। शिविर के दौरान न्यायाधीश श्री जिन्दल ने बंदियों को कानून के तहत मिलने वाली निःशुल्क विधिक सहायता और अन्य विधिक प्रक्रियाओं के बारे में भी बताया ताकि वे अपने अधिकारों का सही उपयोग कर सकें।

## पहला कॉलम...

### एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस पर स्पोर्ट्स रैली का आयोजन



**राजनांदगांव (दावा)।** नीरज बाजपेयी इंटरनेशनल स्कूल, बोरी एवं नीरज पैरेंट्स प्राइड बल्देवबाग के संयुक्त तत्वावधान में हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले पद्मविभूषण स्व. मेजर ध्यानचंद जी की जयंती 29 अगस्त को राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में स्पोर्ट्स रैली का आयोजन किया गया। रैली से पहले गौरव पथ स्थित मेजर ध्यानचंद की प्रतिमा में शाला परिवार द्वारा माल्यार्पण किया गया। इस रैली में राजनांदगांव जिला के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौड़ मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, साथ ही छत्तीसगढ़ हॉकी के अध्यक्ष श्री फिरोज अंसारी विशेष अतिथि के रूप में मंचस्थ थे। विशेष अतिथि अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी श्री मृणाल चौबे व जिला हॉकी संघ के कोषाध्यक्ष श्री प्रिंस भाटिया रहे। एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स के डायरेक्टर श्री नीरज बाजपेयी द्वारा सभी अतिथियों को बैच पहनाकर व पुष्प गुच्छ भेंट कर स्वागत किया गया। रैली का आरंभ सर्वप्रथम स्व मेजर ध्यानचंद के तैल चित्र पर दीप प्रज्वलन कर , माल्यार्पण के साथ किया गया। अतिथियों द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। उक्त रैली स्थानीय जय स्तंभ चौक से शुरू होकर, गुड़ाखू लाइन, भगत सिंह चौक से होते हुए जयस्तंभ चौक में समाप्त हुई। रैली में शाला के बच्चों का उत्साह बारिश में भी नहीं थमा । रैली के समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों को शाला परिवार द्वारा पौधा देकर आभार व्यक्त किया गया। अपने उद्बोधन में अतिथियों द्वारा खेल के महत्व पर प्रकाश डालते हुए, रैली के आयोजन के लिए शाला परिवार को शुभकामनाएं दी गई। ज्ञात हो कि एनबी ग्रुप आफ स्कूल्स द्वारा खेल दिवस के अवसर पर विगत नौ वर्षों से स्पोर्ट्स रैली का आयोजन किया जा रहा है। यह रैली का दसवां वर्ष है, जहां शाला परिवार द्वारा खेल तथा शारीरिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह आयोजन किया जाता रहा है।

## गौरीनगर के अधूरे

### रक्षाबंधन के दिन घटी दर्दनाक घटना से क्षेत्र में सनसनी, पुलिस ने मर्ग कायम कर शव परिजनों को सौंपा

**राजनांदगांव (दावा)।** शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत गौरी नगर स्थित अधूरे पड़े रेलवे अंडरब्रिज में भरे पानी में कूदकर एक अधेड़ व्यक्ति ने आत्महत्या कर ली। रक्षाबंधन के पावन पर्व के दिन शुक्रवार दोपहर घटी इस दुखद घटना से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और लोग स्तब्ध रह गए। उल्लेखनीय है कि गौरी नगर अंडरब्रिज का निर्माण कार्य पिछले तीन-चार वर्षों से कछुआ गति से चल रहा है। निर्माण पूर्ण न होने के कारण यह बंद पड़ा है और बारिश के दिनों में इसमें करीब 20 से 30 फीट गहरा पानी जमा हो जाता है, जिससे यह जानलेवा साबित हो रहा है। शुक्रवार दोपहर करीब 3 से 3.30 बजे समीपस्थ टांकापारा निवासी संतोष सोनवानी (उम्र लगभग 45 वर्ष) ने इसी गहरे पानी में छलांग लगा दी, जिससे डूबने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। घटना की पुष्टि करते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर ने बताया कि मृतक संतोष सोनवानी अत्यधिक शराब पीने का आदी था। शुक्रवार को भी वह नशे की हालत में वहां पहुंचा और अंडरब्रिज के गहरे पानी में कूद गया, जिससे उसकी जान चली गई। कोतवाली थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार शाह ने बताया कि मृतक संतोष सोनवानी ने दो-तीन दिन पहले भी इसी अंडरब्रिज में छलांग लगाई थी, जिसमें उसका हाथ टूट गया था और उस पर प्लास्टर बंधा हुआ था। इसके बावजूद शुक्रवार दोपहर उसने फिर से पानी में छलांग लगा दी। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद शव को पानी से बाहर निकाला। पंचनामा व पोस्टमार्टम की कार्रवाई के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है।

## धागों में पिरोया प्यार : रॉयल किड्स कॉन्वेंट में राखी बनाओ प्रतियोगिता आयोजित





**विद्यार्थियों ने रेशम, मोती व रंगों से सजाई आकर्षक राखियां, विजेताओं को मिले पुरस्कार**

**राजनांदगांव (दावा)।** रॉयल किड्स कॉन्वेंट, राजनांदगांव में रक्षाबंधन के पावन पर्व के उपलक्ष्य में माध्यमिक विभाग (कक्षा 6वीं से 8वीं) के विद्यार्थियों के लिए सांस्कृतिक प्रभारी अपर्णा वर्मा के मार्गदर्शन में राखी मेकिंग प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी कल्पनाशीलता व सृजनात्मकता का परिचय देते हुए रेशम के धागों, मोतियों, फूलों और रंगीन कागजों से एक से बढ़कर एक सुंदर व आकर्षक राखियां बनाईं। प्रत्येक राखी में भाई-बहन के अटूट प्रेम और रक्षा के पावन बंधन की भावना स्पष्ट रूप से झलकी।

### संस्कृति और संस्कारों से जोड़ते हैं ऐसे आयोजन- अभिषेक खंडेलवाल

इस अवसर पर विद्यालय के एकेडमिक डायरेक्टर व प्राचार्य अभिषेक खंडेलवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं बच्चों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के प्रति सम्मान की भावना जाग्रत करती हैं, साथ ही उनकी छिपी हुई रचनात्मक प्रतिभा को निखारती हैं। आज डिजिटल युग में, जहां लोग एक ही कमरे में रहकर मोबाइल में खोए रहते हैं, वहीं रक्षासूत्र बांधने की परंपरा जीवन में जीवंतता, मुस्कान और सकारात्मकता का संचार करती है। 'वसुधैव कुटुंबकम्' का संदेश देने वाले हमारे देश के बच्चे ऐसे आयोजनों के माध्यम से सामाजिक व पारिवारिक रिश्तों के महत्व को बेहतर ढंग से समझ पाते हैं।

प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को कक्षावार पुरस्कृत किया गया। कक्षा 6वीं 'अ' प्रथम- आफरीन देवांगन, प्रभजोत सिंह बाल; द्वितीय- गौतमी इंदोरिया, प्रतिष्ठा यादव; तृतीय- राशि साहू, तृषा राजपूत। कक्षा 6वीं 'ब' प्रथम- कृति खंडेलवाल, अलीशा मेश्राम; द्वितीय- भार्गवी कुर्रे, ईशानी डेकाटे; तृतीय- मुस्कान वर्मा। कक्षा 6वीं 'स' प्रथम- ख्याति साहू, यशराज सहारे; द्वितीय- हिमांशु सिंह राजपूत, कनल साहू; तृतीय- सौमी सरकार, आयुष सोनी। कक्षा 7वीं 'अ'- प्रथम- राजवीर यादव, प्रत्यूषा सिंह ठाकुर; द्वितीय- प्रेमांश श्रीवास्तव, रुचिका साहू; तृतीय- अनिरुद्ध चौबे, वैष्णवी सोनकर, लक्ष्य गुप्ता। कक्षा 7वीं 'ब' प्रथम- अदिति शर्मा, अथर्व साहू; द्वितीय- धवल देवांगन, दिव्यांश तिवारी; तृतीय- किंजल सोनी, शौर्य वर्मा, परिधि शर्मा। कक्षा 7वीं 'स' प्रथम- निकिता रुचंदानी, हर्ष देवांगन; द्वितीय- हरीतिमा सिंह, दक्ष चौबे; तृतीय- आरुही सिंह, मोयांश कश्यप। कक्षा 8वीं 'अ' - प्रथम- नैवेद्य सिंह, रुचिका ध्रुवे; द्वितीय- पलक अग्रवाल, पोषण साहू, भावी चंद्राकर; तृतीय- अनुष्का पटेल, आस्था यादव, देव कुमार साहू। कक्षा 8वीं 'ब' - प्रथम- शौर्या सिंह; द्वितीय- शाईनी सिन्हा, प्रविष्टि सिंह; तृतीय- लाभांश्री श्रीवास्तव। कक्षा 8वीं 'स' - प्रथम- दीपांश विश्वकर्मा, सार्थक पांडे; द्वितीय- दीक्षा साहू, तुष्टि साहू, गगन प्रजापति; तृतीय- संस्कृति बघेल, ऐश्वर्या रामटेके। इस अवसर पर शाला की अध्यक्षा डॉ. सविता जे.बी. सिंह, उपाध्यक्ष अशोक चौधरी, प्रशासक संजय बहादुर सिंह, बोर्ड मेंबर्स टी.एस. बग्गा, सावंत बहादुर सिंह, जन्मेजय बहादुर सिंह, राहुल देव चौधरी, श्रेयांश बहादुर सिंह, मनीषा सिंह, पूजा सिंह, जानवी सिंह, ईला सिंह, बरसर आई.के. वैष्णव, प्राचार्या एकता खंडेलवाल, उप-प्राचार्या ममता मिश्रा, एचएम सरिता सिंह, कल्चरल इंचार्ज अपर्णा वर्मा एवं समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बच्चों के कलात्मक प्रयासों की मुक्तकंठ से सराहना करते हुए सभी को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं दी।

## आज देवांगन समाज का चुनाव

राजनांदगांव (दावा)। नगर देवांगन समाज का बहुप्रतीक्षित चुनाव रविवार को होने जा रहा है। दीनदयाल नगर चिखली स्थित मां परमेश्वरी भवन में दोपहर 12 बजे इसकी प्रक्रिया शुरू होगी। सर्वसम्मति बनने की स्थिति में निर्वाचन नहीं होग। अन्यथा नामांकन, नाम वापसी और मतदान की प्रक्रिया पूरी कराई जाएगी। सभी आवश्यक तैयारी कर ली गई है। निवृत्तमान अध्यक्ष दयावान देवांगन ने बताया कि चुनाव संपन्न कराने के लिए उदयराम देवांगन को मुख्य चुनाव अधिकारी बनाया गया है। उप चुनाव अधिकारी वरिष्ठ अधिवक्ता छगन देवांगन और सहायक चुनाव अधिकारी राजस्व निरीक्षक भूपेंद्र देवांगन बनाए गए हैं। सभी मतदाता सदस्यों से मतदान में सहभागिता की अपील की गई है।

## गुजराती स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस और भव्य रैली का आयोजन



**राजनांदगांव (दावा)।** गुजराती राष्ट्रीय हायर सेकेंडरी स्कूल में राष्ट्रीय खेल दिवस का भव्य आयोजन अत्यंत उत्साह और उल्लास के साथ किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों में खेल भावना, अनुशासन और फिटनेस को बढ़ावा दिया। कार्यक्रम के विशेष आकर्षण के रूप में एक भव्य जागरूकता एवं सम्मान रैली निकाली गई। इस रैली के दौरान मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा को हार पहनाकर उनकी स्मृति को याद किया गया। जिससे देशसेवा, अनुशासन और देशभक्ति का नया जोश भर दिया। स्कूल के प्राचार्या श्रीमती सुषमा शुक्ला ने विद्यार्थियों को खेलों के महत्व और शारीरिक व मानसिक विकास के प्रति जागरूक किया। उपप्राचार्या श्रीमती अर्पणा श्रीवास्तव ने रैली व खेल दिवस के सफल संचालन में सहयोग दिया। विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष विनय पटेल, उपाध्यक्ष पवन पटेल, सचिव सी.ए. रूपम सोनछात्रा, कोषाध्यक्ष हिमांशु पटेल, कार्यकारणी सदस्यों सूरज बुद्धदेव और पियूष पटेल और सभी सदस्यों ने भी खेल प्रोत्साहन के प्रति जागरूक होने का संदेश दिया। रैली का आयोजन स्पोर्ट्स टीचर सुधा साहू सहित अनुसुईया साहू एवं मोरजध्वज साहू, जशिका ढीमर और रितेश सोनकर द्वारा अनुशासन और खेल के महत्व को बताते हुए रैली का समापन किया।

## गायत्री मिशन से जुड़े ट्रस्टियों की राष्ट्रीय कार्यशाला बनी प्रेरणा और संकल्प का संगम

**शांतिकुंज हरिद्वार में तीन दिवसीय कार्यशाला का हुआ आयोजन, विभिन्न विषयों पर वरिष्ठों का मिला मार्गदर्शन**





**राजनांदगांव (दावा)।** गायत्री तीर्थ शांतिकुंज में बीते 22 से 24 अगस्त 2026 तक आयोजित तीन दिवसीय ट्रस्ट मंडल कार्यशाला में विभिन्न प्रांतों से आए ट्रस्टियों ने मिशन के कार्यों को गति देने और संगठन को सशक्त बनाने पर चिंतन मनन किया। इस तीन दिवसीय कार्यशाला में कुल 7 सत्र हुये, जिसमें ट्रस्टियों को विभिन्न विषयों पर वरिष्ठों का मार्गदर्शन मिला, वहीं इस दौरान देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता तथा वर्तमान में गायत्री मिशन की बागडौर संभाले डॉ. चिन्मय पण्ड्या ने जन्म शताब्दी समारोह के द्वितीय चरण कार्यक्रम की भी घोषणा की। उक्त कार्यशाला में राजनांदगांव जिले से उपजोन समन्वयक नंदकिशोर सुरजन के नेतृत्व में विभिन्न शक्तिपीठ व प्रज्ञापीठ से जुड़े 16 ट्रस्टियों ने सहभागिता निभाई।

जिनमें प्रमुख रूप से जिला समन्वयक जयप्रकाश सिन्हा, गायत्री परिवार ट्रस्ट डोंगरगांव के मुख्य प्रबंध ट्रस्टी बालकृष्ण सिन्हा, गायत्री शक्तिपीठ छुरिया से तुलाराम साहू, रमेश कुमार सिन्हा, सुनील मंडलाई, नरेश चंद्रवंशी, शंकर साहू, हीरामन पड़ौती, गुलाब साहू, उभयराम साहू, राजकुमार निषाद, प्रज्ञापीठ परना के दुखुराम यादव, ऐनुराम बेलसरिया, प्रज्ञापीठ भेड़ीकला, प्रज्ञापीठ करेला तथा सलोनी के परिजन शामिल थे। कार्यशाला में विभिन्न मार्गदर्शन सत्रों एवं शांतिकुंज की गतिविधियों के प्रत्यक्ष अनुभव ने प्रतिभागियों को नई प्रेरणा दी। वरिष्ठ कार्यकर्ताओं ने सेवा, साधना, संगठन विस्तार एवं युगनिर्माण अभियान के विभिन्न पक्षों पर मार्गदर्शन दिया। प्रमुख रूप से आदर्श युग देवालय की गतिविधियां विषय पर शक्तिपीठ संगठन कार्यालय प्रमुख बालरूप शर्मा, प्रबंधन समितियां एवं उनके दायित्व विषय पर दयाशंकर शर्मा, ट्रस्ट के कानून एवं हमारे दायित्व विषय पर नंदकिशोर सुरजन, प्रज्ञा संस्थान व संगठन में सहयोग व सहकार विषय पर केदार प्रसाद दुबे का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। समापन अवसर पर शांतिकुंज के व्यवस्थापक योगेंद्र गिरी जी ने कहा कि ट्रस्टी होना केवल दायित्व नहीं, बल्कि गुरुदेव के विचारों को जन जन तक पहुंचाने का अवसर है। उन्होंने सेवा और साधना की भावना से कार्य करते हुए मिशन को व्यापक बनाने का आव्हान् किया। प्रेरणा से संकल्प और संकल्प से सेवा की ओर बढ़ते कदमों के साथ कार्यशाला का समापन हुआ। कार्यशाला के दौरान ही डॉ. चिन्मय पण्ड्या जी द्वारा ट्रस्टियों का मार्गदर्शन किया गया और परमपूज्य गुरूदेव तथा परम वंदनीया माताजी के ऑडियो वीडियो वाले मैं गायत्री परिवार हूं नामक यूट्यूब वीडियो का विमोचन किया गया।

## ब्रह्माकुमारीज में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया रक्षाबंधन पर्व





**राजनांदगांव (दावा)।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय, राजनांदगांव के ज्ञान मानसरोवर में रक्षाबंधन पर्व श्रद्धा, उमंग और हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ब्रह्माकुमारीज के भाई-बहनों ने भाग लिया। रक्षाबंधन के अवसर पर प्रातः 7 बजे तक सेवाकेंद्र से जुड़े लगभग 800 भाई-बहनें ज्ञान मानसरोवर पहुंच चुके थे। इस अवसर पर सेवाकेंद्र संचालिका ब्रह्माकुमारी पुष्पा दीदी ने सभी को ईश्वरीय महावाक्य सुनाए तथा रक्षाबंधन पर्व के आध्यात्मिक महत्व और परमात्मा शिव द्वारा दी गई शुभ प्रेरणाओं का वाचन किया। उन्होंने आत्मिक स्मृति, पवित्रता और सकारात्मक संकल्पों के साथ जीवन जीने का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान रक्षाबंधन के निमित्त परमात्मा शिव को भोग (प्रसाद)स्वीकार कराया गया। इसके पश्चात सभी भाई-बहनों को रक्षा सूत्र बांधकर आध्यात्मिक मूल्यों एवं श्रेष्ठ संस्कारों की रक्षा का संकल्प कराया गया। पूरे आयोजन में भाईचारे, प्रेम, आत्मीयता और आध्यात्मिक उल्लास का वातावरण रहा। इसी क्रम में शाम 7 बजे ब्रह्माकुमारीज के लालबाग स्थित वरदान भवन में शहर के प्रतिष्ठित नागरिकों के लिए रक्षाबंधन स्नेह मिलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में रक्षाबंधन के आध्यात्मिक संदेश और जीवन में इसके महत्व पर प्रकाश डाला गया। उपस्थित नागरिकों ने ब्रह्माकुमारीज के इस आयोजन की सराहना करते हुए पर्व के माध्यम से प्रेम, शांति और सद्भावना का संदेश जन-जन तक पहुंचाने की आवश्यकता व्यक्त की।इस अवसर पर महापौर मधुसूदन यादव,पूर्व महापौर नरेश डाकलिया, पार्षद राजा माखीजा, पार्षद डूरेंद्र साहू, पूर्व पार्षद गुरुमुखदास वाधवा, अमलेन्दु हाजरा, नरेन्द्र लोहिया, प्रो. कृष्णकुमार द्विवेदी, दिनेश भट्टर, भागचंद सोमानी, हेमन्त तिवारी, सुभाष अग्रवाल, महेश जॉनी,हरीश गाँधी,पत्रकार ईश्वर साहू, बन्टी जैन, गजेन्द्र साहू, अल्का जॉनी, रूपाली गाँधी, दीपाबाई सोमानी, पायल साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से मारी टक्कर, टला बड़ा हादसा

राजनांदगांव (दावा)। नेशनल हाईवे जीई रोड पर पार्रीनाला के समीप बायपास चौक पर रक्षाबंधन के दिन एक तेज रफ्तार ट्रक ने आगे चल रही कार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में कार चालक बाल-बाल बच गए और एक बड़ा अनहोनी टल गया, हालांकि टक्कर इतनी भीषण थी कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। घटना के बाद आरोपी ट्रक चालक वाहन सहित मौके से फरार हो गया।

मिली जानकारी के अनुसार, शहर के सनसिटी निवासी व जलाराम स्वीट्स के संचालक अजय ठक्कर रक्षाबंधन के दिन दोपहर करीब 1.30 बजे अपनी कार (क्रमांक सीजी-08/बीए 0105) से पार्री कला स्थित अपनी फैक्ट्री जाने के लिए निकले थे। दोपहर लगभग 2 बजे जैसे ही वे सीआईटी बायपास चौक के पास पहुंचे, तभी पीछे से तेज व लापरवाहीपूर्वक आ रहे ट्रक क्रमांक एनएल-01/एसी 7948 ने उनकी कार को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार के दोनों दरवाजे, बंपर, सामने का कांच, एसी रेडिएटर और चेसिस बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए। गनीमत रही कि कार सवार को कोई गंभीर चोट नहीं आई। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि ट्रक चालक मुमताज अंसारी द्वारा वाहन को अत्यधिक तेज गति एवं लापरवाही पूर्वक चलाते हुए दुर्घटना को अंजाम दिया गया। प्रार्थी की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच में ले लिया है और फरार आरोपी ट्रक चालक की पतासाजी शुरू कर दी है।

## अनमोल 'दावा'

**इस संसार में सबसे बड़ी संपत्ति बुद्धि, सबसे अच्छा हथियार धैर्य और सबसे अच्छी सुरक्षा विश्वास है।**

# एक ऐसी गारंटी जो गारंटी नहीं दे सकी

नेशनल कंपनी लॉ ट्रिब्यूनल (एलसीएलटी) ने एस्सेल ग्रुप के फाउंडर सुभाष चंद्रा के खिलाफ पर्सनल इनसॉल्वेंसी (व्यक्तिगत दिवालियापन) की कार्यवाही में अपने हालिया आदेश में कहा है कि क्रेडिटर्स को मंज़ूर किए गए रीपेमेंट प्लान के तहत सिर्फ़ 6.5 करोड़ रुपये मिलेंगे। जबकि उन्होंने 22,006 करोड़ रुपये की गारंटी दी थी, जो एस्सेल/ज़ी से जुड़ी कई कंपनियों द्वारा लिए गए लोन के लिए उनके खिलाफ किए गए कुल दावों की रकम थी। चंद्रा ने 26 अगस्त को जारी एक बयान में साफ़ किया है कि उन्होंने किसी लेंडर से पैसे उधार नहीं लिए थे और वे सिर्फ़ पर्सनल गारंटर थे। उन्होंने कहा कि प्लान पर आपत्ति जताने वाले लेंडर्स के दावे सिर्फ़ 3,992 करोड़ रुपये के थे। चंद्रा ने यह भी कहा कि आपत्ति करने वालों के 620 करोड़ रुपये के दावों का निपटारा कर दिया गया है और उधार लेने वाली कंपनियों ने और पेमेंट करने की पेशकश की है। बयान में आगे कहा गया है कि जनवरी 2019 में एस्सेल कंपनियों पर लगभग 45,000 करोड़ रुपये का कर्ज़ था और तब से उन्होंने 43,000 करोड़ रुपये चुका दिए हैं। अगर यह दावा सही है, तो यह उस आम धारणा को गलत साबित करता है कि 22,000 करोड़ रुपये का कर्ज़ सिर्फ़ 6.5 करोड़ रुपये के बदले राइट-ऑफ (माफ़) कर दिया गया है। इसका मतलब है कि उधार लेने वाली कंपनियां अभी भी ज़िम्मेदार हैं, और क्रेडिटर्स के पास अभी भी पैसे वसूलने के रास्ते हैं।

फिर भी, यह मामला कई सवाल खड़े करता है। पहला सवाल प्रमोटर की पर्सनल गारंटी की असली आर्थिक वैल्यू का है। प्रमोटर के पास गारंटी वाली पूरी रकम कैश में होना ज़रूरी नहीं है। यह लेंडर्स के लिए सुरक्षा की एक अतिरिक्त परत है, अगर उधार लेने वाली कंपनी डिफ़ॉल्ट करती है। लेकिन इससे यह सवाल उठता है- जब कुल उधार ली गई रकम हज़ारों करोड़ रुपये है, तो लेंडर्स ने कुछ दसियों करोड़ रुपये की गारंटी क्यों स्वीकार की?

दूसरा मुद्दा ज़्यादा महत्वपूर्ण है:- एक प्रमोटर जो जानता है कि पर्सनल गारंटी को सिर्फ़ उसकी पर्सनल संपत्ति के आधार पर ही परखा जा सकता है, उसके पास अपनी काफ़ी संपत्ति को अपने नाम से अलग रखने का एक साफ़ कारण होता है। इतना ही नहीं, एक बिज़नेस हाउस एक ऐसा ढांचा बना सकता है जिसमें संपत्ति अलग-अलग इन्वेस्टमेंट व्हीकल्स और परिवार के अलग-अलग सदस्यों के स्वामित्व वाली कंपनियों में फैली हो। इसलिए, जब बिज़नेस सफल होता है, तो प्रमोटर परिवार को मुनाफ़े का हिस्सा मिलता है, लेकिन जब कंपनी डिफ़ॉल्ट करती है, तो लेनदार सिर्फ़ उन्हीं एसेट्स पर दावा कर सकते हैं जिन पर उनका कानूनी अधिकार है।

ऐसा कोई सबूत नहीं है जिससे पता चले कि चंद्रा ने लेनदारों को धोखा देने के लिए जान-बूझकर अपनी निजी संपत्ति अपने नाम से अलग रखी थी। हालाँकि, चिंता की बात यह नहीं है कि लोन के ह्क्क्र बनने पर ऐसी स्थिति के नुकसान का अंदाज़ा लेनदारों को नहीं था, बल्कि यह है कि उन्होंने चंद्रा के ग्रुप को दिए गए पैसे की सुरक्षा के लिए पर्याप्त उपाय नहीं किए थे। लेनदारों की वोटिंग एक और सवाल खड़ा करती है। इस प्लान को 80.814 प्रतिशत समर्थन मिला, लेकिन इसका समर्थन करने वाली पाँच संस्थाओं के पास कुल वोटिंग पावर का 61.78 प्रतिशत हिस्सा था। असहमति जताने वाले लेनदारों ने कहा कि ये संस्थाएँ चंद्रा से जुड़ी हुई थीं और इसलिए उन्हें वोट देने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए थी। ह्ष्टरुङ्ग को ऐसा करने के लिए पर्याप्त कानूनी आधार नहीं मिला। इसलिए, सवाल यह है कि क्या यह वोट स्वतंत्र लेनदारों के हितों को सही ढंग से दर्शाता है।

इस तरह का मामला साफ़ तौर पर पर्सनल गारंटी की सीमाओं, प्रमोटर स्ट्रक्चर की जटिलता और कानूनी मालिकाना हक व आर्थिक नियंत्रण के बीच के अंतर को उजागर करता है।

# यूपी-जापान रिश्तों को नई दिशा दे रहे योगी

**(वी.पी. राहुल)**

उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 21 अगस्त को उत्तर प्रदेश और जापान के बीच रिश्तों को नई ऊंचाई देने के लिए राज्य की बौद्ध और आध्यात्मिक विरासत को केंद्र में रखा। उत्तर प्रदेश-जापान इन्वेस्टमेंट समिट 2026 में मुख्यमंत्री ने जापान के यामानाशी प्रांत के साथ दीर्घकालिक और मजबूत साझेदारी की संभावनाओं पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि भारत और जापान के बीच संबंध केवल व्यापार और निवेश तक सीमित नहीं हैं, बल्कि दोनों देशों की साझा सांस्कृतिक और आध्यात्मिक परंपराएं इस रिश्ते को और गहरा आधार देती हैं। कार्यक्रम में यामानाशी के गवर्नर कोटारो नागासाकी, डिप्टी गवर्नर जुनिची इशिदेरा समेत जापान के वरिष्ठ अधिकारियों और उद्योग जगत से जुड़े प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल मौजूद था। मुख्यमंत्री ने जापानी प्रतिनिधियों के सामने उत्तर प्रदेश की आर्थिक क्षमता के साथ-साथ राज्य की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और धार्मिक विरासत को भी प्रस्तुत किया।

योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में पर्यटन के क्षेत्र में ''असीम संभावनाएं'' मौजूद हैं। विशेष रूप से बौद्ध पर्यटन को भारत और जापान के बीच सांस्कृतिक संपर्क का महत्वपूर्ण माध्यम बताया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जापान से भारत आने वाले पर्यटकों की संख्या पहले से ही महत्वपूर्ण है और उत्तर प्रदेश इस संभावित पर्यटक समूह को बौद्ध सर्किट के माध्यम से राज्य की ओर आकर्षित करना चाहता है। उत्तर प्रदेश की बौद्ध विरासत राज्य की सबसे बड़ी सांस्कृतिक शक्तियों में से एक है। भगवान बुद्ध के जीवन से जुड़े कई महत्वपूर्ण स्थल उत्तर प्रदेश में स्थित हैं। सारनाथ, कुशीनगर और श्रावस्ती जैसे स्थान न केवल भारत बल्कि पूरी दुनिया के बौद्ध समुदाय के लिए विशेष महत्व रखते हैं। सारनाथ वह स्थान है जहां भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्ति के बाद अपना पहला उपदेश दिया था। वहीं कुशीनगर को उनके महापरिनिर्वाण स्थल के रूप में जाना जाता है। श्रावस्ती भी बौद्ध परंपरा में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। इन स्थलों को जोड़कर विकसित किया गया बौद्ध सर्किट जापान समेत एशिया के कई देशों से आने वाले पर्यटकों के लिए आकर्षण का बड़ा केंद्र बन सकता है।

योगी आदित्यनाथ ने इसी संभावना को रेखांकित करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश का प्रयास जापान से आने वाले पर्यटकों के लिए बौद्ध सर्किट को और अधिक प्रभावी तरीके से बढ़ावा देना है। इस उद्देश्य के लिए एक समझौता ज्ञापन यानी एमओयू भी किए जाने की बात उन्होंने कही। यह समझौता केवल पर्यटन को बढ़ावा देने तक सीमित नहीं माना जा सकता। इसके जरिए सांस्कृतिक आदान-प्रदान, पर्यटन सुविधाओं, प्रचार-प्रसार और दोनों क्षेत्रों के बीच संस्थागत सहयोग की संभावनाएं भी बढ़ सकती हैं। जापान के 47 प्रांतों में से एक यामानाशी उत्तर प्रदेश के लिए एक महत्वपूर्ण साझेदार के रूप में उभर सकता है। भारत में जिस तरह किसी



प्रांत को राज्य कहा जाता है, उसी तरह जापान में प्रीफेक्चर प्रशासनिक इकाई है।

उत्तर प्रदेश-जापान इन्वेस्टमेंट समिट में यामानाशी के गवर्नर और वरिष्ठ अधिकारियों की मौजूदगी इस बात का संकेत देती है कि दोनों पक्ष आर्थिक और सांस्कृतिक सहयोग को संस्थागत रूप देने की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं।इउत्तर प्रदेश देश का सबसे अधिक आबादी वाला राज्य होने के साथ-साथ विशाल उपभोक्ता बाजार, कृषि क्षमता, औद्योगिक आधार और बड़ी युवा आबादी रखता है। राज्य में एक्सप्रेसवे, एयर कनेक्टिविटी, औद्योगिक गलियारों और लॉजिस्टिक सुविधाओं के विस्तार के साथ निवेश के नए अवसर पैदा हुए हैं। जापानी कंपनियों के लिए ऐसे क्षेत्रों में साझेदारी की संभावनाएं बन सकती हैं। वहीं, जापान अपनी तकनीकी विशेषज्ञता, विनिर्माण क्षमता, प्रबंधन कौशल और उच्च गुणवत्ता वाले औद्योगिक मानकों के लिए जाना जाता है। यदि उत्तर प्रदेश की बाजार और मानव संसाधन क्षमता को जापान की तकनीकी एवं औद्योगिक विशेषज्ञता के साथ जोड़ा जाता है, तो दोनों पक्षों के लिए नए अवसर पैदा हो सकते हैं।

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश की पहचान को केवल धार्मिक पर्यटन तक सीमित नहीं रखा। उन्होंने राज्य को एक बड़े आध्यात्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन केंद्र के रूप में प्रस्तुत किया। उत्तर प्रदेश में अयोध्या, वाराणसी, मथुरा-वृंदावन, प्रयागराज, सारनाथ और कुशीनगर जैसे स्थल देश-विदेश के पर्यटकों को आकर्षित करते हैं। बौद्ध, हिंदू और अयूपी-जापान रिश्तों को नई दिशा दे रहे योगीन्य आध्यात्मिक परंपराओं से जुड़े इन स्थलों की विविधता राज्य को अंतरराष्ट्रीय पर्यटन के लिए विशिष्ट बनाती है। जापानी पर्यटकों के लिए बौद्ध स्थलों का विशेष महत्व है। ऐसे में उत्तर प्रदेश के पास जापान के साथ धार्मिक और सांस्कृतिक पर्यटन को आर्थिक साझेदारी में बदलने का अवसर है। इसके लिए बेहतर एयर कनेक्टिविटी, बहुभाषी गाइड, जापानी भाषा में सूचना सामग्री, उच्च गुणवत्ता वाली पर्यटन सुविधाएं और जापानी पर्यटकों की आवश्यकताओं के अनुरूप सेवाओं को विकसित करना महत्वपूर्ण होगा। यदि ऐसा होता है तो पर्यटन से जुड़े होटल, परिवहन, स्थानीय हस्तशिल्प, भोजन, गाइड सेवाओं और अन्य छोटे व्यवसायों को भी लाभ मिल सकता है।

योगी आदित्यनाथ ने यह भी कहा कि उत्तर प्रदेश जापान में आयोजित होने वाले पर्यटन उत्सवों में हिस्सा लेगा। इसका उद्देश्य भारत की संस्कृति, आध्यात्मिक विरासत और आतिथ्य परंपरा को जापानी जनता के सामने प्रस्तुत करना होगा। यह रणनीति पर्यटन प्रचार के पारंपरिक तरीकों से आगे की पहल हो सकती है। आज अंतरराष्ट्रीय पर्यटन में किसी स्थान की पहचान केवल विज्ञापन से नहीं बल्कि उसकी सांस्कृतिक कहानी, अनुभव और स्थानीय परंपराओं के माध्यम से बनती है। उत्तर प्रदेश यदि जापान में अपने बौद्ध स्थलों, योग, भारतीय दर्शन, संगीत, कला, हस्तशिल्प और खानपान को प्रस्तुत करता है तो इससे राज्य की एक अलग अंतरराष्ट्रीय पहचान बनाई जा सकती है। मुख्यमंत्री ने भारत और जापान के बीच समानताओं का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि दोनों देशों ने अपनी विरासत और परंपराओं को केवल संग्रहालयों तक सीमित नहीं रखा, बल्कि उन्हें दैनिक जीवन और कार्य संस्कृति का हिस्सा बनाए रखा है। भारत और जापान के बीच यह सांस्कृतिक समानता दोनों देशों के संबंधों की महत्वपूर्ण ताकत मानी जाती है। जापान में अनुशासन, परंपरा और आधुनिकता के साथ आगे बढ़ने की क्षमता दिखाई देती है, जबकि भारत भी अपनी प्राचीन सांस्कृतिक विरासत को आधुनिक आर्थिक और तकनीकी विकास के साथ जोड़ने की कोशिश कर रहा है। यही कारण है कि भारत-जापान संबंधों को केवल आर्थिक या रणनीतिक साझेदारी के नजरिए से देखने के बजाय सांस्कृतिक और मानवीय संपर्क के संदर्भ में भी देखा जाता है। योगी आदित्यनाथ ने अपने संबोधन की शुरुआत जापानी भाषा में 'कोन्निचिवा मिनासान' यानी सभी को नमस्कार कहकर की और भाषण के अंत में 'अरिगातो गोजाइमासु' यानी बहुत-बहुत धन्यवाद कहा। यह छोटा-सा भाषाई प्रयास भी जापानी प्रतिनिधिमंडल के साथ सांस्कृतिक जुड़ाव का प्रतीक बन गया। अंतरराष्ट्रीय कूटनीति और निवेश सम्मेलनों में स्थानीय भाषा के कुछ शब्दों का इस्तेमाल अक्सर सम्मान और आत्मीयता का संदेश देता है।

उत्तरप्रदेश और यामानाशी के बीच बढ़ता संपर्क ऐसे समय में महत्वपूर्ण है जब भारत और जापान अपने आर्थिक और रणनीतिक संबंधों को लगातार मजबूत कर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के लिए चुनौती यह होगी कि निवेश सम्मेलनों में व्यक्त संभावनाओं को जमीन पर उतरने वाली परियोजनाओं में बदला जाए। पर्यटन, बुनियादी ढांचा, विनिर्माण, तकनीक, कौशल विकास और सांस्कृतिक आदान-प्रदान जैसे क्षेत्रों में ठोस परियोजनाएं इस साझेदारी को स्थायी रूप दे सकती हैं। उत्तर प्रदेश की बौद्ध विरासत इस पूरी पहल का एक मजबूत सांस्कृतिक आधार बन सकती है। (हिफी)

## विचार सरिता

# मन में बसे हैं राम 454 : 'खर और दूषण जनस्थान में लंका नरेश रावण के अवैध जनपदपति'



**डॉ. योगेंद्र कुमार पांडेय**

श्री राम के प्रश्न पर सुतीक्ष्ण मुनि ने कहा, 'दक्षिणावर्त में अनेक राज्य हैं श्री राम! दंडकारण्य का एक बड़ा क्षेत्र अभी भी किसी के नियंत्रण में नहीं है। कई क्षेत्र कुछ राज्यों की सीमा के भीतर हैं, तो भी केवल नाममात्र के। कई वन पर्वत क्षेत्र तो अभी भी किसी राज्य की सीमा के भीतर नहीं हैं। ऐसे ही अपरिभाषित क्षेत्रों में से एक है -जनस्थान; जहाँ खर और दूषण नामक दो दुष्ट राक्षस रहते हैं।'

'जनस्थान? खर और दूषण? यह स्थान कहाँ है मुनिवर? ये लोग कौन हैं? क्या ये स्वयं शक्तिशाली हैं या किसी के समर्थन से क्रूरता का कार्य कर रहे हैं?' श्री राम ने अधीरता से पूछा।

सुतीक्ष्ण मुनि ने चिंतित स्वर में बताया-

'खर और दूषण; ये दोनों लंका नरेश रावण द्वारा दंडकारण्य में बनाए अवैध जनपदपति हैं। रावण के ये दोनों सौतेले भाई जनस्थान के स्वयंभू शासक हैं और दंडकारण्य के एक बड़े क्षेत्र पर अधिकार करने के बाद संपूर्ण दंडकारण्य पर अधिकार का स्वप्न देख रहे हैं।'

लक्ष्मण जी ने क्रोध में आकर पूछा, 'तो मुनिवर खर और दूषण पूरे दंडकारण्य पर अधिकार के बाद संपूर्ण दक्षिणावर्त पर अधिकार का प्रयास करेंगे।तो इन शक्तिशाली राक्षसों के पीछे लंकानरेश रावण का वरदहस्त है।'

'शत प्रतिशत कुमार!' सुनि सुतीक्ष्ण ने कहा।

सीताजी दूरदर्शी है। इस विमर्श में अपने विचार व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, 'इतना निश्चित है कि दक्षिणावर्त पर आधिपत्य के बाद रावण आर्यावर्त के उत्तरी क्षेत्रों पर भी अधिकार का प्रयास करेगा। खर और दूषण विस्तारवादी कार्य में उसके सेनानायक का दायित्व निभा रहे हैं।'

''तुमने उचित कहा है देवी! समस्या गंभीर है। कल रात्रि इस आश्रम में जिन दुष्ट राक्षसों ने आक्रमण किया था, वे निश्चय ही खर-दूषण के ही भेजे होंगे। खर और दूषण इतने घृणित हैं कि वे ऋषियों का यज्ञ ध्वंस करने के साथ-साथ ऋषियों को मारकर उनका माँस भी खा जाते हैं।''-मुनि सुतीक्ष्ण ने कहा।

लक्ष्मण जी आवेश में आकर अपने स्थान से उठ खड़े हुए। उन्होंने बादलों जैसी गर्जना ध्वनि करते हुए कहा, ''भैया आज्ञा दें, तो मैं आज ही यहाँ से प्रस्थान करूँ और जनस्थान जाकर उन दुष्ट राक्षसों खर और दूषण का वध कर आऊँ।''


(भगवान श्री राम की प्रेरक गाथा विश्व की अनेक भाषाओं की शताधिक रामायणों में लिखी गई है। इस कृतज्ञ लेखक ने इस रचना में श्री राम की महागाथा के विविध प्रसंगों से कथा प्रवाह की प्रेरणा प्राप्त की है। उन्होंने विविध प्रसंगों में अनेक स्थानों पर उन्हें मिलने वाली कृपापूर्ण सूझ के साथ - साथ एक साधारण भक्त की अपनी नवीन रचनात्मक कल्पनादृष्टि का भी सहारा लिया है और रामकथा की मौलिक साहित्यिक प्रस्तुति का प्रयत्न किया है।)

## शब्द सामर्थ्य -144

(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं :**
1. पानी, नीर, अंबु 2. आना-जाना, आवागमन 5. बहुत, बढ़िया 6. दूर रहने वाला (घटना) जो वर्तमान में न घट सके 8. अबोध, नासमझ, अनाड़ी 10. सब्जी, शाक 11. निशान, उद्देश्य, अनुमान योग्य वस्तु 12. नाखून 13. द्रव पदार्थ 15. सूनसान, जनविहीन स्थान 16. चटकीला, चमकीला, चटपटा, गौरिया 18. भगवान, खुदा 19. इन दिनों, वर्तमान दिनों में 20. अग्नि, पावक 21. अन्नकण, अनाज का टुकड़ा 22. टालमटोल, बहाने बाजी 24. भैया की पत्नी 25. पांच से छोटी एक विषम संस्था 26. हत्या, कत्ल.

**ऊपर से नीचे**
1. दुनिया, संसार, ठोस रूप में परिवर्तित करना 2. चमक, पानी 3. बाजीगर, जादू का खेल दिखाने वाला 4. एक पंजाबी प्रेमगीत, रांझा की प्रेमिका 5. मार-काट, खून-कत्ल 7. भूमि, जमीन, भू-भाग 9. बहुत बड़ा दानी, 10. संगीत के सुरों की संख्या 14. लचीला, लोचयुक्त 17. खिसकना, अपने स्थान से हटना, विचलित होना 19. प्रवेश करना, पधारना, आना 20. धूप-दीप से पूजा 22. इसी समय 23. गुस्सा, कहर.



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 143 का हल



## सू- दोकू क्र.144

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 3 | | | | | 7 | |
| 9 | | | | 6 | | 3 | | 8 |
| | 7 | | 9 | | 5 | | 6 | |
| | | | | | | 1 | | 9 |
| 3 | | 8 | | 7 | | | 5 | |
| | 1 | | 3 | | 9 | | | 7 |
| | | 2 | | 8 | | 7 | | |
| | 8 | | | | 2 | | 4 | 3 |
| | | | 1 | | | | | |

**नियम**
1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.143 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 9 | 6 | 7 | 8 | 1 | 3 |
| 3 | 6 | 7 | 4 | 1 | 8 | 2 | 9 | 5 |
| 8 | 1 | 9 | 3 | 2 | 5 | 4 | 6 | 7 |
| 6 | 3 | 5 | 1 | 9 | 4 | 7 | 2 | 8 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 3 | 2 | 6 | 4 | 1 |
| 2 | 4 | 1 | 7 | 8 | 6 | 5 | 3 | 9 |
| 4 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 8 | 2 |
| 9 | 8 | 6 | 2 | 5 | 1 | 3 | 7 | 4 |
| 1 | 7 | 2 | 8 | 4 | 3 | 9 | 5 | 6 |

# शरीर पर कैसे हमला करता है स्वाइन फ्लू?



दिल्ली-एनसीआर में स्वाइन फ्लू के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में इस इन्फेक्शन से बचाव करना काफी जरूरी है। हालांकि, इस वायरस के साथ एक दिलचस्प चीज देखने को मिल रही है। कुछ लोगों में ये इन्फेक्शन इतना हल्का होता है कि वे घर पर देखभाल से ठीक हो जाते हैं, वहीं कुछ लोगों को अस्पताल में भर्ती करवाने की नौबत तक आ जाती है।

एक ही वायरस के इन्फेक्शन का इतना अलग-अलग प्रभाव क्यों देखने को मिलता है? कैसे एक ही वायरस किसी के लिए मामूली सर्दी-जुकाम, तो किसी के लिए जानलेवा कैसे साबित हो सकता है? आइए जानें इन्हीं सवालों के जवाब।

### शरीर का अंदरूनी हाल

किसी व्यक्ति पर एन1एच1 वायरस कितना असर करेगा, ये उसकी अंदरूनी सेहत पर निर्भर करता है। जो लोग उम्रदराज हैं, छोटे बच्चे, गर्भवती महिलाएं या पहले से सांस से जुड़ी कोई बीमारी या डायबिटीज जैसी बीमारी से जूझ रहे हैं, उनका शरीर इस वायरस से आसानी से नहीं लड़ पाता।

### फेफड़ों में गंभीर इन्फेक्शन

आमतौर पर हल्का फ्लू सिर्फ नाक और गले तक ही सीमित रहता है, लेकिन एन1एच1 वायरस फेफड़ों में गहराई तक पहुंच सकता है। जब यह वायरस फेफड़ों में गहराई तक पुहंच जाता है, तो इम्यून सिस्टम ज्यादा रिएक्टिव हो जाता है, जिसे साइटोकाइन स्टॉर्म कहा जाता है। इस स्थिति में फेफड़ों की थैलियों में पानी भर जाता है, जिससे निमोनिया होता है और खून में ऑक्सीजन का लेवल कम हो जाता है।

### बैक्टीरिया का हमला

एन1एच1 वायरस के अटैक के कारण शरीर पहले से ही कमजोर हो चुका होता है। ऐसे में स्ट्रेप्टोकोकस निमोनिया जैसे बैक्टीरिया भी शरीर पर हमला कर देते हैं, जिससे स्थिति और गंभीर हो जाती है।

### इलाज में देरी पड़ सकती है भारी

इस इन्फेक्शन में सबसे बड़ी भूल है समय पर डॉक्टर से सलाह न लेना। स्वाइन फ्लू की दवाएं लक्षण दिखने के दो दिनों के अंदर ली जाए, तो वायरस को फैलने से रोका जा सकता है। लेकिन अगर इलाज में देरी हो जाए, तो फेफड़ों को हुए नुकसान को ठीक करना मुश्किल हो जाता है। अगर सांस लेने में तकलीफ, छाती में दर्द, चक्कर या कन्फ्यूजन, कमजोरी, होंठ और चेहरे का नीला पड़ना, लगातार उल्टी या पेशाब कम आने जैसे लक्षण दिखें, तो तुरंत डॉक्टर से सलाह लेनी चाहिए।

### स्वस्थ लोग भी रहें सावधान

एन1एच1 स्वस्थ लोगों में भी गंभीर रूप ले सकता है। इसलिए सावधानी जरूरी है। इससे बचने के लिए वैक्सीन लेना सबसे असरदार तरीका है। लक्षण नजर आते ही इलाज करवाना इन्फेक्शन को गंभीर रूप लेने से रोकता है।

## राशिफल



**मेष**
आज सामाजिक मेलजोल और नेटवर्किंग के मामले में दिन अच्छा रहेगा। किसी पुराने दोस्त, सहयोगी या परिचित से फिर से संपर्क हो सकता है, जो आगे चलकर फायदेमंद साबित हो सकता है। लोगों के सामने खुद को और अपने विचारों को पेश करने का मन में जोश रहेगा। बातचीत में भी पहले से ज्यादा स्पष्टता महसूस होगी।




**वृष राशि**
आज कामकाज के मोर्चे पर व्यावहारिक प्रगति जारी रहेगी। लंबे समय से चला आ रहा कोई मामला अब सुलझने की दिशा में बढ़ेगा। आज अनुशासन और दीर्घकालिक योजना की समीक्षा के लिए अच्छा दिन है। पेंडिंग चल रहे कामों को व्यवस्थित करना बेहतर रहेगा। पैसों के मामले में सामान्य रूप से आपके काम बनते रहेंगे।



**मिथुन**
आज चंद्रदेव के कुंभ राशि में राहुदेव के साथ होने पर अचानक भाग्य का साथ मिल सकता है। अचानक किसी स्थान पर धूमने का प्लान बन सकता है। संभव है कि आज पर पानी के किसी स्रोत के पास कुछ समय बिता सकते हैं। स्वभाव में आज भी तीव्रता महसूस हो सकती है। गुस्सा जल्दी आ सकता है। बातचीत में आज पहले से ज्यादा स्पष्टता महसूस होगी।




**कर्क**
आज भी आपके भीतर एक अलग तरह की गहराई महसूस होगी। किसी रहस्य या शोध जैसे विषय में मन ज्यादा लगेगा। किसी मनभावन जगह पर आपको जाने का मौका मिलेगा। आपको किसी व्यक्ति से ईर्ष्या महसूस हो सकती है या आपके सोशल नेटवर्क का कोई व्यक्ति आपसे जलेगा। हालांकि, गुरु की कृपा से व्यक्तित्व में गहन ज्ञान और शुभता रहेगी।




**सिंह**
आज बातचीत और संचार में पहले के मुकाबले थोड़ी स्पष्टता बढ़ने से राहत महसूस होगी। आपके व्यक्तित्व में आत्मविश्वास दिखेगा। नेतृत्व की आपकी क्षमता लोगों और अधिकारियों को प्रभावित करेगी। जीवनसाथी या करीबी रिश्तों से जुड़े मामलों में आज समझ और ऊर्जा बनी रहेगी। आज नई शुरुआत न करें।




**कन्या**
आज दिनचर्या और सेहत को व्यवस्थित करने के लिए खासतौर पर अच्छा दिन है, कोई नई फिटनेस या स्वास्थ्य से जुड़ी आदत भी शुरू की जा सकती है। अपनी क्षमताओं पर संदेह न करें और पूरी लगन के साथ काम करें। भीतरी सोच में आज सेहत के मामले में आज ऊर्जा अच्छी रहेगी, कोई हल्की शारीरिक गतिविधि आज शुरू करने के लिए अच्छा दिन है।




**तुला**
आज सामाजिक दायरे और आमदनी से जुड़े मामलों में आज आत्मविश्वास बना रहेगा। निजी और अकेले वक्त में आज मन में संदेह महसूस हो सकता है, लिहाजा धैर्य के साथ आगे बढ़ें। रचनात्मक कामों में मन लगेगा। साझेदारी में कोई नया विचार भी सामने आ सकता है। अनुशासन बढ़ाने पर ध्यान दीजिए। पैसों के मामले में सामान्य सावधानी रखें।




**वृश्चिक**
आज पारिवारिक मामलों में शांति और सामंजस्य महसूस होगा। घर के माहौल से मन को राहत मिलेगी। करियर के मोर्चे पर आत्मविश्वास बना रहेगा। मन के भीतर आज एक गहरी ऊर्जा महसूस होगी। शनिवार होने से आज पुराने कामों की समीक्षा और अनुशासन बढ़ाने पर ध्यान दीजिए, नई शुरुआत के लिए दिन उतना अनुकूल नहीं है।




**धनु**
आज बातचीत और संवाद के मामले में मन में स्पष्टता और आत्मविश्वास बना रहेगा। आपकी बातों से लोगों को भरोसा मिलेगा। आपकी राय किसी व्यक्ति का काम बना सकती है। लंबे समय से किए जा रहे किसी गुप्त प्रयास के सफल होने की संभावना है। पढ़ाई-लिखाई के काम में आज भी शुभता और गहराई महसूस होगी। धार्मिक कार्यों में शामिल हो सकते हैं।



**मकर**
आज वित्तीय मामलों में सोच व्यावहारिक बनी रहेगी। आय और बचत पर ध्यान देने का यह अच्छा समय है। शनिदेव की ऊर्जा उलटी चाल की वजह से आज आपकी वाणी और संचार से जुड़े मामलों पर असर पड़ेगा। दस्तावेज या ऑफिशियल कम्युनिकेशन से जुड़ा कोई पुराना विषय आज दोबारा सामने आ सकता है। प्रेम जीवन में वाणी की मधुरता बनाए रखें।



**कुंभ**
आज आपके व्यक्तित्व में बनी रहेगी सक्रियता। भावनात्मक रूप से आप खुद को एक्सप्रेस करने के मामले में भी सक्रिय रहेंगे। इनका फायदा अपने लिए इस्तेमाल कीजिए। रिश्तों में आज मधुरता बनी रहेगी। शनिदेव की उलटी चाल में आपके धन-भाव पर असर डाल रही है, इसलिए पैसों के मामले में आज गंभीर समीक्षा जरूरी है।



**मीन**
आज रचनात्मक कामों में आपकी विशेष रुचि रहेगी। काम को नए और रोचक तरीके से पेश करने के लिए आज का दिन खासा शुभ रहने वाला है। निजी भावनाओं को खुद पर हावी न होने दें। आत्म-चिंतन में आज गहराई महसूस होगी। जीवनसाथी के साथ रोमांटिक बातचीत और करीबी लोगों के साथ अर्थपूर्ण चर्चा करने के लिए आज अच्छा समय है।

# नगर पंचायत घुमका में रक्षाबंधन व भोजली पर्व की रही धूम, मितान बदकर दी गई शुभकामनाएं

घुमका (दावा)। नगर पंचायत घुमका में भाई-बहन के असीम स्नेह का पावन पर्व रक्षाबंधन एवं छत्तीसगढ़ की गौरवशाली लोक-परंपरा भोजली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, श्रद्धा और सामाजिक समरसता के साथ धूमधाम से मनाया गया। दोनों ही पर्वों को लेकर दिनभर नगर में धार्मिक, सांस्कृतिक और उल्लासपूर्ण माहौल बना रहा।



### घरों में सजी रक्षाबंधन की थाल

सुबह से ही रक्षाबंधन को लेकर नगर के प्रत्येक घर में विशेष चहल-पहल व उत्सव का वातावरण देखने को मिला। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर आरती उतारी और कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर उनकी सुख-समृद्धि तथा दीर्घायु जीवन की कामना की। वहीं भाइयों ने भी बहनों की जीवनपर्यंत रक्षा का संकल्प लेते हुए स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किए।

**लोकगीतों की गूंज के साथ निकली भोजली विसर्जन यात्रा, जलाशय में विधि-विधान से हुआ विसर्जन**

### पारंपरिक वेशभूषा में निकली भोजली यात्रा

दोपहर बाद नगर में परंपरागत भव्य भोजली विसर्जन यात्रा निकाली गई। सेवा-जतन से तैयार किए गए गेहूं के जवारे (भोजली) को सिर पर धारण कर महिलाएं व युवतियां पारंपरिक परिधानों में शामिल हुईं। इस दौरान 'अहो देवी भोजली, देवी भोजली... गंगा होगे' जैसे छत्तीसगढ़ी लोकगीतों और जयकारों से पूरा नगर भक्तिमय वातावरण से गुंजायमान हो उठा।

### मितान बदकर निभाया मित्रता का संकल्प

शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों का भ्रमण करते हुए स्थानीय जलाशय पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना व आरती कर भोजली का विसर्जन किया। विसर्जन पश्चात एक-दूसरे के कानों में भोजली की पत्तियां खोंसकर लोगों ने 'भोजली मितान' (मितिन) बदा और आजीवन आत्मीय रिश्ता व मित्रता निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर नगर पंचायत के प्रतिनिधियों एवं गणमान्य नागरिकों ने क्षेत्रवासियों को पर्व की बधाई देते हुए कहा कि भोजली और रक्षाबंधन हमारी लोक-संस्कृति, आपसी सौहार्द और अटूट प्रेम के जीवंत प्रतीक हैं। इस पूरे आयोजन में नगर के वरिष्ठ नागरिक, महिलाएं, युवा एवं बड़ी संख्या में आमजन उपस्थित रहे।

# बोरतलाव पुलिस की ढाबा व चखना सेंटर संचालकों को सख्त हिदायत : शराब पिलाई तो होगी कड़ी कानूनी कार्रवाई

**० त्योहारी सीजन के मद्देनजर ली गई बैठक, प्रतिष्ठानों में सीसीटीवी कैमरा लगाने व समय पर दुकानें बंद करने के दिए निर्देश**



डोंगरगढ़/बोरतलाव (दावा)। आगामी त्योहारी सीजन को देखते हुए क्षेत्र में चाक-चौबंद सुरक्षा व शांति व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से बोरतलाव पुलिस ने सख्त रुख अख्तियार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन में 29 अगस्त को थाना बोरतलाव परिसर में क्षेत्र के सभी ढाबा संचालकों एवं चखना सेंटर दुकानदारों की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

### शराब पिलाने या सुविधा देने पर होगी सीधी कार्रवाई

बैठक के दौरान पुलिस अधिकारियों ने ढाबा और चखना सेंटर संचालकों को कड़े शब्दों में चेतावनी दी कि वे अपने प्रतिष्ठानों में किसी भी व्यक्ति को अवैध रूप से शराब पीने की अनुमति न दें और न ही शराबखोरी के लिए स्थान या अन्य सुविधाएं उपलब्ध कराएं। यदि कोई भी संचालक अपने परिसर में शराब पिलाते या नियमों का उल्लंघन करते पाया गया, तो उसके खिलाफ आबकारी व संबंधित कानूनी प्रावधानों के तहत सख्त दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

### सीसीटीवी कैमरे लगाना अनिवार्य, समय पर बंद करें प्रतिष्ठान

पुलिस ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम सुनिश्चित करने के लिए सभी संचालकों को अपने-अपने ढाबों और दुकानों में अनिवार्य रूप से अच्छी गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए, ताकि संदिग्ध गतिविधियों पर नजर रखी जा सके। इसके साथ ही रात्रि में निर्धारित समय सीमा के बाद प्रतिष्ठानों को खुला न रखने और आसपास किसी भी प्रकार की संदिग्ध व असामाजिक गतिविधियों की तत्काल सूचना थाने को देकर क्षेत्र में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करने की समझाइश दी गई।

## पहला कॉलम...

# अध्यक्ष ने नगर पालिका कर्मचारियों और पुलिसकर्मियों को बांधा रक्षासूत्र



डोंगरगांव (दावा)। रक्षाबंधन के पावन पर्व पर नगर पालिका परिषद डोंगरगांव में स्नेह और सम्मान का अनूठा दृश्य देखने मिला. नगर पालिका अध्यक्ष एवं भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री अंजू त्रिपाठी ने नगर पालिका के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मचारियों को राखी बांधकर त्यौहार मनाया. इस आयोजन के दौरान पालिका अध्यक्ष श्रीमती त्रिपाठी ने सफाई, जल आपूर्ति, विद्युत व अन्य विभागों के कर्मचारियों को तिलक लगाया, सिर पर रुमाल रखकर पारंपरिक विधि-विधान से आरती उतारी और कलाई पर रक्षासूत्र बांधा. साथ ही इस अवसर पर उन्होंने नगर पालिका डोंगरगांव का प्रत्येक कर्मचारी को परिवार का अभिन्न हिस्सा बताया. वहीं नगर के थाने पहुंच कर उन्होंने पुलिसकर्मियों को रक्षासूत्र बांधा और उनके दीर्घायु तथा उज्ज्वल भविष्य की कामना की. श्रीमती त्रिपाठी ने थाना प्रभारी आशीर्वाद राहटगांवकर सहित थाने के समस्त पुलिसकर्मियों को तिलक लगाकर रक्षासूत्र बांधा. इस अवसर पर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि दिन-रात हमारी सुरक्षा में तत्पर रहने वाले हमारे पुलिसकर्मी त्योहारों पर भी अपने घर-परिवार से दूर रहकर कर्तव्य निभाते हैं. ऐसे वीर जवानों की सेवा और त्याग को मैं नमन करती हूँ. नगर पालिका अध्यक्ष के रूप में यह मेरा सौभाग्य है कि मुझे इन सभी भाइयों को अपना स्नेह और सम्मान देने का अवसर मिला. कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी और सभी पुलिसकर्मियों ने क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने का संकल्प दोहराया, इस दौरान थाने का माहौल अत्यंत भावुक और आत्मीय रहा.

# गोविंदा उत्सव के आयोजन में बाधा बन रहा हाउसिंग बोर्ड का मलबा, हटाने की मांग



डोंगरगढ़ (दावा)। आदर्श नवयुवक उत्सव समिति, सिविल लाइन ठेठवार पारा, डोंगरगढ़ द्वारा प्रतिवर्ष ठेठवार पारा मैदान में गोविंदा उत्सव का आयोजन किया जाता है। इस आयोजन में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक एवं युवा शामिल होते हैं। वर्तमान में उक्त मैदान में हाउसिंग बोर्ड द्वारा निर्माण कार्य से निकला मलबा एकत्रित कर रखा गया है, जिसके कारण मैदान का पर्याप्त हिस्सा बाधित हो रहा है। यदि समय रहते मलबे को नहीं हटाया गया तो आगामी गोविंदा उत्सव के आयोजन में परेशानी उत्पन्न हो सकती है तथा कार्यक्रम की व्यवस्था प्रभावित होने की आशंका है। इस संबंध में आदर्श नवयुवक उत्सव समिति द्वारा दिनांक 18 अगस्त को अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), डोंगरगढ़ को आवेदन प्रस्तुत किया गया है तथा इसकी प्रतिलिपि मुख्य नगर पालिका अधिकारी, नगर पालिका डोंगरगढ़ को भी दी गई है। समिति द्वारा प्रशासन से मैदान में रखे मलबे को तत्काल हटवाने की मांग की गई है। समिति का कहना है कि गोविंदा उत्सव प्रतिवर्ष क्षेत्र की परंपरा एवं उत्साह से आयोजित किया जाता है। इसलिए आयोजन से पहले मैदान को पूरी तरह साफ एवं व्यवस्थित कराया जाना आवश्यक है, ताकि कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। समिति ने प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मांग की है कि मामले को गंभीरता से लेते हुए ठेठवार पारा मैदान में रखे हाउसिंग बोर्ड के मलबे को शीघ्र हटवाया जाए तथा मैदान को गोविंदा उत्सव के आयोजन के लिए उपयोग योग्य बनाया जाए।

# आज गुरुद्वारा बंदीछोड़ तुमड़ीबोड़ में निःशुल्क चिकित्सा शिविर

राजनांदगांव (दावा)। गुरु संगत वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में गुरुपुरवासी सरदार सुरजीत सिंह भाटिया जी की स्मृति में 30 अगस्त 2026, रविवार को गुरुद्वारा बंदीछोड़, तुमड़ीबोड़ में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर का उद्देश्य ग्रामीण एवं आसपास के क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सकीय परामर्श एवं प्राथमिक स्वास्थ्य जांच की सुविधा निःशुल्क उपलब्ध कराना है। शिविर में विभिन्न रोगों के विशेषज्ञ एवं अनुभवी चिकित्सक अपनी सेवाएं प्रदान करेंगे। आयोजन के दौरान डॉ. अनिमेष गांधी, डॉ. सुगंध गांधी (त्वचा रोग विशेषज्ञ), डॉ. विक्रम बग्गा, डॉ. जाहिद खान (एमडी, डीएम कार्डियोलॉजिस्ट), डॉ. लक्ष्मी बग्गा, डॉ. चिन्मय डाकलिया, डॉ. सार्थक बाफना (ऑप्थेल्मोलॉजिस्ट) एवं डॉ. आर.एस. गौर द्वारा मरीजों की जांच एवं चिकित्सकीय परामर्श दिया जाएगा। शिविर में निःशुल्क हीमोग्लोबिन, शुगर एवं बी.पी. की जांच भी की जाएगी। आयोजन का समय प्रातः 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक निर्धारित है। गुरु संगत वेलफेयर सोसायटी ने क्षेत्रवासियों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर में पहुंचकर इस निःशुल्क स्वास्थ्य सेवा का लाभ लेने की अपील की है। शिविर संबंधी जानकारी के लिए 9425240567, 9229190901, 9827182417 पर संपर्क किया जा सकता है।

# मुकेश जी के सदाबहार गीतों से सजी संगीतमय शाम, कलाकारों ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि



छुईखदान (दावा)। न्यू म्यूजिकल ग्रुप कराओके आर्केस्ट्रा छुईखदान के तत्वावधान में 27 अगस्त गुरुवार को भारतीय सिनेमा के सुप्रसिद्ध पार्श्व गायक स्वर्गीय मुकेश चंद्र माथुर की पुण्यतिथि पर एक भव्य संगीतमय श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत स्वर्गीय मुकेश जी के तैलचित्र पर माल्यार्पण, गुलाल अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि देने के साथ हुई। इसके पश्चात नगर के युवा व वरिष्ठ कलाकारों ने उनके अमर गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया।

### सदाबहार नगमों पर झूमे संगीत प्रेमी

संगीत संध्या में कलाकारों ने मुकेश जी के गाए एक से बढ़कर एक सुपरहिट गीतों की प्रस्तुति दी। कलाकार डी.के. नामदेव और दीपाली सोनी ने युगल गीत 'फूल तुम्हें भेजा है खत में' व 'मैं ना भूलूंगा' गाकर समां बांध दिया। वहीं कमलेश यादव ने 'कभी-कभी मेरे दिल में ख्याल आता है', अशोक चंद्राकर ने 'तौबा ये मतवाली चाल' व 'तुम बिन जीवन कैसे बीता', और महेश वैष्णव ने 'डम डम डिगा डिगा' तथा 'सुहाना सफर और ये मौसम हंसी' जैसे गीतों से माहौल को संगीतमय बना दिया। इसके अलावा उदय चंदेल, मानिक श्रीवास, श्याम सुंदर महोबिया और राजकुमार वैष्णव ने 'चंचल निर्मल शीतल कोमल', 'कहीं दूर जब दिन ढल जाए', 'एक प्यार का नगमा है', 'प्यार किया तो डरना क्या' एवं 'ओ मेरे सनम' जैसे यादगार गीतों की शानदार प्रस्तुति दी।

### गीत-संगीत के बिना जीवन अधूरा - लाल जे.के. वैष्णव

कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित वैष्णव समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष लाल जे.के. वैष्णव ने मुकेश चंद्र माथुर को नमन करते हुए कहा कि मुकेश जी के गाए गीत व भजन मनमोहक, हृदयस्पर्शी और मन को उमंग व प्रसन्नता देने वाले हैं। गीत-संगीत के बिना जीवन अधूरा है। उन्होंने आगे कहा कि मुकेश जी की संगीत परंपरा को उनके पुत्र नितिन मुकेश और पौत्र नील नितिन मुकेश ने भी कला जगत में आगे बढ़ाते हुए अपनी विशिष्ट पहचान बनाई है। उन्होंने न्यू म्यूजिकल ग्रुप कराओके आर्केस्ट्रा के संयोजक डी.के. नामदेव, कमलेश यादव, दीपाली सोनी, महेश वैष्णव, अशोक चंद्राकर और उदय चंदेल सहित पूरी टीम की सराहना करते हुए आभार जताया।

### बड़ी संख्या में उपस्थित रहे नगरवासी

इस संगीतमय आयोजन में अंशुल सोनी, वीरेंद्र जैन, दिलीप वैष्णव, प्रदीप श्रीवास्तव, दीपक वैष्णव, डॉ. भद्र, लल्ला जितेंद्र किशोर वैष्णव, दिनेश महोबिया, श्रीमती निशा नामदेव, रानी सोनी, बिट्टी बन्नो नामदेव, पिंटू महोबिया, मधुमंगल सिंह, नवीन, प्रेम किशन राधे, निखिल सोनी सहित बड़ी संख्या में संगीत प्रेमी व गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और देर रात तक गीतों का आनंद लिया।

## राज्य स्तरीय कुड़ो प्रतियोगिता :

# डोंगरगढ़ के दुष्यंत पन्द्रे ने जीता गोल्ड, श्रेयांश को कांस्य पदक



डोंगरगढ़ (दावा)। दुर्ग के स्वामी विवेकानंद सभागार में 22 से 26 अगस्त तक आयोजित 5वीं छत्तीसगढ़ राज्य स्तरीय कुड़ो प्रतियोगिता में डोंगरगढ़ विकासखंड के ग्राम अछोली के खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। प्रतियोगिता में ग्राम अछोली निवासी दुष्यंत पंन्द्रे ने स्वर्ण पदक (गोल्ड मेडल) और श्रेयांश बंबेश्वर ने कांस्य पदक (ब्रॉन्ज मेडल) हासिल किया है। इस राज्य स्तरीय स्पर्धा में प्रदेश के 20 जिलों से लगभग 700 खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कड़े मुकाबलों के बीच ग्राम अछोली के दुष्यंत पंन्द्रे (पिता- हर सिंह पन्द्रे) ने अपने उत्कृष्ट खेल कौशल के दम पर कुड़ो में गोल्ड मेडल पर कब्जा जमाया। वहीं, गांव के ही श्रेयांश बंबेश्वर (पिता- सतीश बंबेश्वर) ने शानदार खेल दिखाते हुए कांस्य पदक जीता। मार्शल आर्ट्स की इस विधा में दोनों खिलाडियों की इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ग्राम पंचायत अछोली के सरपंच नंदकुमार साहू सहित ग्रामीणों व खेल प्रेमियों ने हर्ष व्यक्त किया है। सरपंच नंदकुमार साहू ने दोनों पदक विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# राजगामी संपदा की अध्यक्ष से नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे की टीम ने की सौजन्य मुलाकात



**अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू को दिया दही हांडी उत्सव में शामिल होने का नेवता**

डोंगरगढ़ (दावा)। धर्मनगरी डोंगरगढ़ में आयोजित होने वाले भव्य दही हांडी एवं गोविंदा उत्सव को लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने आज डोंगरगढ़ रेस्ट हाउस में राजगामी संपदा की अध्यक्ष श्रीमती पूर्णिमा साहू से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने शहर में आयोजित होने वाले भव्य दही हांडी उत्सव में शामिल होने के लिए उन्हें सादर आमंत्रित किया।मुलाकात के दौरान श्रीमती मोना गोसाई, श्रीमती निर्मला सिन्हा, समाजसेवी जितेंद्र सिन्हा, श्रीमती लता महोबिया एवं श्रीमती संगीता शुक्ला भी उपस्थित रहीं।नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने दही हांडी उत्सव की तैयारियों, आयोजन की भव्यता तथा श्रद्धालुओं की सुविधाओं को लेकर चर्चा की। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ का दही हांडी एवं गोविंदा उत्सव धार्मिक आस्था के साथ-साथ शहर की सांस्कृतिक पहचान का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उल्लेखनीय है कि धर्मनगरी डोंगरगढ़ में दही हांडी उत्सव का आयोजन वर्षों से विशेष आकर्षण का केंद्र रहा है। स्थानीय स्तर पर इसे मुंबई और मथुरा के बाद देश के प्रमुख दही हांडी आयोजनों में शुमार किया जाता है। उत्सव के अवसर पर प्रदेश के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं दर्शक डोंगरगढ़ पहुंचते हैं। आयोजन की लोकप्रियता को देखते हुए राज्य सरकार द्वारा इस अवसर पर विशेष अवकाश भी घोषित किया गया है।गोविंदा उत्सव के दौरान हजारों की संख्या में लोगों की भीड़ उमड़ती है। इसे देखते हुए प्रशासन एवं पुलिस विभाग द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर विशेष इंतजाम किए जाते हैं। बड़ी संख्या में पुलिस जवानों की तैनाती के साथ यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और श्रद्धालुओं की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता है।

### दही हांडी उत्सव को सफल बनाने सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक - रमन डोंगरे

नगर पालिका अध्यक्ष रमन डोंगरे ने कहा कि दही हांडी उत्सव को सफल एवं व्यवस्थित बनाने के लिए सभी वर्गों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने शहरवासियों से उत्सव में उत्साहपूर्वक भाग लेने तथा प्रशासन द्वारा जारी सुरक्षा एवं यातायात संबंधी निर्देशों का पालन करने की अपील की। इस अवसर पर नगर पालिका उपाध्यक्ष उमा महेश वर्मा, पूर्व मंडल अध्यक्ष जसमीत सिंह बन्नोआना, पूर्व मंडल महामंत्री विनय बंसल, भाजपा कार्यकर्ता ललित शर्मा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# अवैध महुआ शराब बेचने वाला 1 कोचिया गिरफ्तार, सार्वजनिक जगहों पर शराब पी रहे 2 शराबी भी धराए

बोरतलाव (दावा)। जिले में अपराध नियंत्रण, अड्डेबाजी चेकिंग और कानून व्यवस्था बनाए रखने के उद्देश्य से पुलिस द्वारा असामाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार सख्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बोरतलाव थाना पुलिस ने पेट्रोलिंग के दौरान अवैध महुआ शराब बेच रहे एक आरोपी को दबोचा है, वहीं सार्वजनिक स्थानों पर शराब पी रहे दो लोगों के खिलाफ भी आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है।

पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी केसरी नंदन नायक के पर्यवेक्षण में बोरतलाव पुलिस द्वारा क्षेत्र में लगातार गश्त व चेकिंग की जा रही है। 27 अगस्त की शाम व रात पेट्रोलिंग और अड्डेबाजी चेकिंग के दौरान मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर ग्राम अण्डी फकीरटोला में दबिश दी गई। पुलिस ने वहां से आरोपी श्यामलाल कतलाम के कब्जे से बिक्री के लिए रखी गई 9.500 बल्क लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब बरामद कर जब्त की। आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 60/2026, धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार किया गया।

### सार्वजनिक स्थानों पर शराब पीने वालों पर भी कसा शिकंजा

इसी प्रकार रात्रि गश्त के दौरान पुलिस ने ग्राम ठाकुरटोला चौक और बोरतलाव मेन रोड किनारे नाई दुकान के पास सार्वजनिक स्थान पर शराब पी रहे दो व्यक्तियों को पकड़ा। पकड़े गए आरोपियों में मुकेश वर्मा (निवासी कोटनापानी) और नोहर सेन (निवासी पीपरखार) शामिल हैं। इन दोनों के खिलाफ धारा 36(च)1 आबकारी अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की गई है।

# 5 साल की मासूम से दुष्कर्म का आरोप, 15 वर्षीय नाबालिग पर मामला दर्ज

अंबागढ़ चौकी (दावा)। अंबागढ़ चौकी थानांतर्गत 5 साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म का बेहद गंभीर मामला सामने आया है। पुलिस के अधिकृत वेब पेज पर दर्ज जानकारी के अनुसार मामले में बीएनएस की धारा 65(2) और 115(2) के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। मामले में आरोप 15 वर्षीय नाबालिग पर है। घटना की जानकारी मिलने के बाद जिले की मीडिया जीरो ग्राउंड पर पहुंची, तब पीड़ित बच्ची के परिजनों ने घटना को लेकर गंभीर आरोप लगाए और मामले में किसी तरह का समझौता नहीं करने की बात कही।

**पीड़ित पक्ष ने कहा- समझौता नहीं, चाहिए इंसाफ**

### तालाब के पास घटना का आरोप

परिजनों के अनुसार बुधवार शाम करीब 4 से 5 बजे के बीच घर के पीछे स्थित छोटे तालाब के पास बच्ची के साथ घटना हुई। घटना के बाद परिजन बच्ची को अस्पताल लेकर पहुंचे। इसके बाद रात में गांव में बैठक हुई जब बैठक में कोई आरोपी ने अपना गुनाह कबूल नहीं किया तब पुलिस की 112 सेवा को सूचना दी गई। सूचना मिलने पर पुलिस टीम गांव पहुंची और आरोपी बताए जा रहे नाबालिग तथा बच्ची को चौकी लेकर गई। देर रात तक पुलिस की कार्रवाई जारी रही। परिजनों के अनुसार सुबह करीब 4 बजे तक कार्रवाई की गई।

### पीड़ित पक्ष ने लगाया समझौते के दबाव का आरोप

जीरो ग्राउंड पर पीड़ित पक्ष के परिजनों ने आरोपी पर नशे की आदत होने का आरोप लगाया। उनका कहना है कि आरोपी शराब और गांजा का सेवन करता है। साथ ही परिजनों ने आरोप लगाया कि आरोपी पक्ष की ओर से समझौते की बात कही जा रही है। हालांकि पीड़ित परिवार ने किसी भी तरह के समझौते से इनकार करते हुए कानूनी कार्रवाई और न्याय की मांग की है। नशे के सेवन और समझौते के दबाव से जुड़े आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि नहीं हुई है। 5 साल की बच्ची से जुड़े इस मामले को लेकर गांव में चिंता और आक्रोश का माहौल है। पीड़ित परिवार निष्पक्ष जांच और न्याय की मांग कर रहा है। पुलिस ने संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। मामला दोनों पक्षों के नाबालिगों से जुड़ा होने के कारण उनकी पहचान उजागर नहीं की जा रही है।

# नीरज विद्या मंदिर में मना खेल दिवस पर निकाली गई रैली



डोंगरगांव(दावा)। नगर की प्रतिष्ठित शिक्षण संस्था नीरज विद्या मंदिर (मोहड़) में हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती खेल दिवस के रूप में पूरे उत्साह के साथ मनायी गई। इस अवसर पर बच्चों को ध्यानचंद के विषय में महत्वपूर्ण जानकारियाँ दी गई। मेजर ध्यानचंद के तैलचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर उन्हें याद किया गया। बच्चों ने उत्साह के साथ रैली में भाग लेते हुए 'हर घड़ी हर मैदान, खेले सारा हिंदुस्तान' के बुलंद नारे लगाए। संस्था की एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती पुष्पा बाजपेयी एवं संस्था प्राचार्य जिवेश द्विवेदी ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर श्रीमती बाजपेयी ने कहा कि खेल को भाईचारे की भावना से खेलना चाहिए इसमें हार या जीत दो पहलू होते हैं, जिसे स्वस्थ मन से स्वीकार करना चाहिए। उन्होंने इस अवसर पर हॉकी के जादूगर ध्यानचंद को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए खेल के क्षेत्र में उनके दिए हुए योगदानों को अविस्मरणीय बताया। प्राचार्य श्री द्विवेदी ने देश के खेल प्रतिभाओं का जिक्र करते हुए बच्चों को बेहतर खेल खेलने की सलाह दी। साथ ही उन्होंने कहा कि हॉकी एक ऐसा खेल है जो हमारे शरीर को अन्य खेलों की तुलना में अत्यधिक मजबूत बनाता है। खेल शिक्षिका सुश्री नीलम कोड़ापे के मार्गदर्शन में एक बहुत आकर्षक सामूहिक खेल गीत-नृत्य की प्रस्तुति विद्यार्थियों ने दी। खेल दिवस की संस्था के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स इंजी. नीरज बाजपेयी, श्रीमती सोनल बाजपेयी, रितेश शर्मा, नीरज कोटडिया, सुश्री कुंतल बाजपेयी एवं प्रशासक जी राम सिन्हा ने हार्दिक बधाई देते हुए अपनी-अपनी शुभकामनाएं दीं। विद्यार्थियों ने खेल भावना को लेकर विचार भी रखे, जिनमें अश्लेषा चक्रवर्ती, निकिता साहू एवं धीरज थलाल प्रमुख रहे। खेल शिक्षक श्री एल. आर. कदम ने ध्यानचंद के जीवन को हर विद्यार्थी के लिए अनुकरणीय बताते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन में रहने की बात कही। यह जानकारी एक विज्ञप्ति में खेल शिक्षक गुलशन कुमार ने दी।

# हिमालय में तेजी से बढ़ रहीं 676 ग्लेशियर झीलें; 130 भारत में, मंडरा रहा जलप्रलय का खतरा



नई दिल्ली। नेपाल और पड़ोसी हिमालयी क्षेत्रों में आई हालिया प्राकृतिक आपदाओं के बीच इसरो के नए उपग्रह अध्ययन ने पर्वतीय पारिस्थितिकी और सुरक्षा को लेकर खतरे की घंटी बजा दी है। सैटेलाइट आंकड़ों के विश्लेषण से पता चला है कि उच्च हिमालयी एशिया में ग्लेशियर झीलों का कुल क्षेत्रफल वर्ष 2016-17 से अब तक 5.5 प्रतिशत तक बढ़ चुका है। बर्फ के तेजी से पिघलने और ग्लेशियरों के पीछे हटने से बनीं ये अस्थिर झीलें भारत के संवेदनशील नदी बेसिनों के लिए बड़ा खतरा बन रही हैं।

### भारत में मौजूद 130 झीलों का आकार बढ़ा, तीन प्रमुख बेसिन प्रभावित

सैटेलाइट विश्लेषण के अनुसार, भारतीय हिमालयी नदी घाटियों में 10 हेक्टेयर से बड़ी 676 ग्लेशियर झीलों का दायरा काफी बढ़ गया है। इनमें से 130 झीलें भारत के भौगोलिक क्षेत्र में स्थित हैं। नदी बेसिन के आधार पर देखें तो सर्वाधिक 65 झीलें सिंधु नदी बेसिन, 58 झीलें ब्रह्मपुत्र बेसिन और 7 झीलें गंगा नदी बेसिन में स्थित हैं। इनमें से अधिकांश झीलें मोरेन के कमजोर प्राकृतिक बांधों के सहारे टिकी हैं।

### 601 झीलों का आकार हुआ दोगुने से ज्यादा

इसरो के दीर्घकालिक आंकड़ों के अनुसार, विस्तार दर्ज करने वाली 676 झीलों में से 601 झीलों का आकार अपने मूल क्षेत्रफल से दोगुने से भी अधिक हो चुका है। वहीं 10 झीलों में 1.5 से 2 गुना और 65 झीलों में 1.5 गुना तक की वृद्धि देखी गई है। ऊंचाई के लिहाज से 314 झीलें 4,000 से 5,000 मीटर की ऊंचाई पर और 296 झीलें 5,000 मीटर से अधिक की ऊंचाई पर स्थित हैं, जहां मौसम के बदलाव का असर सबसे ज्यादा पड़ रहा है। अध्ययन में सामने आया है कि पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में अकेले इन झीलों का क्षेत्रफल 14.1 वर्ग किलोमीटर तक बढ़ गया है। इसके साथ ही हिमालयी रेंज में 80 हजार से अधिक भूस्खलन की घटनाएं दर्ज की जा चुकी हैं। भारी बारिश, चट्टानों के खिसकने और पहाड़ी ढलानों के टूटने से इन झीलों के प्राकृतिक तटबंधों पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है, जिससे केदारनाथ और सिक्किम जैसी अचानक आने वाली विनाशकारी बाढ़ की आशंका गहरा जाती है।

### जलविद्युत परियोजनाओं और संवेदनशील इलाकों की 24×7 निगरानी

हिमालयी क्षेत्र में बढ़ते खतरे को देखते हुए इसरो लगातार मानसून के दौरान एनएचपीसी की 26 प्रमुख जलविद्युत परियोजनाओं के जलग्रहण क्षेत्रों में स्थित 2,024 ग्लेशियल झीलों की सैटेलाइट से पैनी निगरानी कर रहा है। वैज्ञानिकों का कहना है कि ग्लोबल वार्मिंग के चलते ग्लेशियरों का सिकुड़ना लगातार जारी है, जिससे समय रहते पूर्व चेतावनी प्रणाली और जल निकासी प्रबंधन को मजबूत करना अनिवार्य हो गया है।

# स्काई स्पोर्ट्स इंटरव्यू विवाद पर सरफराज अहमद का बड़ा बयान

नई दिल्ली। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के मुख्य कोच सरफराज अहमद ने पूर्व प्रधानमंत्री और दिग्गज क्रिकेटर इमरान खान के बेटों के इंटरव्यू को लेकर हुए विवाद पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि उन्हें इस पूरे मामले की कोई जानकारी नहीं थी और उनका पूरा ध्यान सिर्फ मैच पर था। सरफराज ने पत्रकारों से बातचीत में कहा, च्मुझे कुछ नहीं पता, मैं सिर्फ मैच पर ध्यान दे रहा हूं। आप इंटरव्यू की बात कर रहे हैं? हमें इंटरव्यू के बारे में कुछ नहीं पता।ज्ज् उन्होंने यह भी कहा कि टीम के खिलाड़ी इस विवाद से अनजान थे और वे मैच की तैयारी में जुटे हुए थे। यह विवाद उस समय शुरू हुआ जब इंग्लैंड के पूर्व कप्तान और स्काई स्पोर्ट्स के प्रस्तोता माइकल एथरटन ने इमरान खान के बेटों सुलेमान और कासिम खान का इंटरव्यू लिया। इस बातचीत में दोनों ने अपने पिता की स्थिति, स्वास्थ्य और सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस इंटरव्यू को लेकर पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने नाराजगी जताई थी और इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड से आपत्ति दर्ज कराई थी। कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया कि पाकिस्तान टीम के मैच से हटने की संभावना पर चर्चा हुई थी।

# नीरज चोपड़ा 2026 एशियन गेम्स से बाहर, इंजरी ने दिया बड़ा झटका



नई दिल्ली। भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा 2026 एशियाई खेलों से बाहर हो गए हैं. इंजरी ने नीरज को बड़ा झटका दिया. उन्होंने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए अपनी इंजरी और बाकी सीजन से बाहर होने की जानकारी दी. उन्हें ट्रेनिंग के दौरान एंकल में लीगामेंट टियर हुआ.

नीरज को यह फैसला सीजन का बेस्ट थ्रो फेंकने के बाद लेना पड़ा. 21 अगस्त को लॉजेन डायमंड लीग में नीरज ने 88.05 मीटर का थ्रो किया था. अब 29 अगस्त (शनिवार) को नीरज ने खुद के बाहर होने की जानकारी दी. हालांकि उनकी पोस्ट में एशियाई खेलों का जिक्र नहीं किया, लेकिन पूरे सीजन से बाहर होने का मतलब यही होता है कि वह उससे भी बाहर हो गए.

### नीरज चोपड़ा की पोस्ट

नीरज ने अपनी पोस्ट में लिखा, काफी मेहनत के बाद, मुझे लगा कि लॉजेन में 'सीजन के बेस्ट थ्रो' के साथ मुझे वह रिदम मिल रहा है जिसकी मुझे तलाश थी. लेकिन अफसोस, इसके कुछ वक्त बाद ट्रेनिंग के दौरान मेरे एंकल में लिगामेंट टियर हुआ. डॉक्टर और टीम से सलाह के बाद फैसला किया है कि मैं इस सीजन के बाकी हिस्से में हिस्सा नहीं लूंगा.

उन्होंने आगे लिखा, 'यह निराशाजनक है, खासकर इसलिए क्योंकि मुझे लग रहा था कि मैं अपनी लय पाने के करीब हूं. लेकिन जैसा कि कहा जाता है, रुकावटें सफर का हिस्सा होती हैं. अब मेरा ध्यान अच्छी तरह से रिकवर होने और और भी मजबूती से वापसी करने पर है.'

### पिछले एशियन गेम्स में जीता था गोल्ड

पिछले यानी 2023 के एशियाई खेलों में नीरज चोपड़ा ने गोल्ड मेडल जीता था. चीन के हांगझोऊ में हुई प्रतियोगिता में नीरज ने 88.88 मीटर का थ्रो किया था. इसके साथ किशोर जेना ने सिल्वर मेडल अपने नाम किया था. भारत ने पुरुष जैवलिन प्रतियोगिता में डबल पोडियम फिनिश किया था.

# अब नई टीम से जुड़े गुरनूर बराड़; खेलेंगे सीधा सेमीफाइनल

नई दिल्ली । तेज गेंदबाज गुरनूर बराड़ आगामी दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए उत्तर क्षेत्र की टीम से जुड़ गए हैं, जबकि साथी तेज गेंदबाज आकिब नबी के इस साल नवंबर में भारत के न्यूजीलैंड दौरे से पहले थोड़े समय के लिए इंग्लैंड जाकर काउंटी चैंपियनशिप खेलने की संभावना है।



बराड़ और नबी दोनों हाल ही में श्रीलंका के विरुद्ध भारत की 1-0 से जीती सीरीज के लिए टीम का हिस्सा थे, लेकिन दोनों को ही प्लेइंग इलेवन में मौका नहीं मिला था। छह वनडे खेल चुके बराड़ के रविवार से बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस (सीओई) मैदान पर दक्षिण क्षेत्र के विरुद्ध होने वाले मुकाबले में जम्मू-कश्मीर के तेज गेंदबाज सुनील कुमार की जगह नॉर्थ जोन की प्लेइंग इलेवन में शामिल होने की संभावना है।

मामले की जानकारी रखने वाले एक सूत्र ने शुक्रवार को कहा कि गुरनूर दलीप ट्रॉफी सेमीफाइनल के लिए उत्तर क्षेत्र की टीम से जुड़ गए हैं। भारतीय टीम प्रबंधन चाहता है कि न्यूजीलैंड के विरुद्ध टेस्ट सीरीज को ध्यान में रखते हुए उन्हें लाल गेंद से खेलने का समय मिले और वह टेस्ट सीरीज के लिए तैयार रहें। गुरनूर के अलावा ऑफ स्पिन गेंदबाजी ऑलराउंडर सारांश जैन के भी पूर्व क्षेत्र के विरुद्ध सेमीफाइनल मुकाबले के लिए मध्य क्षेत्र की टीम से जुड़ने की संभावना है।

# थाईलैंड के खिलाफ अभियान का आगाज करेगी टीम इंडिया

नई दिल्ली। विमंस एशिया कप 2026 की 28 अगस्त से शुरुआत हुई। टूर्नामेंट के तीसरे मैच में भारतीय महिला टीम का सामना थाइलैंड महिला टीम से होगा।





हरमनप्रीत कौर की नजर जीत के साथ एशिया कप का आगाज करने पर है। ऐसे में आइए जानते हैं कि यह मुकाबला कब और कहां खेल जाएगा? साथ ही आप इस मैच को टीवी और मोबाइल पर कैसे देख सकते हैं?

### भारतीय महिला क्रिकेट टीम

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, शेफाली वर्मा, भारती फुलमाली, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष, जी कमलिनी, अरुंधति रेड्डी, प्रेमा रावत, राधा यादव, श्री चरणी, रेणुका ठाकुर, नंदनी शर्मा, क्रांति गौड़, प्रतिका रावल।

### थाईलैंड महिला क्रिकेट टीम

नारुएमोल चाइवाई (कप्तान), नन्नापत कोनचारोएनकाई, नत्थाकन चानथम, चानिदा सुथिरुआंग, सुलेपोर्न लाओमी, ओनिचा कामचोमफू, थिपचा पुथावोंग, फन्निता माया, एफिसारा सुवानचोनराथी, सुनिदा चतुरोंग्रट्टाना, चायनिसा फेंगपैन, नन्नाफट चाइहान, कोरानित सुवानचोनराथी। थानराडा सीसावन, नाओमी हैमिल्टन।

### एशिया कप 2026 में भारत का शेड्यूल

30 अगस्त, रविवार : भारत बनाम थाईलैंड - रात 8 बजे, 3 सितंबर, गुरुवार : भारत बनाम हांगकांग, चीन - रात 8 बजे, 5 सितंबर, शनिवार : भारत बनाम पाकिस्तान - रात 8 बजे, 10-11 सितंबर : सेमीफाइनल - रात 8 बजे (क्वालिफिकेशन पर निर्भर)

# आखिरकार छलक पड़ा सूर्यकुमार यादव का दर्द, टी20 टीम से बाहर किए जाने पर पहली बार किया दुख बयां



नई दिल्ली। सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में भारतीय क्रिकेट टीम ने टी20 में शानदार प्रदर्शन किया था। उनकी कप्तानी में भारत एक भी सीरीज नहीं हारा था। इसके अलावा एशिया कप और टी20 वर्ल्ड कप भी भारत ने जीता था। इसके बाद भी वह टीम से बाहर कर दिए गए। सूर्यकुमार ने अब इसे लेकर चुप्पी तोड़ी है।

अजीत अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर सेलेक्शन कमेटी ने टी20 वर्ल्ड कप-2026 के बाद सूर्यकुमार यादव को टीम से बाहर कर दिया और लंबे समय से बाहर चल रहे श्रेयस अय्यर की कप्तान के तौर पर वापसी कराई। ये फैसला कमेटी ने भविष्य को देखते हुए लिया था। सूर्यकुमार की उम्र भी हो रही थी साथ ही उनका बल्ला भी काफी दिनों से शांत था।

सूर्यकुमार ने माना कि जब उन्हें टीम से बाहर किया गया तो वह परेशान नहीं हुए थे क्योंकि उन्होंने अपने आप को सेलेक्टर्स की जगह रखकर सोचने की कोशिश की थी कि वह क्यों उनसे आगे बढ़ना चाहते हैं। सूर्यकुमार ने भारत के पूर्व सलामी बल्लेबाज आकाश चोपड़ा से बात करते हुए कहा, जब मैंने अपना नाम वहां नहीं देखा तो मैं हंसा क्योंकि जब भी मैं दबाव की स्थिति में होता हूं, जब भी चीजें मेरे फेवर में नहीं जाती हैं तो मैं हमेशा हंसता हूं। मैं रिलेक्स रहता हूं। अतीत में जो मौके मिले उनका मैं शुक्रगुजार हूं।÷

सूर्यकुमार ने माना कि वह टीम में न चुने जाने से निराश थे क्योंकि उन्होंने अपनी कप्तानी में अच्छा काम किया था। उन्होंने कहा, ÷मैंने देखा था कि उन्होंने क्या टीम चुनी है। मैंने भी काफी सारी क्रिकेट खेली है। मैं श्रेयस के साथ खेला हूं और इसलिए जानता हूं कि वह अच्छा खिलाड़ी, अच्छा इंसान और अच्छा कप्तान है। मैं ये नहीं सोच रहा था कि उन्होंने उसे कप्तान क्यों बना दिया, लेकिन हां मैं निराश था क्योंकि दो साल में आप एक भी सीरीज नहीं हारे। आपने वर्ल्ड कप जीता, एशिया कप जीता। आप आगे भी यही चाहते हो तो और जब सब कुछ अच्छा चल रहा है तो फिर क्यों? बदलाव के पीछे क्या वजह थी? मेरे दिमाग में यही चल रहा था।

# एशियन गेम्स : इंतजामों की पोल! क्रिकेटरों को 20 किमी दूर क्यों ठहराया जा रहा ?



नई दिल्ली। एशियन गेम्स से पहले खिलाड़ियों की बढ़ती संख्या के चलते आयोजन की व्यवस्थाओं पर सवाल खड़े हो गए हैं। क्रिकेटरों को वेन्यू से करीब 20 किलोमीटर दूर ठहराया जाएगा, जबकि पिच, ड्रेसिंग रूम और कमरों की सुविधाओं को लेकर भी चिंता जताई गई है। अगले महीने जापान में होने वाले नागोया-अइची एशियन गेम्स 2026 से पहले आयोजन से जुड़ी व्यवस्थाओं को लेकर सवाल उठने लगे हैं। खिलाड़ियों और अधिकारियों की संख्या तय अनुमान से बढ़कर करीब 17 हजार पहुंच गई है, जिसके चलते आयोजकों के सामने ठहरने की बड़ी समस्या खड़ी हो गई है। हालात यह हैं कि क्रिकेट खिलाड़ियों को आयोजन स्थल से करीब 20 किलोमीटर दूर ठहराने की तैयारी है।

19 सितंबर से होना है आयोजन

एशियन गेम्स का आयोजन 19 सितंबर से 4 अक्तूबर तक होना है। शुरुआत में करीब 15 हजार खिलाड़ियों और अधिकारियों के शामिल होने का अनुमान था, लेकिन टेकबॉल और पैडल को खेल कार्यक्रम में शामिल किए जाने के बाद यह संख्या बढ़कर लगभग 17 हजार हो गई है। इनमें करीब 11 हजार खिलाड़ी और छह हजार अधिकारी शामिल हैं।

आयोजन समिति के अध्यक्ष हिदेकी ओमुरा ने कहा है कि मेजबानी समझौता 15 हजार लोगों की क्षमता के आधार पर किया गया था और इससे अधिक लोगों के लिए अतिरिक्त बजट की व्यवस्था नहीं की गई है।

उन्होंने साफ कहा कि अतिरिक्त प्रतिभागियों के लिए आयोजकों के पास पर्याप्त आवास उपलब्ध नहीं है और अगर वे एशियन गेम्स में हिस्सा लेना चाहते हैं, तो उन्हें अपने ठहरने की व्यवस्था खुद करनी होगी।

नागोया के मेयर इचिरो हिरोसावा ने भी माना है कि सीमित बजट में बढ़ी हुई संख्या के खिलाड़ियों और अधिकारियों के लिए आवास की व्यवस्था करना बड़ी चुनौती है।

ओलंपिक की तरह इस बार एशियन गेम्स में पारंपरिक एथलीट्स विलेज नहीं बनाया गया है। खिलाड़ियों और अधिकारियों के ठहरने के लिए आयोजक होटल, क्रूज शिप और अस्थायी कंटेनरनुमा आवास का इस्तेमाल कर रहे हैं। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 4000 से 5000 खिलाड़ी एक इतालवी क्रूज शिप में ठहर सकते हैं, जिसे आयोजन क्षेत्र में खड़ा किया गया है। वहीं, करीब 2000 खिलाड़ियों के लिए अस्थायी आवास की व्यवस्था की जा रही है। बाकी प्रतिभागियों को अलग-अलग होटलों में ठहराया जाएगा। कुछ प्रतियोगिताएं नागोया से बाहर भी होंगी। तैराकी, डाइविंग और घुड़सवारी जैसी कुछ स्पर्धाएं टोक्यो में आयोजित की जाएंगी।

### आयोजकों से प्रतिभागियों की संख्या घटाने की अपील

आवास संकट के बीच इस सप्ताह ऐसी रिपोर्टें भी सामने आई हैं कि स्थानीय आयोजन समिति ने ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) से प्रतिभागियों की संख्या कम करने का अनुरोध किया है। हालांकि, आवास की समस्या अकेली चुनौती नहीं है। एशियन गेम्स में शामिल होने वाली क्रिकेट टीमों ने भी आयोजन स्थल और खिलाड़ियों के ठहरने की व्यवस्था को लेकर चिंता जताई है।

### क्रिकेट वेन्यू को लेकर भी उठे सवाल

एशियन गेम्स में क्रिकेट मुकाबले कोरोगी स्पोर्ट्स पार्क में खेले जाएंगे। यह मूल रूप से एक बेसबॉल मैदान है, जिसे क्रिकेट के लिए तैयार किया गया है। बताया जा रहा है कि मैदान पर अभी भी पिचर का माउंड मौजूद है। क्रिकेट पिच भी हाल ही में तैयार की गई है और इसका प्रतिस्पर्धी स्तर पर सीमित इस्तेमाल हुआ है। भारत और पाकिस्तान समेत कई एशियाई टीमें इसी मैदान पर मुकाबले खेलेंगी। क्रिकेट प्रतियोगिता 17 सितंबर से शुरू होने की उम्मीद है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**ताशकंद में पीएम मोदी: प्रधानमंत्री ने यांगी....**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, ताशकंद में आपका स्वागत है। मेरा नाम समंदर है। हम ताशकंद के विद्यार्थी हैं। हम आपके ताशकंद आने का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। नरेंद्र मोदी जी, ताशकंद आपका इंतजार कर रहा है। एक अन्य छात्र ने कहा कि ताशकंद की धरती प्रधानमंत्री मोदी के आने का इंतजार कर रही है। उसने कहा कि सभी छात्र इस मुलाकात को लेकर उत्साहित हैं और प्रधानमंत्री के स्वागत के लिए तैयार हैं।

0 अबतक कितने बार उज्बेकिस्तान गए हैं पीएम मोदी?: विदेश मंत्रालय में सचिव (पश्चिम) सिबी जॉर्ज ने बताया कि यह पीएम मोदी का उज्बेकिस्तान का चौथा दौरा होगा। इससे पहले उन्होंने 2015 में उज्बेकिस्तान और पश्चिम एशिया के अन्य देशों का दौरा किया था और फिर 2016 और 2022 में शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) समिट में शामिल होने के लिए वहां गए थे। गुरुवार को प्रधानमंत्री मोदी की उज्बेकिस्तान और किर्गिस्तान यात्रा के बारे में एक खास मीडिया ब्रीफिंग के दौरान सेक्रेटरी जॉर्ज ने कहा कि यह मुलाकात भारत और उज्बेकिस्तान के बीच लंबे समय से चले आ रहे सांस्कृतिक संबंधों को उजागर करने का मौका देगी। पिछले कई वर्षों से भारत और उज्बेकिस्तान के बीच द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों स्तरों पर बड़े पैमाने पर और फायदेमंद संबंध रहे हैं। उज्बेकिस्तान के राष्ट्रपति ने 2018 में भारत की राजकीय यात्रा की थी और वे 2019 में वाइब्रेंट गुजरात ग्लोबल समिट में भी शामिल हुए थे। पीएम मोदी और मिर्जियोयेव की मुलाकात 2023 में दुबई में सीओपी28 के दौरान और 2024 में कजान में ब्रिक्स समिट के दौरान हुई थी। इन नेताओं की पिछली मुलाकात 2025 में चीन के तियानजिन में एससीओ समिट के दौरान हुई थी।

**राहुल गांधी ने प्रोजेक्टर पर खड़गे....**

दलितों का अपमान बताया। उन्होंने कहा, 'मैं दलित हूं, शुद्धीकरण के नाम पर मेरा अपमान किया गया।'

0 शुद्धीकरण करने वालों के खिलाफ FIR हो: 20 दिन हो गए हैं। लेकिन अभी तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। हमारी मांग है कि उत्तराखंड में जिन लोगों ने खड़गे की रैली के बाद मंच का शुद्धीकरण किया, उनके खिलाफ जल्द से जल्द FIR दर्ज हो। SC/ST एक्ट के तहत कार्रवाई की जाए।

**डोनाल्ड ट्रंप का ऐलान: वेनेजुएला.....**

हिस्सा है। हालांकि, खराब बुनियादी ढांचे के कारण वेनेजुएला वर्तमान में दुनिया के कुल तेल उत्पादन का केवल 1 प्रतिशत ही पैदा कर पाता है। एक्सियोस की रिपोर्ट के अनुसार, दो अमेरिकी अधिकारियों के हवाले से बताया गया है कि ट्रंप प्रशासन लगातार अमेरिकी फर्मों को वेनेजुएला में निवेश करने के लिए प्रोत्साहित करता रहा है। इस नई डील के तहत निजी कंपनियों को तेल क्षेत्रों के विकास की अनुमति दी जाएगी, जिसके बदले में अमेरिका की हिस्सेदारी सुनिश्चित होगी। हालांकि वेनेजुएला की ओर से अभी इस समझौते की आधिकारिक पुष्टि होना बाकी है, लेकिन अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने कहा कि यह समझौता इस बात का प्रमाण है कि राष्ट्रपति ट्रंप की साहसिक विदेश नीति अमेरिका को सुरक्षित भंडार हासिल करने और देश में गैस की कीमतों को नियंत्रण में रखने में मदद कर रही है। हालांकि, रुबियो ने भी इस डील से जुड़ी बहुत ज्यादा विस्तार से जानकारियां साझा नहीं कीं। माइक्रो-ब्लॉगिंग प्लेटफॉर्म एक्स (पूर्व में ट्विटर) पर अपनी बात रखते हुए रुबियो ने कहा, वेनेजुएला के लोगों के लिए यह सौदा निजी निवेश के रूप में लगभग 100 अरब डॉलर लेकर आएगा, हजारों उच्च-वेतन वाली नौकरियों का समर्थन करेगा और वेनेजुएला की अर्थव्यवस्था के पुनर्निर्माण को गति देगा।

**141 लाख टन धान खरीदा, 68 हजार....**

0 बैज बोले- ढाई सौ करोड़ से ज्यादा का मामला: धान के शॉर्टेज को लेकर कांग्रेस ने सरकार पर हमला बोला है। पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज ने आरोप लगाया कि धान में सामने आई कमी सामान्य नहीं है और इसमें बड़े स्तर पर भ्रष्टाचार हुआ है। बैज का दावा है कि धान की वास्तविक कमी बताए गए आंकड़े से भी ज्यादा हो सकती है। उन्होंने मामले में ढाई सौ करोड़ रुपये से अधिक के भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए कहा कि इसकी व्यापक जांच होनी चाहिए। उन्होंने सरकार और जिम्मेदार लोगों की भूमिका की जांच की मांग की है। अब निगाह इस बात पर है कि धान के लेखा मिलान की प्रक्रिया पूरी होने के बाद कुल शॉर्टेज का आंकड़ा कितना सामने आता है और संबंधित सोसाइटियों के प्रभारी व प्रबंधकों पर विभाग क्या कार्रवाई करता है।

**राज्य खेल अलंकरण समारोह: ज्ञानेश्वरी को मिला 30....**

को बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि पिछले तीन वर्षों के उत्कृष्ट खिलाड़ियों को राज्य खेल अलंकरण से सम्मानित किया गया है। उन्होंने कहा कि खेलों के प्रति युवाओं को प्रोत्साहित करने और प्रदेश की खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए राज्य सरकार लगातार प्रयास कर रही है। 1 करोड़ 74 लाख 19 हजार रुपये की राशि खिलाड़ियों को प्रदान किया जाना इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उपमुख्यमंत्री अरुण साव ने राज्य खेल अलंकरण समारोह-2026 को खिलाड़ियों के लिए बेहद यादगार अवसर बताया। उन्होंने कहा कि आज राष्ट्रीय खेल दिवस है और यह दिन हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने मेजर ध्यानचंद को नमन किया। अरुण साव ने कहा कि राज्य खेल अलंकरण प्रदेश के वीर शहीदों के नाम पर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि देश को ऐसे प्रधानमंत्री मिले हैं, जो खेल और खिलाड़ियों से बेहद स्नेह करते हैं। जब भी कोई खिलाड़ी बड़ी उपलब्धि हासिल करके लौटता है, प्रधानमंत्री स्वयं उसका सम्मान करते हैं।

**एफएसएसएआई की कार्रवाई: एवरेस्ट....**

नहीं होनी चाहिए। लेकिन जांच में इन छह किस्मों में स्टार्च की मात्रा 15 से 32 प्रतिशत तक पाई गई। यह निर्धारित सीमा से काफी अधिक है। एफएसएसएआई ने बिक्री रोकने का दिया आदेश: इन खामियों को देखते हुए एफएसएसएआई ने दोनों कंपनियों के कम्पाउंडेड हींग की बिक्री पर रोक लगाने का आदेश जारी किया है। प्राधिकरण के मुताबिक यह कदम उपभोक्ताओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एहतियात के तौर पर उठाया गया है। दोनों कंपनियों को यह बताने का निर्देश दिया गया है कि वे सामने आई खामियों को किस तरह दूर करेंगी और भविष्य में खाद्य मानकों के अनुरूप हींग का उत्पादन कैसे सुनिश्चित करेंगी। साथ ही कंपनियों को बाजार में मौजूद घटिया गुणवत्ता वाले हींग उत्पादों को स्वेच्छा से वापस मंगाने की सलाह भी दी गई है।

0 गरम मसाला और चिकन मसाले पर कोई बैन नहीं: इस पूरे मामले में एक अहम बात यह है कि एफएसएसएआई की कार्रवाई को लेकर किसी तरह का भ्रम न हो। बिक्री पर रोक केवल संबंधित हींग उत्पादों पर लगाई गई है। एवरेस्ट और लालजी गोधू के अंडा करी मसाला, चिकन करी मसाला, गरम मसाला या अन्य उत्पादों पर इस आदेश के तहत कोई प्रतिबंध नहीं लगाया गया है।

**नेपाल बाढ़ त्रासदी: मृतकों का....**

शामिल है। इसके अलावा, त्रिशूल और रसुवा में विभिन्न हाइड्रोपावर प्रोजेक्ट्स की सुरंगों से 191 श्रमिकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया है। नेपाल पुलिस ने एक नोटिस जारी कर यह भी बताया कि राजधानी को देश के अन्य हिस्सों से जोड़ने वाला मुख्य सड़क मार्ग मुग्लिंग-काठमांडू हाईवे शनिवार को यातायात के लिए फिर से खोल दिया गया है। नेपाल के वित्त मंत्री स्वर्णिम वाग्ले ने कहा है कि सीमावर्ती क्षेत्रों में आई इस भीषण बाढ़ के बाद देश को दोबारा पटरी पर लाने और पुनर्निर्माण कार्यों के लिए 4 से 5 अरब डॉलर की भारी-भरकम राशि की आवश्यकता होगी। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह अभी एक शुरुआती अनुमान है और नुकसान का सटीक आकलन किया जा रहा है। इस बीच, प्रधानमंत्री आपदा राहत कोष के लिए शुक्रवार रात तक 2.29 अरब नेपाली रुपये से अधिक की राशि जमा हो चुकी है। वित्त मंत्रालय ने बताया कि ये तमाम राशियां देश के 10 अलग-अलग कमर्शियल बैंकों में बने खातों में जमा कराई गई हैं, ताकि पीड़ितों की सहायता में तेजी लाई जा सके।

# रोनाल्डो का जलवा कायम 978वां गोल कर अल नास्त्र को दिलाई शानदार जीत

नई दिल्ली। फुटबॉल के दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने एक और बड़ी उपलब्धि अपने नाम कर ली है। रोनाल्डो ने अपने करियर का 978वां गोल दागते हुए अल नास्त्र को सऊदी प्रो लीग में अल तावून के खिलाफ 2-1 से जीत दिलाई। इस जीत के साथ अल नास्त्र ने लीग में अपनी शानदार शुरुआत को बरकरार रखा।

मैच में अल तावून ने पहले बढ़त हासिल कर अल नास्त्र पर दबाव बनाया, लेकिन घरेलू टीम ने जोरदार वापसी करते हुए मुकाबला अपने नाम कर लिया। रोनाल्डो ने दूसरे हाफ में निर्णायक गोल कर टीम को तीन महत्वपूर्ण अंक दिलाए। मुकाबले की शुरुआत अल तावून के पक्ष में रही। टीम ने 11वें मिनट में गोल कर अल नास्त्र को पीछे कर दिया। शुरुआती झटके के बाद अल नास्त्र ने आक्रमण तेज किया और पहले हाफ के इंजरी टाइम में बराबरी हासिल कर ली।

दूसरे हाफ की शुरुआत में रोनाल्डो ने शानदार प्रदर्शन करते हुए गोल किया और अल नास्त्र को 2-1 की बढ़त दिला दी। यह उनके करियर का 978वां गोल रहा और वह ऐतिहासिक 1000 गोल के आंकड़े के और करीब पहुंच गए हैं। इस जीत के साथ अल नास्त्र ने सऊदी प्रो लीग में अपना शानदार रिकॉर्ड कायम रखा। टीम लगातार जीत के साथ अंक तालिका में मजबूत स्थिति में बनी हुई है।

रोनाल्डो की मौजूदगी टीम के लिए लगातार निर्णायक साबित हो रही है। उम्र बढ़ने के बावजूद उनका गोल करने का सिलसिला जारी है और वह फुटबॉल इतिहास में एक और बड़ा रिकॉर्ड बनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। रोनाल्डो लंबे समय से अपने करियर में 1000 गोल पूरे करने के लक्ष्य की ओर बढ़ रहे हैं। 978 गोल के साथ वह इस ऐतिहासिक आंकड़े से सिर्फ कुछ कदम दूर हैं।

उनके इस प्रदर्शन ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि वह विश्व फुटबॉल के सबसे प्रभावशाली और लगातार प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों में शामिल हैं।

# महिलाओं की एकजुटता और आत्मनिर्भरता से बनेगा सशक्त समाज : जागृति चुन्नी यदु



भारतमाता संकुल संगठन का वार्षिक अधिवेशन एवं आमसभा मोहड़ में संपन्न, महिलाओं ने लिया संगठित होने का संकल्प

डोंगरगांव (दावा)। भारत माता संकुल संगठन डोंगरगांव द्वारा वार्षिक अधिवेशन एवं आमसभा का आयोजन ग्राम मोहड़ स्थित बहुउद्देशीय भवन में उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला भाजपा उपाध्यक्ष एवं राजनांदगांव जिला पंचायत सभापति जागृति चुन्नी यदु शामिल हुईं। उन्होंने मां सरस्वती व भारत माता के तैलचित्र पर विधिवत पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

### स्वावलंबन और शिक्षा से बनेगी महिलाओं की मजबूत पहचान

समारोह को संबोधित करते हुए जागृति चुन्नी यदु ने कहा कि महिलाएं जब संगठित होकर आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ती हैं, तो वे परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज के विकास की दिशा बदल देती हैं। आत्मनिर्भरता, शिक्षा, सामाजिक जागरूकता और स्वरोजगार के माध्यम से महिलाएं अपनी अलग और सशक्त पहचान स्थापित कर रही हैं। उन्होंने संकुल संगठन की महिलाओं से शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का पूरा लाभ उठाने तथा ग्रामीण अंचल की अन्य महिलाओं को भी प्रेरित करने का आह्वान किया।

### भविष्य की कार्ययोजनाओं पर हुआ विचार-मंथन

उन्होंने आगे कहा कि वार्षिक अधिवेशन केवल पुरानी गतिविधियों की समीक्षा का माध्यम नहीं, बल्कि भविष्य की नई दिशा तय करने का एक प्रभावी मंच है। महिलाओं की सक्रिय भागीदारी से ग्रामीण क्षेत्रों में सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन को नई गति मिल रही है। आमसभा के दौरान संगठन के विगत कार्यों की समीक्षा के साथ-साथ आगामी कार्ययोजनाओं पर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में जनपद पंचायत डोंगरगांव अध्यक्ष रंजीता पड़ौती, जनपद सदस्य विवेक मंडावी, सरपंच आशा देवांगन, संकुल संगठन अध्यक्ष अनीता वाल्दे, सचिव जयंती साहू, कोषाध्यक्ष सुनीता साहू, लेखापाल ममता साहू, उषा रानी, टिकेश्वरी चंद्रवंशी सहित बड़ी संख्या में स्व-सहायता समूहों की महिलाएं उपस्थित रहीं।

# साइबर जागृति अभियान के द्वितीय सप्ताह में केसीजी पुलिस की बड़ी पहल, 8 स्थानों पर 1,420 नागरिकों, छात्रों और शिक्षकों को किया जागरूक

खैरागढ़ (दावा)। बढ़ते डिजिटल अपराधों पर अंकुश लगाने और आम जनता को सतर्क करने के उद्देश्य से खैरागढ़-छुईखदान-गंडई (केसीजी) पुलिस द्वारा चलाए जा रहे 'साइबर जागृति अभियान' के द्वितीय सप्ताह के तहत व्यापक स्तर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। पुलिस टीमों ने जिले के शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों में कुल 8 अलग-अलग स्थानों पर शिविर लगाकर लोगों को साइबर सुरक्षा के गुर सिखाए।

### बैंक, बाजार और स्कूलों में दी गई साइबर सुरक्षा की सीख

जागरूकता अभियान के दौरान पुलिस बल ने बैंकों, एटीएम परिसरों, वित्तीय संस्थानों, स्थानीय बाजारों और शिक्षण संस्थानों में विशेष सत्र आयोजित किए। इन कार्यक्रमों में कुल 1,420 आम नागरिकों, छात्र-छात्राओं और शिक्षकों ने सक्रिय रूप से भाग लिया। विशेषज्ञ पुलिस अधिकारियों ने लोगों को यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन लॉटरी/जॉब फ्रॉड, फर्जी कॉल-मैसेज, अनाधिकृत ओटीपी शेयरिंग, पिन, सीवीवी, क्यूआर कोड स्कैनिंग और संदिग्ध लिंक पर क्लिक करने से होने वाले खतरों के प्रति विस्तार से आगाह किया।



यूपीआई फ्रॉड, ओटीपी और संदिग्ध लिंक से बचने के बताए तरीके, आपातकालीन हेल्पलाइन 1930 की दी जानकारी

### ठगी होने पर तुरंत 1930 पर करें शिकायत

पुलिस ने नागरिकों को जागरूक करते हुए बताया कि किसी भी अनजान व्यक्ति के साथ निजी या बैंकिंग जानकारी साझा न करें। यदि किसी कारणवश कोई साइबर ठगी का शिकार हो जाता है, तो वित्तीय नुकसान से बचने के लिए बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें या साइबर क्राइम पोर्टल पर तत्काल शिकायत दर्ज कराएं। अभियान के अंत में केसीजी पुलिस ने 'सतर्क रहें, सुरक्षित रहें—साइबर अपराध से बचाव, हम सबकी जिम्मेदारी' का संदेश देते हुए आमजन से सजग रहने की अपील की।

# 'राजनांदगांव समूह की रियासतों का विलीनीकरण' पर दीपक वर्मा को पीएचडी



डोंगरगढ़ (दावा)। शासकीय रानी अवंतीबाई लोधी महाविद्यालय, घुमका के इतिहास विभाग में पदस्थ सहायक प्राध्यापक दीपक वर्मा को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा इतिहास विषय में पी-एच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने 'राजनांदगांव समूह की रियासतों का विलीनीकरण' एक ऐतिहासिक अध्ययन' विषय पर शोध किया।

शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय डोंगरगढ़ की इतिहास विभाग की सहायक प्राध्यापक एवं शोध निर्देशक डॉ. आशा चौधरी एवं सह-निर्देशक डॉ. शैलेंद्र सिंह के मार्गदर्शन में पूर्ण हुए शोध में राजनांदगांव, खैरागढ़, छुईखदान एवं कवर्धा रियासतों के भारतीय संघ में विलीनीकरण की ऐतिहासिक प्रक्रिया का अध्ययन किया गया है। शोध में राष्ट्रीय अभिलेखागार, छत्तीसगढ़ राज्य अभिलेखागार तथा विभिन्न ऐतिहासिक एवं अप्रकाशित दस्तावेजों के आधार पर तथ्यों का विश्लेषण किया गया।

शोध में सरदार वल्लभभाई पटेल, वी.पी. मेनन, स्थानीय जनआंदोलनों तथा क्षेत्रीय स्वतंत्रता सेनानियों के योगदान को भी रेखांकित किया गया है। दीपक वर्मा इससे पूर्व छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की वर्ष 2019 की सहायक प्राध्यापक इतिहास भर्ती परीक्षा में टॉपर रहे हैं। उनकी इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य, प्राध्यापकों, सहकर्मियों एवं परिजनों ने बधाई देते हुए इसे क्षेत्रीय इतिहास के अध्ययन में महत्वपूर्ण अकादमिक उपलब्धि बताया।

# सड़कों पर आवारा मवेशियों के जमावड़े से हादसों का खतरा : विहिप-बजरंग दल ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

राजनांदगांव (दावा)। शहर एवं ग्रामीण अंचल की प्रमुख सड़कों व राष्ट्रीय राजमार्गों पर बेसहारा और खुले में छोड़े जा रहे मवेशियों के कारण लगातार बढ़ रही सड़क दुर्घटनाओं पर विश्व हिंदू परिषद (विहिप) एवं बजरंग दल ने गहरी चिंता व्यक्त की है। संगठन के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर सड़कों पर मवेशी छोड़ने वाले लापरवाह पशु मालिकों के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई व जुर्माना लगाने तथा मवेशियों के सुरक्षित पुनर्वास की मांग की है।

### सड़कों पर मवेशियों का डेरा, जानलेवा हादसों की आशंका

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि शहर के मुख्य चौराहों, नेशनल हाईवे और ग्रामीण मार्गों के बीचों-बीच भारी संख्या में गोवंश एवं अन्य मवेशी बैठे या घूमते रहते हैं। बारिश और रात के अंधेरे में वाहन चालकों को मवेशी नजर नहीं आते, जिससे आए दिन गंभीर सड़क दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। इन हादसों में जहां बेजुबान पशु गंभीर रूप से घायल होकर अकाल मौत का शिकार हो रहे हैं, वहीं वाहन चालकों व आम नागरिकों की जान भी जोखिम में पड़ रही है।

विश्व हिन्दू परिषद — धर्मो रक्षति रक्षितः | बजरंग दल — सेवा सुरक्षा संस्कार

लापरवाह पशुपालकों पर जुर्माना, सुरक्षित गौशाला व्यवस्था व घायल गौवंश के त्वरित इलाज की मांग, विशेष अभियान चलाने का आग्रह

### गौशालाओं में पुनर्वास और त्वरित उपचार की दरकार

विहिप और बजरंग दल ने जिला प्रशासन से मांग की है कि मुख्य मार्गों से मवेशियों को पकड़कर सुरक्षित गौशालाओं और कांजी हाउस में भेजा जाए तथा गौशालाओं में चारे-पानी की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सड़क दुर्घटनाओं में घायल होने वाले गोवंश के लिए त्वरित पशु चिकित्सा और एम्बुलेंस सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

अत्यधिक दुर्घटना संभावित क्षेत्रों (ब्लैक स्पॉट्स) को चिन्हित कर वहां विशेष पशु नियंत्रण और सुरक्षात्मक उपाय किए जाएं। पशु मालिकों को अपने मवेशी बांधकर रखने हेतु जागरूक किया जाए तथा बार-बार लापरवाही बरतने वालों पर भारी जुर्माना व कानूनी कार्रवाई की जाए। संगठन ने गोवंश की सुरक्षा और नागरिकों की जानमाल की रक्षा हेतु जिलेभर में तत्काल एक विशेष अभियान संचालित करने का आग्रह किया है। ज्ञापन सौंपते समय विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं गौ रक्षा विभाग के प्रमुख पदाधिकारी व बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# साहित्यकारों ने प्रख्यात साहित्यकार डॉ. जीवन यदु 'राही' का किया सम्मान, सरस काव्य गोष्ठी संपन्न

खैरागढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध साहित्यकार, कवि एवं लेखक डॉ. जीवन यदु 'राही' के साहित्य साधना के सम्मान में खैरागढ़ के सोनेसरार स्थित साहू भवन में सम्मान समारोह एवं सरस काव्य पाठ का भव्य आयोजन किया गया। यह गरिमामय कार्यक्रम राष्ट्रीय कवि संगम, समरस साहित्य संस्थान एवं छत्तीसगढ़ राजभाषा आयोग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे की वंदना और दीप प्रज्वलन के साथ हुआ, जिसमें दीप वंदना डॉ. पद्मा साहू एवं बोधन चंदेल ने प्रस्तुत की। इसके उपरांत केसीजी जिले के साहित्यकारों के प्रतिनिधिमंडल ने डॉ. जीवन यदु 'राही' के निज निवास पहुंचकर उनका कुशलक्षेम जाना और उन्हें शॉल, श्रीफल व अभिनंदन पत्र भेंट कर भावभीना सम्मान अर्पित किया। वक्ताओं ने रेखांकित किया कि डॉ. राही ने छत्तीसगढ़ी एवं हिंदी साहित्य को समृद्ध किया है और उनकी कालजयी रचनाएं आज विभिन्न शैक्षणिक पाठ्यक्रमों का हिस्सा हैं।




राष्ट्रीय कवि संगम, समरस साहित्य संस्थान व राजभाषा आयोग के संयुक्त तत्वावधान में सोनेसरार में हुआ गरिमामय आयोजन

### व्यक्तित्व और कृतित्व पर वक्ताओं ने डाला प्रकाश

समारोह के दौरान विनय शरण सिंह, आत्माराम कोसा एवं डॉ. मांगीलाल ने डॉ. जीवन यदु 'राही' के कृतित्व, व्यक्तित्व और साहित्यिक योगदान पर विस्तार से प्रकाश डाला। कार्यक्रम का संयोजन राष्ट्रीय कवि संगम की अध्यक्ष व समरस साहित्य संस्थान की महिला अध्यक्ष डॉ. पद्मा साहू 'पर्वणी', समरस साहित्य संस्थान के अध्यक्ष राजकुमार मसखरे, राजभाषा आयोग के जिला समन्वयक व राष्ट्रीय कवि संगम के उपाध्यक्ष डॉ. सियाराम साहू, सचिव दूजराम साहू, महदीप जंघेल तथा मीडिया प्रभारी रूपेश देवांगन के विशेष सहयोग से हुआ।

### विभिन्न जिलों के रचनाकारों ने किया काव्य पाठ

समारोह में खैरागढ़ सहित राजनांदगांव, बालोद, दुर्ग, बेमेतरा और कवर्धा जिले से आए साहित्यकारों व कवियों ने अपनी उत्कृष्ट रचनाओं का पाठ कर समां बांध दिया। इस अवसर पर भावेश देशमुख, अखिलेश शर्मा 'अकाट्य', तिलक वर्मा, धर्मेन्द्र वर्मा, गुनीराम 'बादल', धर्मेन्द्र जंघेल, बोधन चंदेल, रवि यादव, डोरेलाल साहू, अशोक 'आकाश', ओम प्रकाश साहू 'अंकुर', लखन साहू 'लहर', रामकुमार साहू सहित बड़ी संख्या में साहित्य प्रेमी उपस्थित रहे।

# गोटाटोला में विद्युत क्षमता का बड़ा विस्तार : 23 गांवों के 3,069 उपभोक्ताओं को मिलेगा लाभ

मोहला (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन की 'मुख्यमंत्री विद्युत अधोसंरचना विकास योजना' के तहत मोहला-मानपुर-अम्बागढ़ चौकी जिले के गोटाटोला क्षेत्र की विद्युत व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए महत्वपूर्ण कार्य पूर्ण किया गया है। ग्राम गोटाटोला स्थित 33/11 केवी उपकेंद्र में 3.15 एमवीए क्षमता के पुराने पावर ट्रांसफार्मर के स्थान पर 5 एमवीए क्षमता का नया पावर ट्रांसफार्मर स्थापित कर ऊर्जीकृत किया गया। इसका शुभारंभ राजनांदगांव क्षेत्र के मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने किया।



मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने किया ऊर्जीकृत

इस क्षमता उन्नयन के साथ ही उपकेंद्र की कुल स्थापित क्षमता 6.30 एमवीए से बढ़कर अब 8.15 एमवीए हो गई है। इससे गोटाटोला क्षेत्र के 23 गांवों–रंगकठेरा, विजयपुर, गुहाटोला, गोटाटोला, माड़गिपिड़गि भूरसा, पऊरखेड़ा, कंटेगाटोला, माड़गिपिड़गि धेनु, पौरझोला, ठेलकाडंड, डुंडेरा, तेन्टुटोला, हलामीटोला, कुडुमकसा, तेलीटोला, गिघाली, दुत्तीटोला, मंचान्दुर, पलान्दुर, ककैईपार, बागदो, केसला, परसुटोला एवं मटेवा के लगभग 3,069 कृषि एवं घरेलू उपभोक्ताओं को उच्च गुणवत्ता वाली निर्बाध बिजली मिलेगी। मुख्य अभियंता हर्ष कुमार मेश्राम ने बताया कि पावर कंपनीज के अध्यक्ष सुबोध कुमार सिंह एवं प्रबंध संचालक (वितरण) भीमसिंह कंवर के मार्गदर्शन में यह कार्य संपन्न हुआ है। ट्रांसफार्मर की क्षमता बढ़ने से उपकेंद्र की भार वहन क्षमता मजबूत हुई है। जिससे पीक लोड के समय ओवरलोडिंग, लो-वोल्टेज और बार-बार होने वाली ट्रिपिंग की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी। धान और रबी सीजन में किसानों को सिंचाई पंप चलाने के लिए भरपूर वोल्टेज मिलेगा।

# जिला जनसंपर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर के स्थानांतरण पर जिला जनसंपर्क कार्यालय के कर्मचारियों ने दी विदाई

अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके उत्कृष्ट कार्यशैली तथा सौम्य, मधुर एवं आत्मीय व्यवहार की सराहना की

बालोद (दावा)। जिला जनसम्पर्क कार्यालय बालोद में पदस्थ जिला जनसम्पर्क अधिकारी चंद्रेश ठाकुर के जिला कबीरधाम में स्थानांतरण होने पर कार्यालय के कर्मचारियों द्वारा उन्हें विदाई दी गई। इस अवसर पर जनसंपर्क विभाग के कर्मचारियों ने श्री ठाकुर के उत्कृष्ट कार्यशैली तथा सौम्य, सरल, मधुर एवं आत्मीय व्यवहार की भूरी-भूरी सराहना की। अधिकारी-कर्मचारियों ने कहा कि श्री ठाकुर एक कुशल एवं संवेदनशील अधिकारी के साथ-साथ बेहतरीन प्रबंधक भी है।

वे प्रत्येक परिस्थितियों में हम सभी का मार्गदर्शन एवं सहयोग के साथ-साथ परिवार की मुखिया की भाँति शासकीय दायित्वों के अलावा हमारे निजी एवं पारिवारिक दायित्वों के निर्वहन में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित करते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी श्री ठाकुर की आवश्यकता पड़ती थी हम सदैव उन्हें हमारे अभिभावक की भाँति अपने बीच खड़ा पाते हैं। जिला जनसंपर्क कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारियों ने उनके नवीन जिम्मेदारियों के लिए अपनी शुभकामनाएं देते हुए उनके सफल, सुखद, दीर्घायु, मंगलमय जीवन की कामना की। इस अवसर पर कार्यालय के सभी कर्मचारियों ने श्री ठाकुर के सेवाभावी एवं मानवीय संवेदना और मानवता से ओत-प्रोत व्यक्तित्व की मुक्तकंठ से सराहना की।



विदाई समारोह को संबोधित करते हुए जनसंपर्क अधिकारी श्री चंद्रेश ठाकुर ने कहा कि मेरे लिए सौभाग्य का विषय है कि मुझे जिला जनसंपर्क कार्यालय में कार्य करने का अवसर प्राप्त हुआ। इस अवसर पर उन्होंने जनसंपर्क विभाग एवं विभाग के कार्यों एवं दायित्वों के संबंध में भी सारगर्भित प्रकाश डाला। उन्होंने अपने कार्यालय एवं जनसंपर्क विभाग को अपना परिवार बताते हुए कार्यालय एवं विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को अपना पारिवारिक सदस्य बताया। उन्होंने जनसंपर्क विभाग के कार्य को अत्यंत महत्वपूर्ण जिम्मेदारीपूर्ण बताया और सभी अधिकारी-कर्मचारियों को पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करने को कहा। उन्होंने कहा कि हम सभी को अपना कार्य एवं पेशा को सबसे पूजनीय मानते हुए इसे सर्वोच्च प्राथमिकता देना चाहिए। श्री ठाकुर ने कहा कि इसके फलस्वरूप हमारा परिवार चलता है। उन्होंने जनसंपर्क विभाग को अत्यंत महत्वपूर्ण एवं व्यस्ततम होने के साथ-साथ इस विभाग में काम करने वाले लोगों के लिए व्यापक संभावना वाले विभाग एवं कार्य बताया। उन्होंने विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों को लगन, मेहनत एवं साधना के साथ अपने कौशल को निखारते हुए जनसंपर्क विभाग के कार्य एवं दायित्व को उत्कृष्टता प्रदान करने में सहभागी बनने को कहा।

इस अवसर पर श्री ठाकुर ने जनसंपर्क विभाग के सभी अधिकारी-कर्मचारियों की सफल, सुखद एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए सभी के प्रति विनम्र आभार व्यक्त किया। समारोह को सोशल मीडिया समन्वयक तनवीर खान, सहायक ग्रेड 03 मनीष यादव सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने भी संबोधित करते हुए श्री ठाकुर के कार्य एवं दायित्वों की भूरी-भूरी सराहना की। कार्यक्रम का संचालन घनश्याम चन्द्राकर ने किया। इस मौके पर राजेन्द्र कुमार कुंजाम, कृष्णशरण साहू, हुलेश रजक, खिलेश साहू सहित कार्यालय के अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



# कोमल जंघेल ने एमबीबीएस मे चयनित छात्रों को बधाई दिया

खैरागढ़ (दावा)। खैरागढ़ छुईखदान गंडई जिले के विकासखंड छुईखदान के ग्राम भोरमपुर निवासी डॉ कमलेश जंघेल के सुपुत्र नीरज कुमार जंघेल एवं सीताडबरी निवासी संतोष जंघेल के सुपुत्री कु. जागृति जंघेल का चयन एमबीबीएस में हुआ।

यह क्षेत्र के लिए गौरव का विषय हैं पूर्व विधायक कोमल जंघेल नें इन दोनों परिवार से भेंट कर छात्रों को मुह मिठा करा कर बधाई एवं शुभकानाए दि।। उनके माता पिता से मिल कर खुशी जाहिर कि दोनों परिवार मे बेहद खुशी का माहौल हैं कोमल जंघेल नें उनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना कि है।

# भाई-बहन के अटूट प्रेम और स्नेह का प्रतीक रक्षाबंधन पर्व धूमधाम से मनाया गया

## बहनों ने भाईयों की कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर खुशहाली और दीर्घायु की कामना की

**राजनांदगांव (दावा)।** भाई-बहन के असीम स्नेह, विश्वास और अटूट रिश्ते का पावन पर्व रक्षाबंधन आज पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने अपने भाइयों की कलाई पर रक्षासूत्र (राखी) बांधकर उनके खुशहाल जीवन, उत्तम स्वास्थ्य और लंबी उम्र की कामना की। वहीं, भाइयों ने भी अपनी बहनों की रक्षा का संकल्प लेते हुए उन्हें स्नेहपूर्वक उपहार भेंट किए।





### सुबह से ही घरों में रहा उत्सव का माहौल

पर्व को लेकर सुबह से ही घरों में खासा उत्साह देखने को मिला। स्नान-ध्यान के बाद बहनों ने पूजा की थाल सजाई, जिसमें दीपक, रोली, अक्षत, मिठाई और आकर्षक राखियां शामिल थीं। बहनों ने शुभ मुहूर्त में भाइयों के माथे पर तिलक लगाकर उनकी आरती उतारी और कलाई पर रक्षासूत्र बांधकर मुंह मीठा कराया। रक्षाबंधन को लेकर बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक में विशेष उत्साह देखा गया।

### मिष्ठान व उपहार की दुकानों पर रही रौनक

त्योहार के मद्देनजर बाजार में भी खासी चहल-पहल रही। मिष्ठान भंडारों पर सुबह से ही मिठाइयों की खरीदारी के लिए भीड़ लगी रही। इसके अलावा उपहारों, कपड़ों और फल-फूल की दुकानों पर भी लोगों ने जमकर खरीदारी की। दूर-दराज रहने वाली बहनों के घर आने और भाइयों के अपनी बहनों के यहां पहुंचने का सिलसिला दिनभर चलता रहा, जिससे बस स्टैंड और रेलवे स्टेशन पर भी खासी भीड़ नजर आई।

### सोशल मीडिया पर भी दी गई बधाईयां

जो भाई-बहन दूर होने के कारण एक-दूसरे से व्यक्तिगत रूप से नहीं मिल सके, उन्होंने वीडियो कॉल और डिजिटल माध्यमों से पर्व की औपचारिकताएं पूरी कीं और सोशल मीडिया के जरिए एक-दूसरे को रक्षाबंधन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

# नेशनल हाईवे पर पेंड्री के पास ट्रेलर में घुसी तेज रफ्तार बाइक, एक की दर्दनाक मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**ट्रांसपोर्ट नगर चौक से पेंड्री मोड़ के समीप रक्षाबंधन के दिन हुआ हादसा, नागपुर की ओर से आ रही थी भारी गाड़ी**



राजनांदगांव (दावा)। शहर के नेशनल हाईवे पर ट्रांसपोर्ट नगर चौक से पेंड्री मोड़ के समीप रक्षाबंधन के दिन एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर सामने चल रहे ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा घुसी, जिससे बाइक चालक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि वाहन में सवार अन्य दो लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गए।

### ट्रेलर के पिछले हिस्से में जा घुसी बाइक

लालबाग थाना प्रभारी रमेश पटेल ने घटना की जानकारी देते हुए बताया कि अंबागढ़ चौकी क्षेत्र अंतर्गत बांधा बाजार के रहने वाले तीन लोग 28 अगस्त को रक्षाबंधन के अवसर पर बाइक पर सवार होकर राजनांदगांव आए हुए थे। दोपहर के वक्त जब वे ट्रांसपोर्ट नगर चौक पार करने के बाद पेंड्री की ओर जाने के लिए मुड़ रहे थे, तभी नागपुर की ओर से आ रही ट्रेलर (क्रमांक सीजी-04/जेई 0824) के पिछले हिस्से में उनकी बाइक जा घुसी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए।

### चालक की मौके पर मौत, दो घायल

इस भीषण सड़क हादसे में बाइक चला रहे 60 वर्षीय पंचराम निषाद की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। वहीं, बाइक पर सवार अन्य दो लोग बुरी तरह घायल हो गए, जिन्हें तत्काल उपचार के लिए अस्पताल भेजा गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची। लालबाग थाने के अश्विनी यदु ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है और आगे की वैधानिक कार्रवाई व विवेचना जारी है।

# श्रीश्याम के दीवाने की आज भजन संध्या

**श्री दासीश्याम प्रभु की जयंती का शुभारंभ**




**राजनांदगांव (दावा)।** संस्कारधानी शहर के प्रख्यात श्रीश्यामकूटी परिवार तथा श्रीदासीश्याम मंडल द्वारा आयोजित होने वाली श्रीदासीश्याम प्रभु की जयंती का शुभारंभ 'श्रीश्याम के दीवाने' की भजन संध्या कल रविवार 30 अगस्त से रात्रि 9 बजे से प्रभु इच्छा तक होगा। श्रीश्याम के दीवाने के नाम से प्रसिद्ध राजेश शर्मा व गणेश शर्मा के पुत्र श्याम शर्मा तथा निखिल शर्मा व राधिका शर्मा द्वारा भजन प्रस्तुत किया जाएगा। शहर के श्रीश्याम भक्त राजेश व गणेश शर्मा, श्री खाटू वाले के परम भक्त श्रद्धेय श्री नंदू शर्मा जी महाराज के चहेते शिष्यों में से माने जाते हैं। श्याम व निखिल शर्मा के भजनों की धूम शहर, जिले, व प्रदेश के अलावा देश के अन्य शहरों में व गांवों में भी है, वे अपने भजनों की प्रस्तुति देकर उपस्थित समस्त भक्तजनों को भावविभोर कर आनंदित कर देते हैं। जयंती महोत्सव में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने के लिए सात संतजन भी पधार चुके हैं और वे संतजन शक्तिधाम के संत शाला में रुके हुए हैं। जयंती महोत्सव के लिए संतों के आगमन के साथ-साथ देश के अन्य स्थानों से श्रद्धालु भक्तों के आने का सिलसिला भी शुरू हो चुका है जो लगातार जारी है। मयंक शर्मा ने बताया कि जयंती महोत्सव के लिए श्रीश्यामकूटी एवं श्रीशक्तिधाम स्टेशनपारा को लाइटों एवं फूलों से बड़ा सुंदर व मनोहारी सजाया गया है। पश्चिम बंगाल के कोलकाता से श्रीमती रजनी शर्मा का भी आगमन हो चुका है। श्रीश्यामकूटी परिवार एवं श्रीदासीश्याम मंडल के शिष्यजन अपनी-अपनी सेवा में जुट चुके हैं, यह जयंती का 27वां वर्ष है। श्रीश्यामकूटी परिवार के शिष्यों ने अपनी प्यारी श्री सद्गुरु मां का 25वां वर्ष सिल्वर जुबली दो वर्ष पूर्व बड़े धूमधाम से मनाया था। भादों बदी की चौथ को श्रीदासी एवं श्रीश्याम के मिलन होने पर उसे जयंती के रूप में मनाते आ रहे हैं। वैसे तो मौसम बादल व पानी का है, किन्तु जयंती मनाने वाले भक्तजनों के उत्साह में कोई कमी नजर नहीं आ रही है, वे तो अपनी प्यारी श्रीसद्गुरु मां की जयंती चाहे पानी हो या तूफान हो मनाएंगे ही। ऐसी दृढ़ता, श्रद्धा व समर्पण को नमन है।

# मवेशी से टकराकर बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत, शहर में काल बन रहे आवारा पशु

**साकेतधाम मंदिर के पास हुआ हादसा, पिता को लेने जा रहे युवक ने तोड़ा दम, सड़कों पर मवेशियों का जमावड़ा बना जानलेवा, ठोस कदम उठाने की मांग**



**डोंगरगांव (दावा)।** क्षेत्र में मुख्य सड़कों पर बेखौफ घूम रहे आवारा मवेशी अब वाहन चालकों के लिए काल साबित हो रहे हैं। बीती रात साकेतधाम मंदिर के पास मवेशी से बाइक टकराने से एक युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम राजाखुज्जी निवासी मोहनानंद यादव (36 वर्ष), पिता परमानंद यादव, गुरुवार की रात अपनी बाइक (क्रमांक सीजी-08/ई 0577) से राजनांदगांव से लौट रहे अपने पिता को लेने डोंगरगांव आ रहे थे। इसी दौरान साकेतधाम के पास अचानक एक मवेशी (गाय) सामने आ गया, जिससे बाइक की सीधी और जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि मोहनानंद गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े। हादसे के बाद राहगीरों व स्थानीय लोगों की मदद से घायल युवक को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र डोंगरगांव पहुंचाया गया, जहां परीक्षण के बाद डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। त्योहार के ऐन मौके पर घटी इस हृदयविदारक घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया है और क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। ग्रामीण इलाकों में फसलों को बचाने के लिए मवेशियों को शहरों की ओर खदेड़ा जा रहा है, जिसके चलते ये पशु मुख्य मार्गों पर डेरा जमाए रहते हैं। रात के अंधेरे में अचानक सामने आने वाले मवेशियों के कारण लगातार छोटी-बड़ी दुर्घटनाएं हो रही हैं। इसी स्थल पर कुछ समय पूर्व भी दो बाइक सवार दुर्घटनाग्रस्त होने से बाल-बाल बचे थे। स्थानीय नागरिकों ने शासन-प्रशासन से मांग की है कि आए दिन हो रहे हादसों और गोवंश की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए आवारा पशुओं के प्रबंधन के लिए तत्काल ठोस और सख्त कदम उठाए जाएं।

## प्रधानमंत्री आवास योजना के आवास मित्रों ने मानदेय भुगतान को लेकर जिला प्रशासन ज्ञापन सौंपा

**शासन ने आवास मित्रों की सेवा स्थगित की, 57 लाख के भुगतान को लेकर संघर्ष कर रहे हैं आवास मित्र**

डोंगरगढ़ (दावा)। छत्तीसगढ़ शासन पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग महानदी भवन नया रायपुर के पत्र क्रमांक 1535 PMYG/274-11/2019 दिनांक 31/08/2019 को जारी पत्र में आवास मित्रो की सेवा स्थगित कर दी गयी। तदुपरांत योजना अंतर्गत आवास मित्रो के मानदेय भुगतान शेष है। जिला पंचायत के पत्र क्रमांक 7805/11-2020 के अनुसार प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण अंतर्गत ग्राम पंचायत स्तर पर आवास मित्रो द्वारा पूर्ण कराये गए आवास, आवासों के लिए मिलने वाली प्रोत्साहन भुगतान राशी 5714415/- संतावन लाख चौदह हजार चार सौ पंद्रह रूपये भुगतान हेतु शेष था जिला खैरागढ़ छुईखदान गंडई आवास मित्रो कि मानदेय 2238758 रूपये भुगतान हो चूका है, जिला पंचायत राजनांदगाँव के जनपद पंचायत डोंगरगढ़ छुरिया डोंगरगांव राजनांदगाँव सभी आज 5-6 सालों से हम आवास मित्र अपनी मानदेय के लिए भटक रहे है। इसलिए आवास मित्र कल्याण संघ द्वारा प्रशासन से निवेदन किया गया है कि शेष भुगतान की राशि का आबंटन शीघ्रताशीघ्र करें।

## राष्ट्रीय खेल दिवस- मेजर ध्यानचंद जी की प्रतिमा पर महापौर ने किया माल्यार्पण



राजनांदगांव (दावा)। महान हॉकी खिलाडी मेजर ध्यानचंद जी की जयंती के अवसर पर गौरव पथ के पास स्थापित उनकी प्रतिमा स्थल में आयोजित कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हे श्रद्धापूर्वक नमन किये। इस अवसर पर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम, महापौर परिषद के प्रभारी सदस्य सावन वर्मा व शैकी बग्गा, पूर्व नेता प्रतिपक्ष किशुन यदु, पार्षद रवि सिन्हा व मनोहर यादव सहित खेल जगत से जुड़े खिलाड़ी एवं वरिष्ठजन की विशेष उपस्थिति रही। मेजर ध्यानचंद जी की जयंती अवसर पर आयोजित खेल रैली में महापौर श्री यादव शामिल हुए।कार्यक्रम में महापौर मधुसूदन यादव ने मेजर ध्यानचंद की जयंती की शुभकामनाएं देते हुये कहा कि मेजर ध्यानचंद जी खेल में विलक्षण प्रतिभा के धनी थे, इसलिए उन्हे हॉकी का जादूगर कहा जाता था। उनका जन्म 29 अगस्त 1905 में हुआ था और उनकी जयंती को भारत में राष्ट्रीय खेल दिवस के रूप में मनाया जाता है। खेल जगत में उनके अद्बितीय योगदान, समर्पण और देश के गौरव को बढाने वाली उपलब्धिया सदैव हम सभी को प्रेरणा देती रहेगी। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी हॉकी की नर्सरी के नाम से जाना जाता है और राजनांदगांव वापस हॉकी की नर्सरी की ओर बढ़ रहा है। हमारे सीनियर खिलाडी एवं जिला हॉकी संघ लगातार मेहनत कर रहे है, कि नये खिलाडी आए इसका परिणाम भी देखने को मिल रहा है। महापौर ने कहा कि हमारे शहर के खिलाड़ी अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल का प्रदर्शन कर शहर का नाम रोशन कर रहे है, इनमे प्रमुख रूप से महक निर्वासे, रेणुका यादव, ज्ञानेश्वरी यादव है। उन्होंने कहा कि इस बार भी शहर में राष्ट्रीय टुनामेंट होगा, नया एस्टोटर्फ भी लगेगा। ध्यानचंद जी की प्रतिमा पुरानी हो गयी है, प्रतिमा स्थल का जीर्णोद्धार कर सभी नई प्रतिमा लगाकर सौदर्यीकरण किया जायेगा। उन्होंने कहा कि नई पीढी के खिलाडी जिम्मेदारी पूर्वक हॉकी खेल अपना जोहर दिखाए, तभी मेजर ध्यानचंद जी को सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

# रक्षाबंधन पर पूर्व कैबिनेट मंत्री खूबचंद पारख का जन्मदिन हर्षोल्लास से मना, दिनभर लगा रहा बधाईयों का तांता

## भाजपा, कांग्रेस, चेम्बर्स, गौशाला व विभिन्न संगठनों के प्रतिनिधियों ने पहुंचकर दी शुभकामनाएं









**राजनांदगांव (दावा)।** रक्षाबंधन के पावन पर्व के अवसर पर प्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता खूबचंद पारख का जन्मदिन अत्यंत हर्षोल्लास व उमंग के साथ मनाया गया। राजनीति में छह दशकों से सक्रिय, भाजपा के कद्दावर नेता व पूर्व प्रदेश उपाध्यक्ष एवं चुनाव प्रभारी श्री पारख के जन्मदिन पर बधाई देने के लिए सुबह से देर रात तक कार्यकर्ताओं, सामाजिक व व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधियों, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों का तांता लगा रहा। रक्षाबंधन और जन्मदिन के इस विशेष संयोग ने समर्थकों के उत्साह को दोगुना कर दिया।

### दिग्गजों ने दूरभाष पर दी बधाई

बड़ी संख्या में पहुंचे कार्यकर्ताओं और नागरिकों ने श्री पारख को पुष्पगुच्छ, शॉल व श्रीफल भेंट कर उनके स्वस्थ, सुखमय एवं दीर्घायु जीवन की कामना की।

वहीं दूरभाष के माध्यम से छत्तीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह, प्रदेश भाजपा संगठन महामंत्री पवन साय, पूर्व सांसद अभिषेक सिंह, कलेक्टर जितेंद्र यादव, पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा एवं नगर निगम आयुक्त जी.आर. मरकाम सहित अनेक विशिष्ट हस्तियों ने श्री पारख को जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित कीं। इसके अलावा सोशल मीडिया पर भी दिनभर हजारों समर्थकों ने अपने नेता को बधाई संदेश भेजे।

### वरिष्ठ नेताओं व कार्यकर्ताओं की रही मौजूदगी

जन्मदिन के अवसर पर सांसद संतोष पांडे, जिला भाजपा अध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत, पूर्व सांसद अशोक शर्मा, महापौर मधुसूदन यादव, पर्यटन मंडल अध्यक्ष नीलू शर्मा, श्रम कल्याण मंडल अध्यक्ष योगेशदत्त मिश्रा, राजगामी संपदा न्यास अध्यक्ष पूर्णिमा साहू, सौरभ कोठारी, डीकेश साहू, राजेंद्र गोलछा, विधायक व सांसद प्रतिनिधि रूपचंद भीमनानी, भागचंद गिड़िया, नवीन महेन्द्र जैन, राजा माखीजा, पूर्व पार्षद राजेन्द्र जैन, नमिताभ जैन, आशुतोष सिंह, अरविंद बैद, देवल वल्यानी, नेमिचंद जैन, मनोज निर्वाणी, रानू जैन, जिला पंचायत उपाध्यक्ष किरण साहू, जिला पंचायत सदस्य किरण बारले, जागृति यदु, मोनू भंडारी सहित डोंगरगढ़ से सुरेंद्र सिंह बन्नोआना, विनोद खांडेकर, रामजी भारती, हरविंदर मंगे, सत्यप्रकाश मिश्रा, सुमित शर्मा, रमन डोंगरे, जसमीत बन्नोआना, वीरेंद्र भंडारी, मनोज कांडे, प्रकाश बिंदल, गोलू गुप्ता के नेतृत्व में दक्षिण मंडल, सुमित भाटिया के नेतृत्व में उत्तर मंडल तथा खिलेश्वर व मनोज साहू के नेतृत्व में ग्रामीण मंडल के पदाधिकारियों ने पहुंचकर बधाई दी। इसके साथ ही कुमर्दा, खुज्जी, एलबी नगर, तुमड़ीबोड, छुरिया, डोंगरगांव, घुमका, मानपुर-मोहला, चौकी, खैरागढ़ व कवर्धा क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई।

### चेम्बर्स व गौशाला पिंजरापोल परिवार ने किया सम्मान

विगत 50 वर्षों से गौशाला पिंजरापोल की अनवरत सेवा करने तथा छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स को प्रांतीय स्तर पर सशक्त बनाने में अहम योगदान देने पर गौशाला परिवार व चेम्बर्स पदाधिकारियों ने श्री पारख का आत्मीय स्वागत किया। इस दौरान गौशाला पिंजरापोल से दामोदरदास मुंदड़ा, इंदरचंद कोठारी, देवीशरण खंडेलवाल, विनोद बोहरा, पुरुषोत्तम गांधी, श्रीचंद कोचर, सुरेश ओस्तवाल, पंकज खंडेलवाल, चेम्बर ऑफ कॉमर्स के जिलाध्यक्ष कमलेश बैद, प्रदेश उपाध्यक्ष ज्ञानू बाफना, अरुण डुलानी, शिव अग्रवाल, भीमन धनवानी, विनोद डड्ढा, तरुण लहरवानी, नगर निगम अध्यक्ष पारस वर्मा सहित अनेक पार्षदों व जनप्रतिनिधियों ने उन्हें बधाई दी। वरिष्ठ पत्रकारों में सुशील कोठारी, सूरज बुद्धदेव, अशोक पांडे, दीपांकर खोब्रागड़े, राजू सोनी के अलावा खैरागढ़ से वरिष्ठ भाजपा नेता विक्रांत सिंह, पाड़ादाह से गोरेलाल वर्मा, ठेलकाडीह से भोज बंजारे, छुईखदान से नवनीत जैन, निकेश व्यास एवं अयूब खान ने भी शुभकामनाएं दीं।

### सभी के प्रति जताया आभार

जन्मदिन पर मिले अपार स्नेह और सम्मान से अभिभूत पूर्व मंत्री खूबचंद पारख ने सभी नागरिकों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों और शुभचिंतकों का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि रक्षाबंधन के पावन अवसर पर मिला यह आत्मीय प्रेम और आशीर्वाद उनके लिए जनसेवा के पथ पर निरंतर अग्रसर रहने की ऊर्जा व प्रेरणा है।



श्री जलाराम मंगल भवन...
गुजराती कॉलोनी, कंचन बाग, राजनांदगांव
- सर्व सुविधायुक्त 16 अटैच कमरे
- 3000 फूट का विशाल बैंक्वेट हॉल,
- ओपन लॉन तथा पोर्च की सुविधा
- पार्किंग की समुचित व्यवस्था
- सभी कमरों में गर्म पानी हेतु गीजर
- भवन में लिफ्ट की सुविधा

शुभ विवाह तथा सभी मांगलिग कार्यो हेतु उपलब्ध...
बुकिंग हेतु संपर्क करें...
मो. 9300414726

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक दीपक भाई बुद्धदेव द्वारा स्वस्तिक ऑफसेट एण्ड स्क्रीन प्रिंटर्स, बल्देव बाग रोड, राजनांदगांव से मुद्रित कर प्रकाशित। सम्पादक दीपक भाई बुद्धदेव।
* समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार। * किसी भी विवाद की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र राजनांदगांव रहेगा। फोन नं. - 07744-406631, e-mail : dainikdawa_rjn@yahoo.com